संस्कृतगङ्गा

वस्तुनिष्ठ

संस्कृत-व्याकरणम्

TGT, PGT, UGC-NET/JRF, C-TET, UP-TET,
DSSSB, GIC & Degree College Lecturer
M.A, B.Ed & Ph.D Entrance Exam

आदि सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में उपयोगी पुस्तक

लेखकः

सर्वज्ञभूषणः

सचिवः

संस्कृतगङ्गा दारागञ्जः, प्रयागः

संस्कृतगङ्गा वस्तुनिष्ठ-संस्कृत-व्याकरणम् **कोड – 01**
ISBN : 978-81-932244-0-3

* **प्रकाशक**
संस्कृतगङ्गा दारागञ्ज, प्रयाग
मो.नं. – 7800138404, 9839852033

* प्रथम संस्करण – मार्च - 2013
* द्वितीय संस्करण – जून - 2013
* तृतीय संस्करण – जनवरी - 2014
* चतुर्थ संस्करण – जनवरी - 2015
* पञ्चम संशोधित संस्करण – जनवरी - 2016

* **मूल्य – ` 198/-** (एक सौ अट्ठानबे रू० मात्र)

* **मुख्यवितरक**
राजू पुस्तक केन्द्र
अल्लापुर, इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश)
मो० 9453460552

* **प्रकाशनाधिकारिणी संस्था**
संस्कृतगङ्गा शिक्षा समिति (पञ्जीकृत)
59, मोरी, दारागञ्ज, इलाहाबाद
(कोतवाली दारागञ्ज के आगे, गङ्गाकिनारे,
संकटमोचन छोटे हनुमान मन्दिर के पास)
कार्यालय - 7800138404, 9839852033
email-Sanskritganga@gmail.com
बेवसाइट - www.Sanskritganga.org

पुस्तक प्राप्ति के स्थान

1. **मुख्य वितरक**
राजू पुस्तक भण्डार, अल्लापुर, इलाहाबाद
सम्पर्क सूत्र : 0532-2503638, 9453460552
2. संस्कृतगङ्गा, दारागञ्ज, इलाहाबाद
सम्पर्क सूत्र : 7800138404, 9839852033
3. गौरव बुक एजेन्सी, कैण्ट, वाराणसी
4. विजय मैग्जीन सेन्टर, बलरामपुर
5. जायसवाल बुक सेन्टर, हरदोई – 9415414569
6. शिवशंकर बुक स्टाल, जौनपुर
7. न्यू पूर्वांचल बुक स्टाल, जौनपुर – 9235743254
8. कृष्णा बुक डिपो बस्ती – 8182854095
9. मनीष बुक स्टोर, गोरखपुर – 9415848788
10. द्विवेदी ब्रदर्स, गोरखपुर – 0551-344862
11. विद्यार्थी पुस्तक मन्दिर, गोरखपुर – 9838172713
12. आशीर्वाद बुक डिपो, अमीनाबाद, लखनऊ
13. मालवीय पुस्तक केन्द्र, अमीनाबाद, लखनऊ – 9918681824
14. मॉडर्न मैग्जीन बुक शॉप, कपूरशाला, लखनऊ
15. साहू बुक स्टॅाल, अलीगंज, लखनऊ – 9838640164
16. भूमि मार्केटिंग, लखनऊ – 9450520503
17. दुर्गा स्टोर, राजा की मण्डी, आगरा – 9927092063
18. महामाया पुस्तक केन्द्र, बिलासपुर – 09907418171
19. डायमण्ड बुक स्टाल, ज्वालापुर, हरिद्वार
20. कम्पटीशन बुक हाउस, सब्जी मण्डी रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्र : 9897529906
21. अजय गुप्ता बुक स्टोर, लखीमपुर – 809062054
22. शिवशंकर बुक स्टाल, रीवा – 9616355944
23. कृष्णा बुक एजेन्सी, वाराणसी – 9415820103
24. गर्ग बुक डिपो, जयपुर
25. अग्रवाल बुक सेन्टर, मुखर्जी नगर, नयी दिल्ली

समर्पणम्

करुणा-स्नेह-वात्सल्य की प्रतिमूर्ति

श्री अनन्तप्रसाद त्रिपाठी

गहनौआ, सिरमौर, रीवा (मध्यप्रदेश)

को

- *जिनकी गोद में बैठकर मैंने संस्कृत का ज्ञान प्राप्त किया।*
- *जिनके लिए सम्बोधन तो **'गुरूजी'** का है, पर मुझे स्वयं पता नही, वे मेरे कौन हैं?*

त्वमेव माता च पिता त्वमेव

त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वमेव

त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव

त्वमेव सर्वं मम देव देव।।

—सर्वज्ञभूषणः

शुभाशंसा

'संस्कृतगङ्गा' के रूप में **सर्वज्ञभूषण जी** ने एक सराहनीय, स्तुत्य एवं स्वागतयोग्य कार्य किया है, संस्कृतच्छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु व्याकरण को लेकर काफी परेशान होना पड़ता था, यह पुस्तक सभी प्रतियोगी छात्रों के लिए एक वरदान सिद्ध होगी।

''संस्कृतगङ्गा'' यह नाम जितना पावन एवं पवित्र है, उसी तरह यह पुस्तक भी परिशुद्ध परिमार्जित एवं परम पवित्र है। भूषण जी का कठिन परिश्रम इस पुस्तक में सर्वत्र दृष्टिगोचर होता है। इतना ही नही 'संस्कृतगङ्गा' इस नाम से दारागंज, इलाहाबाद में गङ्गाकिनारे छोटे हनुमान् जी मन्दिर के पास संस्कृतजगत् के लिए अद्भुत अनुपम एवं अद्वितीय शिक्षण कार्य जो आपकी देखरेख में किया जा रहा है, वह भारतीय संस्कृति, संस्कृत और समाज को चरमोत्कर्ष तक पहुँचायेगा - ऐसा विश्वास है। तीर्थराज प्रयाग में महाकुम्भ 2013 के पावनपर्व पर गङ्गा, यमुना, सरस्वती के सङ्गमस्थल से यह पुस्तक प्रादुर्भूत हुई है, तो निश्चित रूप से इन सभी की कृपा इस संस्कृतगङ्गा को प्राप्त होगी, और यह ग्रन्थ संस्कृत विद्वानों, संस्कृत प्रेमियों, एवं संस्कृतछात्रों के लिए ज्ञानाय विद्यादात्री, परीक्षायै मोक्षदात्री, तथा उद्योगार्थं धनदात्री सिद्ध होगी।

अन्त में **''वसुन्धरायां पुनरवतीर्णा संस्कृतगङ्गाधारा''** इस मङ्गलकामना के साथ 'संस्कृतगङ्गा' के यशस्वी होने की शुभाशंसा करता हूँ। प्रथम संस्करण के कुछ दोषों को दूर करने के बाद यह द्वितीय संस्करण और भी पवित्र और पावन हो गया है। अब इसका **'संस्कृतगङ्गा'** यह नाम पूरी तरह सार्थक हो गया है।

।। इति शम् ।।

महाशिवरात्रिः कुम्भमेला, प्रयाग
दिनाङ्क 10 मार्च 2013

विशुद्धानन्द ब्रह्मचारी
अध्यक्ष– संस्कृतगङ्गा, दारागञ्ज, प्रयाग
निवास– ब्रह्मनिवास, अलोपीबाग, इलाहाबाद

संशोधित एवं परिवर्द्धित द्वितीय संस्करण

सर्वप्रथम इस पुस्तक के लेखन, संशोधन एवं परिवर्धन में जिन महानुभावों एवं मित्रों का परामर्श, प्रेरणा एवं प्रोत्साहन मिला, उन सभी का मैं कृतज्ञ हूँ, विशेषकर प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े छात्रों एवं संस्कृत के युवविद्वानों का। मात्र एकमाह में प्रथमसंस्करण की 1100 प्रतियों का बिक जाना– यह इस पुस्तक की लोकप्रियता एवं संस्कृतच्छात्रों के संस्कृतप्रेम की सूचना देता है। संस्कृतगङ्गा, दारागञ्ज प्रयाग में पिछले दो वर्षों से संस्कृत के भाविवकर्णधारों के साथ पढ़ने-पढ़ाने का जो अवसर मिला, उससे तो मेरे जीवन की दिशा और दशा ही बदल गयी।

अन्त में सभी संस्कृतप्रेमियों से निवेदन है कि इस पुस्तक के विषय में जो भी संशोधन, परिवर्तन एवं परिवर्धन का विचार हो, हमें तत्काल सूचित करें। वह बहुत ही कृतज्ञतापूर्वक स्वीकार किया जाएगा।

इस पुस्तक एवं संस्कृतगङ्गा के व्यवस्थापन में **राकेशकुमार (प्रबन्धक, संस्कृतगङ्गा) अनीता वर्मा (संयोजिका संस्कृतगङ्गा) एवं सतीशसारस्वत (प्रचारमन्त्री, संस्कृतगङ्गा)** का अविस्मरणीय योगदान था, है और सदैव रहेगा।

दिनाङ्क – 18 जून, 2013
गङ्गादशहरा, प्रयाग

सर्वज्ञभूषणः
सचिवः
संस्कृतगङ्गा, दारागञ्ज, इलाहाबाद

संस्कृतप्रेमियों से संस्कृतगङ्गा की बात

प्रिय संस्कृतबन्धो!

नमः संस्कृताय।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित होने से एतत् अनुभूतं यत् बहुत कुछ पढ़ लेने के बाद भी परीक्षाओं में जब कोई प्रश्न बहुविकल्पीय के रूप में हमारे सामने आता है, तो कदाचित् अस्माकं मनसि संशयः उत्पद्यते। कई बार तो यही नहीं समझ में आता कि जो अहं पठन् अस्मि उससे किस तरह का सवाल पूछा जा सकता है, कई बार तो एवं अनुभूयते कि जैसे एक से ज्यादा उत्तर सही हैं, कदाचित् एवं लगति कि जैसे इन विकल्पों में कोई भी उत्तर सही नहीं है, और कभी-कभी तो ऐसा लगने लगता है जैसे सभी विकल्प सही हैं, हद तो तब हो जाती है, जब पूछा गया सवाल वयं समझ ही नही पाते, तत्र सही गलत का कोई क्या निर्णय करेगा। इन सभीप्रकार के संशयात्मक ज्ञान को दूरीकर्तुं एकः भगीरथः प्रयासः इस संस्कृतगङ्गा में किया गया है। और अहं विश्वसिमि कि जैसे गङ्गा सभी को मोक्ष प्रदान करती है, भवसागर से पार करती है, निष्पाप करती हैं, तथैव संस्कृतगङ्गा हमें परीक्षा रूपी भवसागर से पारं कृत्वा, मोक्ष प्रदान करेगी, और अस्माकं अज्ञानरूपी पापं प्रक्षाल्य हमें निष्पाप करेगी।

यथा गङ्गा को इस धराधाम में लाने के लिए भगीरथ के कई पूर्वजों ने तपस्या की थी, तथैव संस्कृतगङ्गा में भी कई भगीरथों ने अथक और अनवरत साधना की है, जिसका प्रतिफल इस महाकुम्भ के महापर्व पर गङ्गा, यमुना, के साथ साथ संस्कृतसरस्वती का सङ्गम इस ''संस्कृतगङ्गा'' के रूप में हो सका है। विशेष रूप से गङ्गा को अपनी जटाओं में धारण करके भगवान शंकर ने भगीरथ के ऊपर महती कृपा और करुणा प्रदर्शित की थी, तथैव इस संस्कृतगङ्गा को भी संस्कृतजगत् में लाने का भार **करुणाशंकर जी** ने अपने शिर पर धारण किया।

साथ ही इस संस्कृतगङ्गा को शुद्ध, परिमार्जित एवं पवित्र बनानें में जिन संस्कृतसाधकों का सत्प्रयास रहा, उनमें से सर्वश्री **पं. अजयकृष्णशास्त्री, (भागवत कथाव्यास) डॉ. शिवानन्द शुक्ल, मूलचन्द्रशुक्ल, राघवेन्द्र शुक्ल, गोविन्द द्विवेदी, राकेशपाल, रमाकान्त, परमानन्द, राजीव भैया, शैलेन्द्रपाल, श्रवण जी, रेखा, सुरेखा, नेगमदेवी, साधना जी** तथा मेरे प्रिय **पञ्चपाण्डव वीरेन्द्र, राकेशकुमार, रामप्रसाद, महेन्द्रकुमार, श्यामजी** आदि मुख्य हैं। फिर भी कुत्रचित् मुद्रणदोष होने की संभावना होगी, तदर्थं सहृदयविद्वानों से क्षमायाचना पूर्वक दोषों को सूचित करने का निवेदन करता हूँ।

इस लेखनकार्य में हमारे मित्र **ब्रह्मानन्द मिश्र** तथा **आशीषकुमार द्विवेदी** (गङ्गानाथ झा परिसर, इला.), **स्वयंप्रकाश, अनुज मिश्र, अमित, सुधीर तिवारी** का भी योगदान अविस्मरणीय रहा जो लगातार मुझे इस कार्य के लिए प्रेरित करते रहे।

संगणक प्रतिकृति को यथासमय अतिशीघ्र सम्पादित करने हेतु **जंगबहादुर** (अल्लापुर, इला.) **वीरेन्द्र चतुर्वेदी (पं. माठा)**, तथा पृष्ठ विन्यास हेतु **चन्द्र दीप** जी का योगदान अविस्मरणीय रहेगा।

मुद्रण कार्य हेतु त्रिवेणी ऑफसेट, अल्लापुर तथा प्रकाशन हेतु युनिवर्सल बुक्स, अल्लापुर के स्वामी **राजू जी** का हृदय से आभारी हूँ।

अन्त में अनन्तवात्सल्यवारिधि गुरूजी के **ललित** श्रीचरणों में प्रणाम निवेदित करते हुए आशीर्वादं कामयमानः-

दिनाङ्क – 10 मार्च 2013
महाशिवरात्रि, महाकुम्भमेला, प्रयाग

सर्वज्ञभूषणः
ग्राम - शिवपुर (डोडिया), पो. बरगढ़,
जिला - चित्रकूट (उ.प्र.) मो. 9839852033
E-mail : **sanskritganga@gmail.com**
Visit us : **www.sanskritseva.com**

विषयानुक्रमणी

संस्कृत व्याकरण के कुछ महत्त्वपूर्ण तथ्य

- पाणिनिना प्रोक्तं **पाणिनीयं** व्याकरणशास्त्रम् ।
- (वैयाकरणानां) सिद्धान्तानां कौमुदी सिद्धान्तकौमुदी ,लघ्वी च असौ सिद्धान्तकौमुदी लघुसिद्धान्तकौमुदी। **(षष्ठीतत्पुरुषगर्भकर्मधारय)**
- लघुसिद्धान्तकौमुदी में **''नत्वा सरस्वतीं देवीं शुद्धां गुण्यां करोम्यहम्''** इस वाक्य में नमस्कारात्मकमङ्गलाचरण एवं **''पाणिनीयप्रवेशाय लघुसिद्धान्तकौमुदीम्''** में वस्तुनिर्देशात्मक मङ्गलाचरण हुआ है।
- सृष्टिकाल से आज तक उपलब्ध व्याकरणों में **पाणिनीयव्याकरण** ही सर्वोत्कृष्ट है।
- वेदों की रक्षा के लिए व्याकरणशास्त्र का अध्ययन करना चाहिए -**'रक्षार्थं वेदानामध्येयं व्याकरणम्'**
- 'व्याकरण' के लिए शब्दानुशासन शब्द का भी प्रयोग होता है -**''अथ शब्दानुशासनम्''**
- पाणिनीय व्याकरण के अन्तर्गत आचार्य पाणिनि प्रोक्त **पञ्चपाठी** (सूत्रपाठ,धातुपाठ,गणपाठ,उणादिपाठ, तथा लिङ्गानुशासन) कात्यायन रचित **वार्तिक** तथा महर्षि पतञ्जलि का **महाभाष्य** सम्मिलित है ।

व्याकरणम् - वि+आङ्+कृ+ल्युट्

- **व्याक्रियन्ते व्युत्पाद्यन्ते शब्दाः अनेन इति व्याकरणम्**
- **अनुशिष्यन्ते संस्क्रियन्ते वा शब्दाः अनेन इति शब्दानुशासनम्**
- महर्षि पतञ्जलि ने भी 'व्याकरण' की परिभाषा की है- **''लक्ष्यलक्षणे व्याकरणम्''**
  अर्थात् लक्ष्य के लक्षण का कथन करने वाले शास्त्र को **'व्याकरण'** कहा जाता है।
- **''मुखं व्याकरणं स्मृतम्''** अर्थात् व्याकरण, वेदरूपी शरीर का मुख है।
- महाभाष्यकार पतञ्जलि व्याकरणाध्ययन की अनिवार्यता स्पष्ट करते हुए कहते हैं-**''ब्राह्मणेन निष्कारणो धर्मः षडङ्गो वेदोऽध्येयो ज्ञेयश्च''** ।
- **षट्वेदाङ्ग** हैं- 1.शिक्षा 2.कल्प 3.निरुक्त 4.ज्योतिष 5.छन्द 6.व्याकरणम् ।
- **''प्रधानं च षट्स्वङ्गेषु व्याकरणम्''** वेद के षडङ्गो (वेदाङ्ग) में व्याकरण की प्रधानता है।
- व्याकरणाध्ययन की अनिवार्यता के सन्दर्भ में एक और सूक्ति प्रसिद्ध है-
  यद्यपि बहु नाधीषे , तथापि पठ पुत्र व्याकरणम् ।
  स्वजनः श्वजनो माभूत् , सकलं शकलं सकृच्छकृत् ॥
  अर्थात् बहुत ज्यादा नही पढ़ सकते तो कम से कम व्याकरण तो पढ़ो ही। अन्यथा कहीं **स्वजनः (अपने जन)** की जगह **श्वजनः (कुत्ता जन)** न बन जाय। इसी तरह **सकलम् (सम्पूर्ण)** की जगह **शकलम् (टुकड़ा)** न हो जाय। और **सकृत् (एकबार)** के स्थान पर **शकृत् (विष्टा)** न हो जाय।
- महाभाष्य के अनुसार शब्दशास्त्र (व्याकरणशास्त्र) के **आदिप्रवक्ता 'ब्रह्मा'** हैं-
  ''ब्रह्मा बृहस्पतये प्रोवाच, बृहस्पतिरिन्द्राय, इन्द्रो भरद्वाजाय,भरद्वाज ऋषिभ्यः, ऋषयो ब्राह्मणेभ्यः।''
  (महाभाष्य)
- संस्कृत इतिहासविद् प्रायः **नौ व्याकरण परम्पराओं** की चर्चा करते हैं-
  ऐन्द्रं चान्द्रं काशकृत्स्नं कौमारं शाकटायनम्।
  सारस्वतं चापिशलं शाकलं पाणिनीयकम् ॥

1. ऐन्द्रव्याकरण
2. चान्द्रव्याकरण
3. काशकृत्स्नव्याकरण
4. कौमारव्याकरण
5. शाकटायनव्याकरण
6. सारस्वतव्याकरण
7. आपिशलव्याकरण
8. शाकलव्याकरण
9. पाणिनीयव्याकरण

अष्टाध्यायी

- पाणिनीयव्याकरण का प्रतिनिधिग्रन्थ **''अष्टाध्यायी''** के रचयिता **महर्षि पाणिनि** हैं।
- अष्टाध्यायी में कुल **आठ अध्याय** है। प्रत्येक अध्याय में **चार-चार पाद** हैं। इस प्रकार सम्पूर्ण अष्टाध्यायी में **8×4=32 पाद** हैं।
- सम्पूर्ण पाणिनीयशब्दानुशासन को आठ अध्यायों में विभक्त होने से **'अष्टाध्यायी'** या **'अष्टक'** भी कहते हैं।
- अष्टाध्यायी **सूत्रशैली** में लिखा गया ग्रन्थ है।
- अष्टाध्यायी का प्रथम सूत्र **''वृद्धिरादैच्''** तथा अन्तिम सूत्र **''अ अ''** है।

- स्वरसिद्धान्तचन्द्रिका के अनुसार पाणिनि ने **3995** सूत्रों की, निर्णयसागर संस्करण के अनुसार **3985**,तथा तारानाथ वाचस्पति के अनुसार **3965** सूत्रों की रचना की है। इस प्रकार अष्टाध्यायी में लगभग **चार हजार** सूत्र हैं। यहाँ सूत्रों की संख्या में मतभेद है, क्योंकि कहीं कहीं योग विभाग करके एक ही सूत्र को दो सूत्र भी माना गया है।
- पाणिनीयधातुपाठ में लगभग **2000 (दो हजार)** धातुयें परिगणित हैं।
- पाणिनि के सूत्रों में जो न्यूनतायें दृष्टिगोचर हुई, उनकी पूर्ति हेतु **कात्यायन (वररुचि)** ने लगभग **5000 (पाँच हजार)** वार्तिकों की रचना की ।
- सूत्र और वार्तिकों की व्याख्या के रूप में **महर्षि पतञ्जलि** ने **84 आह्निकों** में **'व्याकरणमहाभाष्यम्'** लिखा।
- 'महाभाष्य' के प्रथम आह्निक का नाम **'पस्पशाह्निक'** तथा उसका प्रथमवाक्य **'अथ शब्दानुशासनम्'** है।
- पाणिनि , कात्यायन और पतञ्जलि व्याकरण के **'मुनित्रय'** कहे जाते है। उक्तं च - **''मुनित्रयं नमस्कृत्य.........''**
- प्रक्रियाग्रन्थों में **भट्टोजिदीक्षित** की रचना **'वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी'** अतिप्रसिद्ध है ,जिसमें पाणिनि के समस्त **4000 सूत्रों** का समावेश है ।
- भट्टोजिदीक्षित के शिष्य **वरदराजाचार्य** ने **सारसिद्धान्तकौमुदी, मध्यसिद्धान्तकौमुदी ,एवं लघुसिद्धान्तकौमुदी** की रचना की ।
- लघुसिद्धान्तकौमुदी में पाणिनीय अष्टाध्यायी के लगभग **1275 सूत्रों** का समावेश है

सूत्र का लक्षण

अल्पाक्षरमसन्दिग्धं सारवद्विश्वतोमुखम् ।
अस्तोभमनवद्यं च सूत्रं सूत्रविदो विदुः॥

अल्प अक्षरों से अधिक अर्थ बताने की क्षमता, सन्देह रहित विषय की प्रस्तुति, सारतम प्रक्रियासरणी, आवश्यक सभी जगहों पर प्रवृत्त होने की क्षमता, दोषों का अभाव होना, और अनिन्दनीय रहना- ये **सूत्रों के छह लक्षण** हैं।

- सूत्रों की अल्पाक्षरता के विषय में वैयाकरणों में यह उक्ति बहुत प्रसिद्ध है- **''अर्धमात्रालाघवेन पुत्रोत्सवं मन्यन्ते वैयाकरणाः''**

वार्तिक की परिभाषा

उक्तानुक्तदुरुक्तानां चिन्ता यत्र प्रवर्तते।
तं ग्रन्थं वार्तिकं प्राहुर्वार्तिकज्ञा मनीषिणः॥

वार्तिक में उक्त, अनुक्त (जो छूट गया है) तथा दुरुक्त (प्रमादजन्य दोष) इन तीनों के विषय में चिन्तन होता है।

वार्तिक की एक अन्य परिभाषा

यद् विस्मृतमदृष्टं वा सूत्रकारेण तत्स्फुटम्।
वाक्यकारो ब्रवीत्येव तेनाऽदृष्टं च भाष्यकृत् ॥

अर्थात् जो सूत्रकार आचार्य पाणिनि से छूट गया, उसे आचार्य कात्यायन ने वार्तिक के द्वारा कह दिया है।

भाष्य का लक्षण

सूत्रार्थो वर्ण्यते यत्र पदं सूत्रानुसारिभिः।
स्वपदानि च वर्ण्यन्ते भाष्यं भाष्यविदो विदुः॥

अर्थात् जो सूत्रों के अर्थों का वर्णन सूत्रों के अनुसार अपने शब्दों में उनकी व्याख्या करें; उसें **''भाष्य''** कहते हैं।

सूत्रों के छह प्रकार

संज्ञा च परिभाषा च विधिर्नियम एव च।
अतिदेशोऽधिकारश्च षड्विधं सूत्रमुच्यते॥

1. संज्ञासूत्र 2. परिभाषासूत्र 3. विधिसूत्र 4. नियमसूत्र 5. अतिदेशसूत्र 6. अधिकारसूत्र

1. संज्ञा सूत्र- ''संज्ञाकरणं व्यवहारार्थं लोके''

- व्याकरणशास्त्र के व्यवहार के लिए 'संज्ञा' की आवश्यकता होती है। जो सूत्र संज्ञाओं का विधान करते हैं, ऐसे सूत्र **'संज्ञासूत्र'** या **'संज्ञाविधायक सूत्र'** कहलाते हैं।
- अष्टाध्यायी में लगभग **280 संज्ञासूत्र** हैं।
- यथा- **वृद्धिरादैच् , अदर्शनं लोपः, अदेङ्गुणः**, आदि।
- महर्षिपाणिनि ने अनेक प्रकार की संज्ञाओं का प्रयोग किया है-
- **अन्वर्थसंज्ञा-** सर्वनाम, सम्प्रदान, अपादान, अव्यय आदि अन्वर्थ संज्ञायें हैं।
- **कृत्रिमसंज्ञा- टि, घु , घ,** तथा **भ** इत्यादि कृत्रिम संज्ञायें हैं।
- **परम्परागतसंज्ञा-**सर्वनामस्थान, प्रातिपदिक, आर्धधातुक, सार्वधातुक, अङ्ग इत्यादि परम्परागत संज्ञायें हैं।

2. परिभाषासूत्र-''अनियमे नियमकारित्वं परिभाषात्वम्''

- अर्थात् नियम न रहने पर नियम (व्यवस्था) किया जाय, उसे **'परिभाषा'** कहते हैं।
- **'परितः सर्वतो भाष्यन्ते नियमाः यया सा परिभाषा'** अर्थात् जिसके द्वारा नियमों की स्थिरता की जाय, उसे 'परिभाषा' कहते हैं।

- इन्हें **निर्णयकर्त्ता सूत्र** भी कहा जाता है।
- परिभाषासूत्र स्वयं विधायक न होकर विधिसूत्रों के सहायक के रूप में पठित हैं।
- विधिसूत्रों की प्रवृत्ति में जहाँ सन्देहात्मक स्थिति उत्पन्न हो जाती है, वहाँ '**परिभाषासूत्र**' उपस्थित होकर उस सन्देह की निवृत्ति करता है। यथा- **यथासंख्यमनुदेशः समानाम्, स्थानेऽन्तरतमः, अनेकाल्शित् सर्वस्य** आदि।
- पाणिनीयव्याकरण में **सबसे अधिक विधिसूत्र** तथा उसके बाद संज्ञासूत्र हैं। सबसे कम परिभाषासूत्र तथा अधिकारसूत्र हैं।
- अष्टाध्यायी में **लगभग 36 परिभाषासूत्र** हैं।

3. विधिसूत्र- ''येन विधीयते स विधिः'' अर्थात् जिसके द्वारा यण् , गुण, वृद्धि, दीर्घ आदि का विधान किया जाता है, उसे **विधिसूत्र** कहा जाता है।

- अष्टाध्यायी में विधिसूत्रों की संख्या सर्वाधिक है। यथा- **इको यणचि, आद्गुणः, वृद्धिरेचि, अकः सवर्णे दीर्घः** आदि।
- विधिसूत्रों के द्वारा प्रत्ययविधान, लोप, आगम, वर्णविकार आदि अनेक कार्य सिद्ध होते हैं।

4. नियमसूत्र- ''नियम्यन्ते निश्चीयन्ते प्रयोगाः येन सः''।

- अर्थात् जिसके द्वारा प्रयोगों का नियमन किया जाय, उसे '**नियम**' कहते हैं।
- अष्टाध्यायी में लगभग **217 नियमसूत्र** प्राप्त होते हैं।
- किसी सूत्र के द्वारा कार्य सिद्ध होते हुए, उसी कार्य के लिए यदि किसी अन्य सूत्र को पढ़ा गया हो, तो वह सूत्र **नियमसूत्र** कहलाता है।

''सिद्धे सत्यारम्भमाणो विधिः नियमाय भवति''

- अर्थात् सिद्ध होने पर भी पुनः विधान करने से एक विशेष नियम का सङ्केत उससे प्राप्त होता है। यथा- **पतिः समास एव, एच इग्घ्रस्वादेशे, कृत्तद्धितसमासाश्च**

5. अतिदेशसूत्र

- **''अतिदिश्यन्ते तुल्यतया विधीयन्ते कार्याणि येन सोऽतिदेशः''** अर्थात् जिसके द्वारा समानता प्रदान की जाय, अथवा आरोप किया जाय, उसे अतिदेश कहते हैं।
- अष्टाध्यायी में लगभग **118 अतिदेशसूत्र** हैं ।
- वैयाकरणो ने 7 प्रकार का ''अतिदेश'' माना है -

1. निमित्तादिदेश 2. व्यपदेशातिदेश 3. तादात्म्यातिदेश 4. शास्त्रातिदेश 5. कार्यातिदेश 6. रूपातिदेश 7. अर्थातिदेश

- जो वैसा नही है उसे वैसा मानना ''**अतिदेश**'' है जैसे कि शिष्य जो गुरु नही है अब उसे गुरु के तुल्य माना जाय । सूत्र भी कई स्थानों पर ऐसा कार्य करते हैं ,ऐसे सूत्रों को **अतिदेशसूत्र** कहा जाता है।
- **जैसे- अन्तादिवच्च, गोतो णित्**

6. अधिकार सूत्र

- **''एकत्र उपान्तस्य अन्यत्र व्यापारः अधिकारः''** एक स्थान पर प्राप्त का अन्यत्र व्यापार ही '**अधिकार**' कहलाता है। कुछ सूत्र ऐसे होते हैं, जो अपने क्षेत्र में कोई कार्य नही करते, किन्तु अन्य सूत्रों के क्षेत्र में अपना अधिकार रखते हैं, उसके सहायक बनते हैं, ऐसे सूत्र '**अधिकारसूत्र**' हैं।
- अधिकारसूत्र अपने क्षेत्र में पड़ने वाले सभी सूत्रों के साथ अनुवृत्त होता है।
- 'अधिकार' और 'अनुवृत्ति' दोनो पर्याय ही हैं,अधिक विस्तृत क्षेत्र तक अनुवर्तन को '**अधिकार**' कहते हैं, तथा स्वल्प स्थानों तक अनुवर्तन को '**अनुवृत्ति**' कहते हैं।
- सम्पूर्ण सूत्र का पादपर्यन्त या अध्यायपर्यन्त अनुवर्तन '**अधिकार**' कहलाता हैं।
- अष्टाध्यायी में लगभग **48 अधिकार सूत्र** हैं। यथा- **कारके, ङ्याप्प्रातिपदिकात् , धातोः, प्रत्ययः, परश्च** आदि।
- पाणिनि ने अधिकार की सूचना स्वरित चिन्ह के द्वारा दी है। यथा- **स्वरितेनाधिकारः**।
- प्रवृत्ति के आधार पर **अधिकार तीन प्रकार** का कहा गया है-

'सिंहावलोकितं चैव मण्डूकप्लुतमेव च ।
गङ्गाप्रवाहवच्चाऽपि अधिकारास्त्रिधा मताः।

अनुवृत्ति और अधिकार में अन्तर

- **अधिकारसूत्र** अपने क्षेत्र में कोई काम नही करता किन्तु उत्तर सूत्र मे उसकी सहायता के लिए उपस्थित होता है, और अनुवृत्ति में वह शब्द अपने क्षेत्र में काम करते हुए उत्तरसूत्र के सहायतार्थ उपस्थित होता है।
- **अनुवृत्ति-** पूर्वसूत्र से जो पद अगले सूत्र में अपेक्षित होता है, उसका पाणिनि ने अगले सूत्र में साक्षात् पाठ न करके पूर्वसूत्र से उस पद का अनुवर्तन कर लिया है, व्याकरणशास्त्र में इसी को '**अनुवृत्ति**' कहते हैं।

➤ **अनुबन्ध- ''इत्संज्ञकत्वमनुबन्धत्वम्'' अथवा ''इत्संज्ञायोग्यत्वम् अनुबन्धत्वम्''**

➤ अनुबन्धों की इत्संज्ञा करके उनका लोप कर दिया जाता है।

आदेश- शत्रुवदादेशः

➤ किसी के स्थान पर उसे हटाकर जो शब्द होता है, उसे ' **आदेश** ' कहा जाता है।

➤ जिस प्रकार शत्रु किसी को हटाकर उसके स्थान पर अधिकार कर लेता है, उसी प्रकार **आदेश** अपने स्थानी को वहाँ से पूर्णतः हटा देता है।

➤ 'इको यणचि' में 'इक्' के स्थान पर 'यण्' आदेश होता है। यहाँ **'यण्' आदेश** है, 'इक्' स्थानी है।

➤ **'आदेश' दो प्रकार** का होता है-

1. **सर्वादेश- ''अनेकाल्शित्सर्वस्य''** 'अनेकाल्' (जिसमें अनेक वर्ण हों) तथा 'शित्' (जिसका 'शकार' इत् हो) आदेश समग्र स्थानी को हटाकर होते हैं।

➤ **''अस्तेर्भूः''** के द्वारा होने वाला 'भू' आदेश समग्र 'अस्' धातु के स्थान पर होता है।

2. **एकादेश- 'एकः पूर्वपरयोः'** जो पूर्व व पर दोनों स्थानियों के स्थान पर अकेला आदेश होता है, उसे **एकादेश** कहते हैं।

➤ 'आद्गुणः' सूत्र से 'अ+इ' के स्थान पर 'ए' यह एकादेश होता है।

➤ **आगम- ''मित्रवदागमः''** जैसे मित्र हमारे घर आता है, उसी प्रकार वर्णों के बीच आगम बिना किसी वर्ण को हटाये आकर बैठ जाता है।

➤ **स्थानी-** जिसके स्थान पर आदेश किया जाता है, उसे **''स्थानी''** कहा जाता है। **''इको यणचि''** सूत्र के द्वारा **'यण्'** आदेश **'इक्'** के स्थान पर होता है। अतः **'इक्'** स्थानी हुआ।

➤ **प्रत्याहार- ''प्रत्याह्रियन्ते संक्षिप्यन्ते वर्णाः यत्र स प्रत्याहारः''** वर्णों या पदों के संक्षेपीकरण को **'प्रत्याहार'** कहा जाता है।

➤ **''आदिरन्त्येन सहेता''** सूत्र में प्रत्याहार निर्माण विधि बतायी गयी है।

➤ प्रत्याहार केवल वर्णों का ही नहीं, अपितु प्रत्यय, आगम तथा धातुओं का भी होता है।

➤ **'अच्' 'अक्' 'हल्'** आदि **42 या 43 वर्ण प्रत्याहार** हैं।

➤ **'सुप्' 'तिङ्'** तथा **'तङ्'** आादि **प्रत्यय-प्रत्याहार** हैं।

➤ **'ङमुट्'** आदि **आगम-प्रत्याहार** हैं।

क्र.	प्रत्याहारः	वर्णाः	कुलवर्णाः	सूत्रों में प्रत्याहार का प्रयोग	
01.	**अण्**	अ, इ, उ	03 वर्ण	**उरण्** रपरः	1.1.51
02.	**अक्**	अ, इ, उ,ऋ, ऌ	05 वर्ण	**अकः** सवर्णे दीर्घः	6.1.101
03.	**अच्**	अ,इ,उ,ऋ,ऌ,ए,ओ,ऐ,औ **(सम्पूर्ण स्वरवर्ण)**	09 वर्ण	**अचो**ऽन्त्यादि टि	1.1.64
04.	**अट्**	अ,इ,उ,ऋ,ऌ,ए,ओ,ऐ,औ, ह,य,व,र	13 वर्ण	शश्छोऽ**टि**	8.4.63
05.	**अण्**	अ,इ,उ,ऋ,ऌ,ए,ओ,ऐ,औ, ह,य,व,र,ल	14 वर्ण	**अणु**दित्सवर्णस्य चाऽप्रत्ययः	1.1.69
06.	**अम्**	अ,इ,उ,ऋ,ऌ,ए,ओ,ऐ,औ, ह,य,व,र,ल,ञ,म,ङ,ण,न	19 वर्ण	पुमः खय्यम्परे	8.3.6
07.	**अश्**	अ,इ,उ,ऋ,ऌ,ए,ओ,ऐ,औ, ह,य,व,र,ल,ञ,म,ङ,ण,न, झ,भ,घ,ढ,ध,ज,ब,ग,ड,द	29 वर्ण	''भो भगो-अघो-अपूर्वस्य योऽशि''	8.3.17
08.	**अल्**	अ,इ,उ,ऋ,ऌ,ए,ओ,ऐ,औ, ह,य,व,र,ल ञ,म,ङ,ण,न,झ,भ,	42 वर्ण	**अलो**ऽन्त्यात्पूर्व उपधा	1.1.65

क्र.	प्रत्याहारः	वर्णाः	कुलवर्णाः	सूत्रों में प्रत्याहार का प्रयोग	
		घ,ढ,ध,ज,ब,ग,ड,द,ख,फ,छ,ठ, थ,च,ट,त,क,प,श,ष,स,ह **(सम्पूर्ण वर्णमाला)**			
09.	**इक्**	इ,उ,ऋ,ऌ	04 वर्ण	**इको** गुणवृद्धी	1.1.3
10.	**इच्**	इ,उ,ऋ,ऌ,ए,ओ,ऐ,औ	08 वर्ण	**इच** एकाचोऽम्प्रत्ययवच्च	6.3.68
11.	**इण्**	इ,उ,ऋ,ऌ,ए,ओ,ऐ,औ, ह,य,व,र,ल	13 वर्ण	**इण्**कोः	8.3.57
12.	**उक्**	उ,ऋ,ऌ	03 वर्ण	**उगि**तश्च	4.1.6
13.	**एङ्**	ए,ओ **(गुणसंज्ञकवर्ण)**	02 वर्ण	**एङि** पररूपम्	6.1.94
14.	**एच्**	ए,ओ,ऐ,औ	04 वर्ण	**एचो**ऽयवायावः	6.1.78
15.	**ऐच्**	ऐ,औ **(वृद्धिसंज्ञकवर्ण)**	02 वर्ण	वृद्धिरा**दैच्**	1.1.1
16.	**हश्**	ह,य,व,र,ल,ञ,म,ङ,ण,न, झ,भ,घ,ढ,ध,ज,ब,ग,ड,द	20 वर्ण	**हशि** च	6.1.114
17.	**हल्**	ह,य,व,र,ल,ञ,म,ङ,ण,न, झ,भ,घ,ढ, ध,ज,ब,ग,ड,द, ख,फ,छ,ठ,थ,च,ट, त,क, प,श,ष,स, (ह) **(सम्पूर्ण व्यञ्जनवर्ण)**	33 वर्ण	**हलो**ऽनन्तराः संयोगः	1.1.7
18.	**यण्**	य,व,र,ल, **(अन्तःस्थवर्ण)**	04 वर्ण	इको **यण**चि	6.1.77
19.	**यम्**	य,व,र,ल,ञ,म,ङ,ण,न	09 वर्ण	हलो **यमां** यमि लोपः	8.4.64
20.	**यञ्**	य,व,र,ल,ञ,म,ङ,ण,न,झ,भ	11 वर्ण	अतो दीर्घो **यञि**	7.3.101
21.	**यय्**	य,व,र,ल,ञ,म,ङ,ण,न,झ, भ,घ,ढ,ध,ज,ब,ग,ड,द,ख, फ,छ,ठ,थ,च,ट,त,क,प	29 वर्ण	अनुस्वारस्य **ययि** परसवर्णः	8.4.58
22.	**यर्**	य,व,र,ल,ञ,म,ङ,ण,न,झ, भ,घ,ढ,ध,ज,ब,ग,ड,द,ख, फ,छ,ठ,थ,च,ट,त,क,प,श,ष,स	32 वर्ण	**यरो**ऽनुनासिकेऽनुनासिको वा	8.4.45
23.	**वश्**	व,र,ल,ञ,म,ङ,ण,न,झ,भ, घ,ढ,ध,ज,ब,ग,ड,द	18 वर्ण	नेड् **वशि** कृति	7.2.8
24.	**वल्**	व,र,ल,ञ,म,ङ,ण,न,झ,भ, घ,ढ,ध,ज,ब,ग,ड,द,ख,फ,छ, ठ,थ,च,ट,त,क,प,श,ष,स,ह	32 वर्ण	लोपो व्यो**र्वलि**	6.1.66

क्र.	प्रत्याहारः	वर्णाः	कुलवर्णाः	सूत्रों में प्रत्याहार का प्रयोग	
25.	रल्	र,ल,ञ,म,ङ,ण,न,झ,भ,घ,ढ, ध,ज,ब,ग,ड,द,ख,फ,छ,ठ, थ,च,ट,त,क,प,श,ष,स,ह	31 वर्ण	"**रलो** व्युपधाद्धलादेः सँश्च"	1.2.26
26.	रँ	र,ल	02 वर्ण	उरण् **रपरः**	1.1.51
27.	ञम्	ञ,म,ङ,ण,न **(वर्गों के पञ्चमवर्ण)**	05 वर्ण	**ञमन्ताड्डः**	(उणादि.1.114)
28.	मय्	म,ङ,ण,न,झ,भ,घ,ढ,ध, ज,ब,ग,ड,द,ख,फ,छ,ठ, थ,च,ट,त,क,प	24 वर्ण	**मय** उञो वो वा	8.3.33
29.	ङम्	ङ,ण,न	03 वर्ण	**ङमो** ह्रस्वादचि ङमुण् नित्यम्	8.3.32
30.	झष्	झ,भ,घ,ढ,ध **(वर्गों के चतुर्थ वर्ण)**	05 वर्ण	एकाचो बशो भष् **झष**न्तस्य स्ध्वोः	8.2.37
31.	झश्	झ,भ,घ,ढ,ध,ज,ब,ग,ड,द	10 वर्ण	झलां जश् **झशि**	8.4.53
32.	झय्	झ,भ,घ,ढ,ध,ज,ब,ग,ड,द, ख,फ,छ,ठ,थ,च,ट,त,क,प	20 वर्ण	**झयो** होऽन्यतरस्याम्	8.4.62
33.	झर्	झ,भ,ध,ढ,ध,ज,ब,ग,ड,द, ख,फ,छ,ठ,थ,च,ट,त,क, प,श,ष,स,	23 वर्ण	**झरो** झरि सवर्णे	8.4.65
34.	झल्	झ,भ,घ,ढ,ध,ज,ब,ग,ड, द,ख,फ,छ,ठ,थ,च,ट, त,क,प,श,ष,स,ह	24 वर्ण	**झलो** झलि	8.2.26
35.	भष्	भ,घ,ढ,ध	04 वर्ण	एकाचो बशो **भष्** झषन्तस्य स्ध्वोः	8.2.37
36.	जश्	ज,ब,ग,ड,द **(वर्गों के तृतीय अक्षर)**	05 वर्ण	झलां **जशो**ऽन्ते	8.2.39
37.	बश्	ब,ग,ड,द	04 वर्ण	एकाचो **बशो** भष् झषन्तस्य स्ध्वोः	8.2.37
38.	खय्	ख,फ,छ,ठ,थ,च,ट,त,क,प **(वर्गों के द्वितीय एवं प्रथम वर्ण)**	10 वर्ण	पुमः **खय्य**म्परे	8.3.6
39.	खर्	ख,फ,छ,ठ,थ,च, ट,त,क,प,श,ष,स	13 वर्ण	**खरि** च	8.4.54
40.	छव्	छ,ठ,थ,च,ट,त	06 वर्ण	नश्**छव्य**प्रशान्	8.3.7
41.	चय्	च,ट,त,क,प **(वर्गों के प्रथम अक्षर)**	05 वर्ण	**चयोः द्वितीयाः शरि** पौष्करशादेः वार्त्तिक-	8.4.47
42.	चर्	च,ट,त,क,प,श,ष,स	08 वर्ण	अभ्यासे **चर्च**	8.4.54
43.	शर्	श,ष,स	03 वर्ण	वा **शरि**	8.3.36
44.	शल्	श,ष,स,ह **(ऊष्मवर्ण)**	04 वर्ण	"**शल** इगुपधादनिटः क्सः"	3.1.45

प्रत्याहारों के विषय में कुछ विशेष तथ्य

- कुछ विद्वान् **''रँ''** और **'ञम्'** प्रत्याहारों की गणना नही करते हैं; अतः प्रत्याहारों की कुल संख्या 42 तथा कुछ विद्वान् 43 या 44 भी मानते हैं।
- **'अच्'** प्रत्याहार में समस्त **9 स्वरवर्ण** आते हैं; ये **चार सूत्रों** में कहे गये हैं।
- **'हल्'** प्रत्याहार में समस्त **33 व्यञ्जन वर्ण** आते हैं; ये **दश सूत्रों** में कहे गये हैं।
- वर्णों के सभी पाँचवे वर्ण **'ञम्'** प्रत्याहार में आते हैं,जो **'ञमङणनम्'** इस एक सूत्र में कहे गये हैं। इसमें कुल **05 वर्ण** आयेंगे।
- **'झष्'** प्रत्याहार में वर्गों के चौथे वर्ण आते हैं, जो **'झभञ् और घढधष्'** इन दो सूत्रों में कहे गये हैं। इसमें कुल **5 वर्ण** आते हैं।
- **'जश्'** प्रत्याहार में वर्गों के तीसरे वर्ण आते हैं, जो **'जबगडदश्'** इस एकसूत्र में कहे गये हैं, इसमें कुल **05 वर्ण** हैं।
- **'खय्'** प्रत्याहार में वर्गों के दूसरे और पहले वर्ण आते हैं, जो **''खफछठथचटतव् कपय्''** इन दो सूत्रों में कहे गए हैं। इसमें कुल **10 वर्ण** आते हैं।
- **'चय्'** प्रत्याहार में वर्गों के प्रथम वर्ण आते हैं। इसमें कुल **05 वर्ण** आयेंगे।
- **'शल्'** प्रत्याहार में **चारों ऊष्मवर्ण** आते हैं।
- **'यण्'** प्रत्याहार में चारों अन्तःस्थवर्ण आयेंगे; जो **हयवरट्** और **लण्** इन दो सूत्रों में कहे गये हैं।

संज्ञाप्रकरणम्

- अइउण् ,ऋऌक् आदि ये **चौदह सूत्र** हैं, इसलिए उन्हे **''चतुर्दशसूत्र''** कहते हैं। इन सूत्रों से प्रत्याहार बनाये जाते हैं; अतः इन्हें **''प्रत्याहार-सूत्र''** भी कहते हैं। भगवान शिव के डमरू से निकलकर पाणिनि को प्राप्त हुए हैं अतः इन्हें **''शिवसूत्र''** या **''माहेश्वरसूत्र''** कहते हैं। इन सूत्रों में संस्कृत की वर्णमाला है, अतः इन्हें **''वर्णसमाम्नाय''** भी कहते हैं।
- इन चतुर्दशसूत्रों का प्रयोजन अण् ,अच् आदि **प्रत्याहारों की सिद्धि** है।
- अइउण् ऋऌक् आदि चतुर्दश सूत्रों के अन्त में लगे हुए ''ण्, क्, ङ्, च्, ट्, ण्, म्, ञ्, ष्, श्, व्, य्, र् , ल्'' इन **चौदह वर्णों की इत्संज्ञा** की जाती है- **''एषामन्त्याः इतः''**
- **स्वरों** को **'अच्'** तथा **व्यञ्जनों** को **'हल्'** कहते हैं।
- 'हयवरल' आदि में ह् ,य् ,व् ,र् ,ल् इन वर्णों का अकार के साथ उच्चारण किया गया है; यह अकार केवल उच्चारण के लिए है- **''हकारादिषु अकारः उच्चारणार्थः'**
- **''हलन्त्यम्''** सूत्र में **''उपदेशेऽजनुनासिक इत्''** इस सूत्र से **'उपदेशे'** और **'इत्'** इन दो पदों की अनुवृत्ति आती है।
- **''हलन्त्यम्''** इत्संज्ञाविधायक संज्ञासूत्र है। अर्थात् इस सूत्र का कार्य है **हल् अक्षरों की इत्संज्ञा करना।**
- **उपदेश-** पाणिनि, कात्यायन एवं पतञ्जलि ने जिसका प्रथम उच्चारण या प्रथम पाठ किया है, उसे 'उपदेश' कहते हैं।- **''उपदेश आद्योच्चारणम्''**
- **'उपदेश'** के सम्बन्ध में एक पद्य भी अतिप्रसिद्ध है-
  धातुसूत्रगणोणादिवाक्यलिङ्गानुशासनम् ।
  आगमप्रत्ययादेशा उपदेशाः प्रकीर्तिताः॥
  भू आदि धातु , अइउण् आदि सूत्र,गणपाठ, उणादिसूत्र, वार्तिक,लिङ्गानुशासन,आगम,प्रत्यय,आदेश,-ये उपदेश माने जाते हैं।
- **''सूत्रेष्वदृष्टं पदं सूत्रान्तरादनुवर्तनीयं सर्वत्र''**
  सूत्रों का सूत्रार्थ करने के लिए उसमें जो पद कम हों, उसे आवश्यकतानुसार अन्यसूत्रों से ले लेना चाहिए। जैसे- **''हलन्त्यम्''** इस सूत्र का अर्थ करने के लिए **'उपदेशे'** और **'इत्'** ये दो पद पूर्व सूत्र से ले लिए गये हैं।
- उणादि सूत्रों की संख्या लगभग 750 है।
- कात्यायन ने पाणिनि के लगभग 1500 सूत्रों के ऊपर 5000 वार्तिक लिखे हैं।
- सम्पूर्ण व्याकरण में इत्संज्ञा के बाद लोप करने के लिए एकमात्र **''तस्य लोपः''** सूत्र ही है।
- अइउण् , ऋऌक् आदि चौदह सूत्रों के अन्त्य में जो णकार,ककार आदि हल् वर्ण लगे हुए हैं; उनका प्रयोजन प्रत्याहार की सिद्धि है- **'णादयोऽणाद्यर्थाः'**

स्वरों की मात्रा

एकमात्रा भवेत्ह्रस्वं द्विमात्रो दीर्घमुच्यते।
त्रिमात्रस्तु प्लुतो ज्ञेयं व्यञ्जनं चार्धमात्रिकम्

- अर्थात् **अ,इ,उ,ऋ,ऌ**- इन ह्रस्व स्वरों की **एकमात्रा**,आ,ई,ऊ,ॠ,ए,ओ,ऐ,औ-इन **दीर्घस्वरों की दो मात्रा, प्लुतवर्णों की तीन मात्रा**, तथा **व्यञ्जनवर्णों की अर्धमात्रा** मानी जाती है। प्लुतवर्णों को दिखाने के लिए वर्ण के बाद ३ का अङ्क लिखा जाता है; जैसे- इ ३। उदात्त, अनुदात्त और स्वरित को समझने के लिए वैदिकग्रन्थों में विशेष चिह्नों का प्रयोग किया गया है। अनुदात्त अक्षर के नीचे पडी लाइन (-) तथा स्वरित के ऊपर खडी लाइन (।) होती है, और उदात्त के लिए कोई चिह्न नही होता है।

समास

➢ समास का अर्थ है - संक्षेप
➢ समस्यते एकीक्रियते प्रयोक्तृभिः इति समासः (कर्मपक्ष)
➢ समस्यते = एकीभवति कर्त्ता सुबन्तेन सह इति समासः (कर्तृपक्ष)

'समास' की परिभाषा

➢ **''विभक्तिर्लुप्यते यत्र तदर्थस्तु प्रतीयते ।
पदानां चैकपद्यं च समासः सोऽभिधीयते ।**
➢ अर्थात् जहाँ विभक्तियों का लोप हो जाता है, परन्तु उनका अर्थ प्रतीत होता रहता है, अनेक पद मिलकर एक पद बन जाता है, उसे **'समास'** कहते हैं।
➢ **'अनेकपदानामेकपदीभवनं समासः'** अनेकपदों का मिलकर एकपद होना 'समास' है।
➢ **''समसनं समासः'' (सम् + अस् +घञ्)** अर्थात् पास-पास रखना।
➢ संस्कृत भाषा में जब दो या दो से अधिक पद पास पास रखे जाय, तो वे अपनी स्वतन्त्र सत्ता खो देते हैं। फलतः जिस विभक्ति के कारण उनकी पदसंज्ञा थी, उसका लोप हो जाता है । इस प्रकार एक पृथक् पद के रूप में समस्त पद अभिव्यक्त होते हैं।
➢ इसप्रकार दो या दो से अधिक शब्द जहाँ एक जगह, एक पद, एक अर्थ वाले बन जाते हैं, उसे **'समास'** कहते हैं।

समास के प्रकार

➢ समास पाँच प्रकार का होता है- **'समासः पञ्चधा'**
1. केवलसमास (सुप्सुपा समास) यथा- **भूतपूर्वः**
2. अव्ययीभावसमास - **उपकृष्णम्**
3. तत्पुरुषसमास - **राजपुरुषः**
4. द्वन्द्वसमास - **रामलक्ष्मणौ**
5. बहुव्रीहिसमास - **पीताम्बरः**

नोट– भट्टोजिदीक्षित एवं बाबूराम सक्सेना केवल समास को अव्ययीभाव के अन्तर्गत मानते हुए समास के चार भेद ही मानते हैं।

1. केवलसमासः- विशेषसंज्ञा-विनिर्मुक्तः केवल समासः

➢ जब व्याकरणशास्त्र में किसी समास की विशेष संज्ञा नहीं की जाती है, तो वह केवल समास कहलाता है, इसे ही **'सुप्सुपासमास'** भी कहते हैं । यथा- पूर्वं भूतः **'भूतपूर्वः'**
➢ **'भूतपूर्वे चरट्'** (5.3.53) इस सूत्र से 'भूत' शब्द का पूर्व में प्रयोग होता है।
➢ केवल समास विधायक सूत्र- **''सह सुपा''** 2.1.4
➢ **'इवेन समासो विभक्त्यलोपश्च' (वा.)** 'इव' के साथ समास होने पर विभक्ति का लोप न हो । यथा- **जीमूतस्येव, वागर्थाविव।**

2. अव्ययीभाव-'प्रायेण पूर्वपदार्थप्रधानः अव्ययीभावः'

➢ इसमें पूर्वपद का अर्थ प्रायः प्रधान होता है, पूर्वपद प्रायः अव्यय होता है, तथा समस्तपद भी अव्यय के रूप में व्यवहृत होता है । **यथा- हरौ इति =अधिहरि**

समासविधायकसूत्र

➢ **''अव्ययं विभक्ति-समीप-समृद्धि-व्यृद्ध्यर्था-भावात्ययासम्प्रति-शब्दप्रादुर्भाव-पश्चाद्यथानुपूर्व्य -यौगपद्य-सादृश्य-सम्पत्ति-साकल्यान्तवचनेषु''** 2.1.6

3. तत्पुरुष - प्रायेण उत्तरपदार्थप्रधानः तत्पुरुषः

➢ इसका उत्तरपद प्रधान होता है। यह अनेक प्रकार का होता है-
➢ **विभक्ति तत्पुरुष-** द्वितीयान्त से सप्तम्यन्त पर्यन्त जिस जिसका उत्तरपद के साथ समास होता है, वह तत् तत् विभक्ति के नाम से जाना जाता है-

- **द्वितीया तत्पुरुष-** कूपं पतितः = **कूपपतितः**
- **तृतीया तत्पुरुष-** शङ्कुलया खण्डः = **शङ्कुलाखण्डः**
- **चतुर्थी तत्पुरुष-** यूपाय दारु = **यूपदारु**
- **पञ्चमी तत्पुरुष-** चोरात् भयम् = **चोरभयम्**
- **षष्ठी तत्पुरुष-** राज्ञः पुरुषः = **राजपुरुषः**
- **सप्तमी तत्पुरुष-** अक्षेषु शौण्डः = **अक्षशौण्डः**
- **कर्मधारय-** इसके दोनों पद समान विभक्ति में होते हैं-
कृष्णः सर्पः = कृष्णसर्पः

➢ **द्विगुसमासः- 'संख्यापूर्वो द्विगुः' 2.1.51**
➢ जब पूर्वपद संख्यावाचक होता है, तो 'द्विगुसमास' कहलाता है। **यथा**- त्रयाणां लोकानां समाहारः **त्रिलोकी**
➢ यह कर्मधारय का भेद है।

4. द्वन्द्व समास- 'प्रायेण उभयपदार्थप्रधानः द्वन्द्वः'

➢ प्रायः दोनों या सभी पदों का अर्थ प्रधान होता है।
➢ 'च' के अर्थ में समास का विधान होता है।
यथा- कृष्णश्च अर्जुनश्च = **कृष्णार्जुनौ**
➢ समास विधायक सूत्र- **चार्थे द्वन्द्वः' 2.2.29**

5. बहुव्रीहि समास- प्रायेण अन्यपदार्थप्रधानः बहुव्रीहिः

- इसमें प्रायः अन्यपद प्रधान होता है।
  यथा- पीतानि अम्बराणि यस्य सः **पीताम्बरः**
- समासविधायक सूत्र - **अनेकमन्यपदार्थे 2.2.24**

समास से सम्बन्धित कुछ महत्त्वपूर्ण तथ्य

अन्तर्वर्तिनी विभक्ति

- समास में जो-जो पद समस्यमान होते हैं, उन सभी से कोई न कोई विभक्ति अवश्य होती है। वे **'अन्तर्वर्तिनी विभक्ति'** कहलाती है ।
- ये विभक्तियाँ समस्तपद के मध्य में आती हैं। अतः इनका लोप हो जाता है।
- **दशरथस्य पुत्रः = 'दशरथ ङस् पुत्र सु'** यहाँ अन्तर्वर्तिनी विभक्तियों ('ङस्' तथा 'सु') का लोप होकर 'दशरथपुत्र' एक समस्तपद बनता है। प्रातिपदिक संज्ञा होकर पुनः 'सु' आदि विभक्तियाँ आती हैं ।

वृत्ति-''परार्थाभिधानं वृत्तिः''

- समास आदि में जब पद अपने स्वार्थ को पूर्णतया या अंशतः छोड़कर एक विशिष्ट अर्थ को कहने लग जाते हैं, तो उसे 'वृत्ति' कहा जाता है ।
- 'वृत्ति' में एकार्थीभाव सामर्थ्य हो जाता है। यथा- दशरथस्य पुत्रः = दशरथपुत्रः (एकार्थीभूत पद)
- वृत्ति में पद मिलकर एकाकार हो जाते हैं; इसे ही **'पदविधि'** कहा जाता है ।
- **'वृत्ति' पाँच प्रकार की है-**
  (1) कृदन्तवृत्ति (2) तद्धितवृत्ति (3) समासवृत्ति
  (4) एकशेषवृत्ति (5) सनाद्यन्तधातुवृत्ति

विग्रह

''वृत्त्यर्थावबोधकं वाक्यं विग्रहः''

- वृत्ति के अर्थ का बोध कराने के लिए जो वाक्य होता है, उसे **'विग्रह'** कहते हैं ।
- विग्रह दो प्रकार का होता है-

(i) **लौकिक विग्रह-** जो लोक में व्यवहृत होता है, अर्थात् लोक के समझने लायक विग्रह को 'लौकिक विग्रह' कहते हैं । **यथा- 'दशरथपुत्रः'** का लौकिक विग्रह होगा- **दशरथस्य पुत्रः।**

(ii) **अलौकिक विग्रह-** जो व्याकरणशास्त्र की प्रक्रिया दर्शाने हेतु अर्थात् शास्त्रीयनिर्वाह के लिए विग्रह होता है, उसे 'अलौकिक विग्रह' कहते हैं ।

- अलौकिक विग्रह में ही समास करने वाला सूत्र लगता है । **यथा- दशरथ ङस् पुत्र सु ।**

'समास' सम्बन्धी महत्त्वपूर्ण तथ्य

- समास हमेशा समर्थ अर्थात् परस्पर आकांक्षा वाले पदों में ही होता है।
- समास करने के लिए किसी सूत्र या वार्तिक की प्रवृत्ति होती है।
- समास करने के बाद सम्पूर्ण पद की **''कृत्तद्धितसमासाश्च''** सूत्र से प्रातिपदिक संज्ञा होती है।
- समास के बाद दो शब्दों में किसका पूर्वनिपात अर्थात् पूर्व में प्रयोग हो, इसके लिए उपसर्जन संज्ञक आदि से निर्णय किया जाता है।
- अन्त में समास के प्रातिपदिकसंज्ञक होने के कारण पुनः 'सु' आदि प्रत्ययों की उत्पत्ति होती है।
- समास अधिकतर सुबन्त का सुबन्त के साथ होता है, तिङन्त के साथ नहीं।
- समास में दो या उससे अधिक पदों के मध्य रहने वाली **विभक्तियों का लोप** हो जाता है, तथा सभी पद मिलकर एक समस्तपद के रूप में परिणत हो जाते हैं।
- जिन समस्तपदों का विग्रहवाक्य देना सम्भव न हो, ऐसे समास को **'नित्यसमास'** कहते हैं। उसी का दूसरा नाम **'अस्वपद विग्रह'** है।
- **'प्राक्कडारात् समासः'** (2.1.3) अर्थात् 'कडाराः कर्मधारये' (2.2.38) से पूर्व समास संज्ञा का अधिकार है।
- **''सह सुपा''** (2.1.4) अर्थात् सुबन्त शब्दों के साथ समर्थ सुबन्त शब्दों का समास हो।
- **'सुपो धातुप्रातिपदिकयोः'** धातु और प्रातिपदिक के अवयव 'सुप्' का लोप होता है।
- समासों के विग्रह के लिए एक पद्य प्रसिद्ध है–
  चकारबहुलो द्वन्द्वः, स चासौ कर्मधारयः।
  यस्य येषां बहुव्रीहिः, शेषस्तत्पुरुषो मतः॥
- जिसके विग्रह में 'च' का प्रयोग हो, वह **द्वन्द्व** है। जिसमें 'स चासौ' विग्रह हो वह **कर्मधारय** है। जिसके विग्रह में **'यस्य या येषाम्'** आदि पदों का प्रयोग किया जाय, वह **'बहुव्रीहि'** है। इनके अतिरिक्त शेष **'तत्पुरुष'** है।
- **''अव्ययीभावः''** (2.1.5) यह अधिकार सूत्र है। इसका अधिकार क्षेत्र ''तत्पुरुषः'' (2.1.22) सूत्र के पूर्व तक है। अतः **''अन्य पदार्थे च संज्ञायाम्''** (2.1.21) सूत्र पर्यन्त होने वाले समास **'अव्ययी भाव'** संज्ञक होंगे।
- अव्ययीभाव समास की अव्ययसंज्ञा होती है।
- **'अनव्ययम् अव्ययः सम्पद्यते इति अव्ययीभावः'** अर्थात् जो शब्द समास होने के पूर्व तो अव्यय न हो, किन्तु समास होने पर 'अव्यय' हो जाय–वही **'अव्ययीभावसमास'** है। जैसे–शक्तिम् अनतिक्रम्य **यथाशक्ति**। यहाँ 'शक्ति' शब्द

अव्यय नही है, किन्तु अव्यय के साथ समास होने के कारण 'यथा' की तरह वह भी अव्यय हो जाता है।

- विभक्ति आदि **16 अर्थों** में विद्यमान अव्ययों का समर्थ सुबन्त के साथ **'नित्यसमास'** होगा और वह अव्ययीभावसंज्ञक होता है।
- **'अव्ययं विभक्ति-समीप......'** इत्यादि सूत्र से **'नित्यसमास'** होता है; नित्य समास का प्रायः लौकिक विग्रह नही होता, यदि विग्रह होता भी है, तो जिसका समास करना है उसके अर्थ के प्रकट करने वाले पर्यायवाची शब्द से सम्भव होता है। अतः प्राचीन आचार्यों ने इसे **''अस्वपदविग्रह''** कहा है।
- **''प्रथमानिर्दिष्टं समास उपसर्जनम्''** अर्थात् समास में प्रथमाविभक्ति से निर्देश किया हुआ पद **'उपसर्जनसंज्ञक'** होता है।
- **''अव्ययीभावश्च''** (2.4.18) अर्थात् अव्ययीभाव समास भी नपुंसकलिङ्ग में हो। यथा–उपकृष्णम्
- **'अव्ययीभावे चाकाले'** (6.3.81) सूत्र में अव्ययीभाव में 'सह' को 'स' आदेश होता है, किन्तु काल अर्थ में नहीं होता। जैसे–सचक्रम्, ससखि, सक्षत्रम्, सतृणम्, साग्नि आदि।
- काल अर्थ में 'सह' को 'स' आदेश नही होता। जैसे–सहपूर्वाह्णम्।

समास में पूर्वनिपात या परनिपात

- **''उपसर्जनं पूर्वम्''** सूत्र से समास में उपसर्जनसंज्ञक शब्द का प्रयोग पहले होता है।
- **''राजदन्तादिषु परम्''** सूत्र से राजदन्तादिगणपठित शब्दों में उपसर्जन संज्ञक पद का परे (बाद में) प्रयोग होता है। यथा– **'राजदन्तः'** यहाँ 'दन्त' शब्द की उपसर्जनसंज्ञा, तथा प्रकृतसूत्र से परनिपात हुआ।
- **''धर्मादिष्वनियमः''** (गणसूत्र) अर्थात् 'धर्म' आदि शब्दों में पूर्वनिपात व परनिपात के सम्बन्ध में कोई नियम नही होता। यथा–**धर्मार्थौ, अर्थधर्मौ। कामार्थौ, अर्थकामौ।**
- **''द्वन्द्वे घि''** सूत्र से द्वन्द्व समास में 'घिसंज्ञक' का पहले प्रयोग होता है– यथा–हरिहरौ। यहाँ 'हरि' घि संज्ञक है, अतः इस सूत्र से पूर्वनिपात हो गया।
- **''अनेकत्र प्राप्तावेकत्र नियमोऽनियमः''** इस वार्तिक से 'यदि द्वन्द्व समास में कई घिसंज्ञक पद हों तो, एक घिसंज्ञक पद का पूर्वनिपात करके अन्य घिसंज्ञक पदों को कहीं पर भी रखा जा सकता है। जैसे–**हरिश्च हरश्च गुरुश्च हरिहरगुरवः/ हरिगुरुहराः**
- द्वन्द्व समास में ही घिसंज्ञक का पूर्वनिपात होता है, अन्यत्र नही। जैसे–विस्पष्टं पटुः = **विस्पष्टपटुः**।
- **''अजाद्यदन्तम्''** सूत्र से जो शब्द अजादि भी हो, और अदन्त भी हो, उसका द्वन्द्वसमास में पूर्वनिपात होता है। जैसे– **ईशकृष्णौ, उष्ट्रखरम्** यहाँ 'ईश' पद अजादि है तथा अदन्त भी है; अतः पूर्वनिपात हो गया। **अजादि** = जिसके आदि में अच् = स्वर वर्ण हो। **अदन्त** = जिसके अन्त में ह्रस्व 'अकार' हो।
- द्वन्द्व समास में एक से अधिक अजादि व अदन्त पद हों, तो किसी एक पद का पूर्वनिपात करके शेष के विषय में स्वेच्छाचारिता होती है। जैसे– अश्वश्च इन्द्रश्च रथश्च = **अश्वेन्द्ररथाः। अश्वरथेन्द्राः। इन्द्राश्वरथाः।**
- यदि द्वन्द्वसमास में घिसंज्ञक व अजादि एवं अदन्त पद का एक साथ प्रयोग हो तो **''विप्रतिषेधे परं कार्यम्''** इस नियम के आधार पर अजाद्यदन्त पद का पूर्वनिपात होता है। जैसे– (i) अग्निश्च इन्द्रश्च = **इन्द्राग्नी** (ii) वायुश्च इन्द्रश्च = **इन्द्रवायू**
- अजादि व अदन्त = ह्रस्व अकारान्त शब्द का ही पूर्वनिपात होता है–अश्वा च वृषा च = **अश्वावृषे/वृषाश्वे**। यहाँ 'अश्वा' पद अजादि तो है, परन्तु अदन्त नही है; अतः **'अश्वा'** पद के पूर्वनिपात के विषय में स्वेच्छाचारिता है।
- **''अल्पाच्तरम्''** सूत्र से द्वन्द्वसमास में अपेक्षाकृत कम अचों (स्वरों) वाले पद का पूर्वप्रयोग होता है। जैसे–(i) शिवश्च केशवश्च = **शिवकेशवौ** (ii) उमा च महेश्वरश्च = **उमामहेश्वरौ।** यहाँ 'शिव', 'केशव' की अपेक्षा अल्पाच् है; अतः 'शिव' का पूर्वनिपात हुआ।
- **''ऋतुनक्षत्राणां समानाक्षराणामानुपूर्व्येण'' (वा.)** अर्थात् जिन शब्दों में अचों की संख्या समान हो, ऐसे ऋतुवाचक या नक्षत्रवाचक शब्दों के द्वन्द्वसमास में उनके आनुपूर्वी क्रम के अनुसार पूर्वनिपात होता है। यथा– (1) वसन्तश्च हेमन्तश्च शिशिरश्च = **हेमन्तशिशिरवसन्ताः** (ii) रोहिणी च कृत्तिका च = **कृत्तिकारोहिण्यौ।** यहाँ आनुपूर्वी क्रम से 'रोहिणी' से पूर्व 'कृत्तिका' नक्षत्र होता है, अतः 'कृत्तिका' का पूर्वनिपात हुआ।
- **''लघ्वक्षरञ्च पूर्वम्''** इस वार्तिक से द्वन्द्व समास में लघु (ह्रस्व) अच् = स्वर वाले शब्दों का पूर्वनिपात होता है। यथा– (i) कुशश्च काशश्च = **कुशकाशौ** (ii) शरश्च चापश्च = **शरचापम्**
- **''अभ्यर्हितञ्च पूर्वं निपततीति वक्तव्यम्''** इस वार्तिक से द्वन्द्वसमास में अधिकपूज्य का पूर्वनिपात होता है–(i) पिता च माता च = **मातापितरौ** (ii) अर्जुनश्च वासुदेवश्च = **वासुदेवार्जुनौ**
- **''भ्रातुश्च ज्यायसः पूर्वनिपातो वक्तव्यः''** इस वार्तिक से 'द्वन्द्वसमास में बड़े भाई के नाम का पूर्वनिपात होता है। यथा–अर्जुनश्च युधिष्ठिरश्च = **युधिष्ठिरार्जुनौ**
- **'वर्णानामानुपूर्व्येण पूर्वनिपातः'** इस वार्तिक से 'ब्राह्मण आदि वर्णवाचक (जातिवाचक) शब्दों का द्वन्द्व समास होने पर श्रेष्ठता के क्रम से पूर्वनिपात होता है।' जैसे– शूद्रश्च ब्राह्मणश्च विट् च क्षत्रियश्च = **ब्राह्मणक्षत्रियविट्शूद्राः**

- **''संख्याया अल्पीयस्याः पूर्वनिपातो वक्तव्यः''** इस वार्तिक से समास में छोटी संख्या का पूर्वनिपात होता है। जैसे–पञ्च वा षड् वा = **पञ्चषाः।** द्वौ च दश च = **द्वादश।** यहाँ छः से छोटी संख्या पाँच है, अतः 'पञ्च' का पूर्वनिपात हुआ।
- **''सप्तमी विशेषणे बहुव्रीहौ''** सूत्र से 'बहुव्रीहिसमास में सप्तम्यन्त पद और विशेषणवाची पद का पूर्वनिपात होता है। जैसे–**(i) कण्ठे स्थितः कालः यस्य सः = कण्ठेकालः।** यहाँ सप्तम्यन्त 'कण्ठे' पद का इस सूत्र से पूर्वनिपात। **(ii) चित्रा गावो यस्य सः = चित्रगुः।** यहाँ विशेषणवाची 'चित्र' शब्द का इसी सूत्र से पूर्वनिपात हुआ।
- **''सर्वनामसंख्ययोरुपसंख्यानम्''** (वा0) अर्थात् सर्वनाम तथा संख्यावाचक शब्द का बहुव्रीहिसमास में पूर्वप्रयोग होता है। यथा– **(i) सर्वः श्वेतः यस्य सः = सर्वश्वेतः।** यहाँ 'सर्व' शब्द सर्वनामसंज्ञक है, अतः इसका पूर्वनिपात हुआ। **(ii) द्वौ शुक्लौ यस्य सः = द्विशुक्लः।** संख्यावाची 'द्वि' शब्द का पूर्वनिपात हुआ।
- **'वा प्रियस्य पूर्वनिपातः'** (वा0) इस वार्तिक से बहुव्रीहि समास में 'प्रिय' शब्द के पूर्वनिपात के सन्दर्भ में स्वेच्छाचारिता होती है। यथा– **गुडः प्रियः यस्य सः = गुडप्रियः, प्रियगुडः।**
- **''निष्ठा''** सूत्र से 'बहुव्रीहि समास में निष्ठा प्रत्ययान्त पद का पूर्वनिपात होता है। जैसे–**कृतकटः, कृतकृत्यः।** यहाँ प्रकृतसूत्र द्वारा 'कृत' इस निष्ठाप्रत्ययान्त पद का पूर्वनिपात हुआ।
- **''वाऽऽहिताग्न्यादिषु''** सूत्र से 'आहिताग्न्यादिगण में निष्ठा प्रत्ययान्त शब्दों का बहुव्रीहि समास में विकल्प से पूर्वनिपात होता है; पक्ष में परनिपात भी होता है।' जैसे– आहिताः अग्नयः येन सः– (i) पूर्वनिपात पक्ष में– **आहिताग्निः** (ii) परनिपात पक्ष में–**अग्न्याहितः**
- **''कडाराः कर्मधारये''** सूत्र से 'कर्मधारय समास में 'कडारा' आदि शब्दों का विकल्प से पूर्वनिपात होता है।'' जैसे– **कडारजैमिनिः। जैमिनिकडारः।**

समासविधायकसूत्र-तालिका

क्र.	समास	समासविधायक सूत्रम्		उदाहरणम्
1.	**केवलसमास**	(i) 'सह सुपा'	2.1.4	पूर्वं भूतः = **भूतपूर्वः**
2.	**अव्ययीभाव समास**	(ii) इवेन समासो विभक्त्यलोपश्च		जीमूतस्य इव = **जीमूतस्येव**
		(i) 'अव्ययं विभक्ति-समीप-समृद्धि व्यृद्ध्यर्थाभावाऽत्ययासम्प्रति शब्दप्रादुर्भावपश्चाद्यथानुपूर्व्य यौगपद्य-सादृश्य-सम्पत्ति-साकल्यान्त-वचनेषु'	2.1.6	वागर्थौ इव = **वागर्थाविव** (i) हरौ इति = **अधिहरि** (ii) कृष्णस्य समीपम् = **उपकृष्णम्**
		(ii) 'नदीभिश्च'	2.1.19	सप्तगङ्गम्, पञ्चगङ्गम्, द्वियमुनम्
3.1	**द्वितीयातत्पुरुषसमास**	'द्वितीया श्रितातीतपतितगतात्यस्त प्राप्तापन्नैः'	2.1.24	कूपं पतितः = **कूपपतितः**
3.2	**तृतीयातत्पुरुष**	'तृतीया तत्कृतार्थेन गुणवचनेन'	2.1.30	शङ्कुलया खण्डः = **शङ्कुलाखण्डः**
3.3	**चतुर्थीतत्पुरुष**	'चतुर्थी तदर्थार्थबलिहित सुख-रक्षितैः'	2.1.36	यूपाय दारु = **यूपदारु**
3.4	**पञ्चमीतत्पुरुष**	'पञ्चमी भयेन'	2.1.37	चौराद् भयम् = **चौरभयम्**
3.5	**षष्ठीतत्पुरुष**	'षष्ठी'	2.1.38. 2.2.8	राज्ञः पुरुषः = **राजपुरुषः**
3.6	**सप्तमीतत्पुरुष'**	सप्तमी शौण्डैः'	2.1.40	अक्षेषु शौण्डः = **अक्षशौण्डः**
3.7	**कर्मधारय**	(i) 'उपमानानि सामान्यवचनैः	2.1.54	घन इव श्यामः = **घनश्यामः**
		(ii) विशेषणं विशेष्येण बहुलम्'	2.1.56	नीलम् उत्पलम् = **नीलोत्पलम्**
3.8	**द्विगुसमास**	(i) ''तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च''	2.1.50	अष्टानाम् अध्यायानां समाहारः
		तथा 'संख्यापूर्वो द्विगुः'	2.1.51	= **अष्टाध्यायी**
3.9	**नञ्तत्पुरुष**	नञ्	2.2.6	न ब्राह्मणः = **अब्राह्मणः**
3.10	**गतितत्पुरुष**	कुगतिप्रादयः	2.2.18	कुत्सितः पुरुषः = **कुपुरुषः**
3.11	**उपपद तत्पुरुष**	उपपदमतिङ्	2.2.19	कुम्भं करोति इति = **कुम्भकारः**
4.	**बहुव्रीहिसमास**	अनेकमन्यपदार्थे	2.2.24	प्राप्तम् उदकं यं सः =**प्राप्तोदकः (ग्रामः)**
5.	**द्वन्द्वसमास**	चाऽर्थे द्वन्द्वः	2.2.29	रामश्च लक्ष्मणश्च = **रामलक्ष्मणौ**

कारक विभक्ति तालिका

कारक	विभक्ति	विभक्तिविधायक सूत्रम्
कर्त्ता	तृतीया	कर्तृकरणयोस्तृतीया
कर्म	द्वितीया	कर्मणि द्वितीया
करण	तृतीया	कर्तृकरणयोस्तृतीया
सम्प्रदान	चतुर्थी	चतुर्थी सम्प्रदाने
अपादान	पञ्चमी	अपादाने पञ्चमी
अधिकरण	सप्तमी	सप्तम्यधिकरणे च
सम्बोधन	प्रथमा	सम्बोधने च
सम्बन्ध	षष्ठी	षष्ठी शेषे
प्रातिपदिकार्थ	प्रथमा	प्रातिपदिकार्थलिङ्गपरिमाणवचनमात्रे प्रथमा

विशेष–उक्त कारक में प्रथमा विभक्ति तथा अनुक्त कारकों में उपर्युक्त विभक्तियाँ होंगी।

उच्चारणस्थान-तालिका

क्र.	सूत्रम्	वर्णाः	उच्चारणस्थानम्
1.	**अकुहविसर्जनीयानां कण्ठः**	अठारह प्रकार के सभी अकार, कवर्ग = क् ख् ग् घ् ङ् ह्, विसर्ग **(कण्ठ्यवर्ण)**	कण्ठ
2.	**इचुयशानां तालु**	अठारह प्रकार के सभी इकार, चवर्ग = च्, छ्, ज्, झ्, ञ्, य्, श् **(तालव्यवर्ण)**	तालु
3.	**ऋटुरषाणां मूर्धा**	अठारह प्रकार के सभी ऋकार, टवर्ग = ट्, ठ्, ड्, ढ्, ण् रेफ, ष् **(मूर्धन्य वर्ण)**	मूर्धा
4.	**ऌतुलसानां दन्ताः**	बारह प्रकार के सभी ऌकार, तवर्ग = त् थ् द् ध् न् ल् स् **(दन्त्यवर्ण)**	दन्त
5.	**उपूपध्मानीयानाम् ओष्ठौ**	अठारह प्रकार के उकार, पवर्ग = प् फ् ब् भ् म्। ×प×फ **(ओष्ठ्यवर्ण)**	ओष्ठ
6.	**ञमङणनानां नासिका च**	ञ् म् ङ् ण् न् **(अनुनासिक वर्ण)**	नासिका
7.	**एदैतोः कण्ठतालु**	ए, ऐ **(कण्ठतालव्यवर्ण)**	कण्ठतालु
8.	**ओदौतोः कण्ठोष्ठम्**	ओ, औ **(कण्ठोष्ठ्यवर्ण)**	कण्ठोष्ठ
9.	**वकारस्य दन्तोष्ठम्**	व **(दन्तोष्ठ्यवर्ण)**	दन्तोष्ठ
10.	**जिह्वामूलीयस्य जिह्वामूलम्**	×क×ख **(जिह्वामूलीयवर्ण)**	जिह्वामूल
11.	**नासिकाऽनुस्वारस्य**	अनुस्वार (ं)	नासिका

➢ उच्चारणस्थान और प्रयत्न को अष्टाध्यायी सूत्रों में नहीं बताया गया, अपितु पाणिनीय शिक्षा आदि ग्रन्थों में इसका वर्णन है।

➢ पाणिनीयशिक्षा के अनुसार उच्चारणस्थान आठ माने गए हैं–

अष्टौ स्थानानि वर्णानाम्
उरः कण्ठः शिरस्तथा।
जिह्वामूलं च दन्तश्च
नासिकोष्ठौ च तालु च॥ – पाणिनीयशिक्षा-13

संज्ञा-सूत्र-तालिका (अष्टाध्यायी क्रमानुसार)

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
01.	**वृद्धिसंज्ञा**	**वृद्धिरादैच्** 1.1.1	आ, ऐ, औ इन तीन वर्णों की **वृद्धिसंज्ञा** होती है।	त्यागः, – **आ** सदैव – **ऐ** महौषधिः – **औ**
02.	**गुणसंज्ञा**	**अदेङ् गुणः** 1.1.2	अ, ए, ओ, इन तीन वर्णों की **गुणसंज्ञा** होती है।	रमेशः – **ए** सूर्योदयः – **ओ** महर्षिः – **अ (र्)**
03.	**संयोगसंज्ञा**	**हलोऽनन्तराः संयोगः** 1.1.7	अच् (स्वर) के व्यवधान से रहित व्यञ्जनों (हलों) की **'संयोगसंज्ञा'** होती है।	(i) 'राष्ट्रम्' में **'ष्ट्र' की संयोग संज्ञा** (ii) 'अग्निः' में 'ग्न' की संयोगसंज्ञा।
04.	**अनुनासिकसंज्ञा**	**मुखनासिकावचनोऽनुनासिकः** 1.1.8	जो वर्ण मुख तथा नासिका दोनों की सहायता से उच्चरित हों उसकी **'अनुनासिकसंज्ञा'** होती है।	अँ, ङ्, ञ्, ण्, न्, म् यँ, वँ, लँ आदि
5.1	**सवर्णसंज्ञा**	**तुल्यास्यप्रयत्नं सवर्णम्** 1.1.9	जिन दो या दो से अधिक वर्णों के पारस्परिक कण्ठताल्वादि उच्चारणस्थान तथा आभ्यन्तरप्रयत्न दोनों समान हों, वे परस्पर **''सवर्णसंज्ञक''** होते हैं।	अ - आ इ - ई उ - ऊ आदि परस्पर सवर्णी हैं। रमापि, मुनीशः भानूदयः आदि।
●	**सवर्णसंज्ञा का निषेध**	**नाज्झलौ** 1.1.10	स्थान और प्रयत्न का साम्य होने पर भी अच् (स्वर) और हल् (व्यंजन) की परस्पर सवर्णसंज्ञा नही होती।	**दण्ड हस्त** डकारोत्तरवर्ती अकार तथा हकार की सवर्णसंज्ञा होकर दीर्घ नहीं हुआ।
5.2	**सवर्णसंज्ञा**	**ॠलृवर्णयोः मिथः सावर्ण्यं वाच्यम्** (वा.)	ॠ और लृ की परस्पर **सवर्ण संज्ञा** होती है	होतृ + लृकारः =होतॄकारः
6.1	**प्रगृह्यसंज्ञा**	**ईदूदेद्द्विवचनं प्रगृह्यम्** 1.1.11	दीर्घ ईकारान्त, दीर्घ ऊकारान्त, तथा दीर्घ एकारान्त द्विवचन की **'प्रगृह्यसंज्ञा'** होती है।	हरी एतौ, विष्णू इमौ गङ्गे अमू, अग्नी इति वायू इति
6.2	**प्रगृह्यसंज्ञा**	**अदसो मात्** 1.1.12	'अदस्' शब्द के मकार से परे 'ईत्' तथा 'ऊत्' प्रगृह्य संज्ञक होते हैं।	अमी ईशाः, अमू आसाते अमू, अत्र, अमी अश्वाः
6.3	**प्रगृह्यसंज्ञा**	**शे** 1.1.13	'शे' इस सुबादेश की **प्रगृह्यसंज्ञा** होती है। (प्रायशः वेदों में)	युष्मे इति, त्वे इति, मे इति।
6.4	**प्रगृह्यसंज्ञा**	**निपात एकाजनाङ्** 1.1.14	'आङ्' को छोड़कर एक 'अच्' स्वरूप निपात की **'प्रगृह्यसंज्ञा'** होती है।	अ अपेहि इ इन्द्रम्। उ उत्तिष्ठ आ एवं नु मन्यसे

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
6.5	**प्रगृह्यसंज्ञा**	**ओत्** 1.1.15	ओकारान्त निपात की **प्रगृह्यसंज्ञा** होती है।	उताहो अनिष्टम् अहो अद्य शीतम्। अहो ईशाः
6.6	**प्रगृह्यसंज्ञा** (विकल्प से)	**सम्बुद्धौ शाकल्यस्येतावनार्षे** 1.1.16	सम्बुद्धिनिमित्तक ओकार की अवैदिक 'इति' शब्द के परे रहते विकल्प से '**प्रगृह्यसंज्ञा**' होती है।	'विष्णो इति'
6.7	**प्रगृह्यसंज्ञा**	**उञः ऊँ** 1.1.17	अवैदिक 'इति' शब्द परे रहते शाकल्य आचार्य के मत में (क) उञ् की **प्रगृह्यसंज्ञा** होती है। (ख) 'उञ्' के स्थान पर 'ऊँ' आदेश होता है, जो **प्रगृह्यसंज्ञक** होता है।	'उ इति' 'ऊँ इति'
6.8	**प्रगृह्यसंज्ञा**	**ईदूतौ च सप्तम्यर्थे इति प्रगृह्यम्** 1.1.19	सप्तमी के अर्थ में ईकारान्त व ऊकारान्त की **प्रगृह्यसंज्ञा** होती है।	तनू इति गौरी अधिश्रितः
07.	**घु-संज्ञा**	**दाधा घ्वदाप्** 1.1.20	दारूप वाले तथा धारूप वाले धातुओं की '**घु' संज्ञा** होती है; 'दाप्लवने' तथा 'दैप शोधने' धातुओं को छोड़कर	दाञ्, दाण् डुधाञ्, धेट् आदि।
8.	**घ-संज्ञा**	**तरप्तमपौ घः** 1.1.22	तरप् तथा तमप् – ये दो प्रत्यय '**घ' संज्ञक** होते हैं।	कुमारितरा कुमारितमा
9.	**संख्यासंज्ञा**	**बहुगणवतुडति संख्या** 1.1.23	'बहु' व 'गण' शब्द की तथा 'वतु' व 'डति' प्रत्ययान्त शब्दों की ''**संख्यासंज्ञा**'' होती है।	बहुधा, बहुशः गणशः, तावत्कः, कतिधा, कतिशः।
10.1	**षट्-संज्ञा**	**ष्णान्ता षट्** 1.1.24	षकारान्त और नकारान्त संख्या वाची शब्दों की 'षट्' संज्ञा होती है।	षट्, (षकारान्त) पञ्च, सप्त, नव, दश (नकारान्त)
10.2	**षट्संज्ञा**	**डति च** 1.1.25	डति प्रत्ययान्त संख्यावाची शब्द की ''**षट्संज्ञा**'' होती है।	कति तिष्ठन्ति कति पश्य
11.	**निष्ठासंज्ञा**	**क्तक्तवतू निष्ठा** 1.1.26	'क्त' तथा 'क्तवतु' प्रत्यय की '**निष्ठासंज्ञा**'' होती है।	मुक्तः (क्त) भुक्तवान् (क्तवतु)
12.	**सर्वनाम-संज्ञा**	**सर्वादीनि सर्वनामानि** 1.1.27	'सर्व' आदि शब्दों की सर्वनामसंज्ञा होती है।	सर्वे इत्यादि।
13.1	**अव्ययसंज्ञा**	**स्वरादि निपातमव्ययम्** 1.1.37	स्वरादिगण में पठित शब्दों की तथा निपात शब्दों की '**अव्यय' संज्ञा** होती है।	प्रातर्, च, वा, ह इत्यादि
13.2	**अव्ययसंज्ञा**	**तद्धितश्चासर्वविभक्तिः** 1.1.38	जिससे सारी विभक्तियाँ उत्पन्न न हों, ऐसे तद्धित प्रत्ययान्त शब्द की '**अव्यय' संज्ञा** होती है।	ततः, तत्र, तदा विना इत्यादि।
13.3	**अव्ययसंज्ञा**	**कृन्मेजन्तः** 1.1.39	मकारान्त कृत् प्रत्ययान्त तथा एजन्त कृत् प्रत्ययान्त शब्द की '**अव्यय' संज्ञा** होती है।	स्वादुङ्कारम् वक्षे। पठितुम्
13.4	**अव्ययसंज्ञा**	**क्त्वातोसुन्कसुनः** 1.1.40	'क्त्वा' 'तोसुन्' तथा 'कसुन्' प्रत्ययान्त शब्दों की '**अव्यय' संज्ञा** होती है।	गत्वा, उदेतोः, विसृपः

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
13.5	अव्ययसंज्ञा	**अव्ययीभावश्च** 1.1.40	अव्ययीभावसमास की **अव्ययसंज्ञा** होती है।	अधिहरि, अध्यात्मम्, प्रत्यग्नि।
14.1	सर्वनामस्थान	**शि सर्वनामस्थानम्** 1.1.41	'शि' की **सर्वनामस्थान संज्ञा** होती है।	वनानि, दधीनि मधूनि।
14.2	सर्वनामस्थान	**सुडनपुंसकस्य** 1.1.42	नपुंसकलिङ्ग से भिन्न 'सुट्' (सु, औ, जस्, अम्, औट्–इन पाँच) प्रत्ययों की **'सर्वनामस्थान'** संज्ञा होती है।	राजा (सु) राजानौ (औ) राजानः (जस्) राजानम् (अम्) राजानौ (औट्)
15.	विभाषासंज्ञा	**न वेति विभाषा** 1.1.43	'न' का अर्थ है–निषेध 'वा' का अर्थ है–विकल्प निषेध तथा विकल्प– इन दो अर्थों की **'विभाषा' संज्ञा** होती है।	"विभाषा श्वेः" 6.1.30
16.	सम्प्रसारणम्	**इग्यणः सम्प्रसारणम्** 1.1.44	'यण्' के स्थान पर होने वाले 'इक्' की **"सम्प्रसारण" संज्ञा** होती है।	यज् + क्त = इष्टः वप् + क्त = उप्तः
17.	लोप-संज्ञा	**अदर्शनं लोपः** 1.1.59	विद्यमान के अदर्शन = अश्रवण की **"लोप" संज्ञा** होती है।	शाला + छ = शालीयः 'आकार' की लोपसंज्ञा "यस्येति च" से लोप
18.	लुक् श्लु लुप्	**प्रत्ययस्य लुक्श्लुलुपः** 1.1.60	(क) लुक् शब्द से कराया गया प्रत्ययादर्शन 'लुक्संज्ञक' होता है। (ख) श्लु शब्द से कराया गया प्रत्ययादर्शन **'श्लुसंज्ञक'** होता है। (ग) 'लुप्' शब्द से कराया गया प्रत्ययादर्शन **'लुप्संज्ञक'** होता है।	विशाखः (लुक्संज्ञा) जुहोति (श्लु संज्ञा) वरणाः (लुप् संज्ञा)
19.	टि-संज्ञा	**अचोऽन्त्यादि टि** 1.1.63	अचों के मध्य में जो अन्त्य अच्, वह है आदि में जिसके, उस समुदाय की **"टिसंज्ञा"** होती है।	मनस् में – 'अस्' राजन् में – 'अन्' दधि में – 'इ' की टिसंज्ञा।
20.	उपधासंज्ञा	**अलोऽन्त्यात् पूर्व उपधा** 1.1.64	अन्त्य अल् से पूर्व वर्ण की **"उपधा"** संज्ञा होती है।	गम् में – अ मुच् में – उ भिद् में – इ की उपधा संज्ञा।
21.	प्रत्याहारसंज्ञा	**आदिरन्त्येन सहेता** 1.1.70	आदिवर्ण अन्त्य इत्संज्ञक वर्ण के साथ मिलकर अपने स्वरूप का तथा मध्य में स्थित वर्णों का बोध कराता है। यही **"प्रत्याहार"** है।	अण् = अ, इ, उ इक् = इ, उ, ऋ, लृ इत्यादि।
22.1	वृद्धसंज्ञा	**वृद्धिर्यस्याचामादिस्तद् वृद्धम्** 1.1.72	जिस समुदाय के अचों के मध्य आदि अच् वृद्धिसंज्ञक हो, उस समुदाय की **'वृद्ध' संज्ञा** होती है।	'शालीयः' में 'शाला' शब्द की वृद्ध संज्ञा।
22.2	वृद्धसंज्ञा	**त्यदादीनि च** 1.1.73	त्यादिगण में पठित शब्दों की **"वृद्धसंज्ञा"** होती है।	'त्यदीयम्' में 'त्यद्' शब्द की वृद्धसंज्ञा।

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
22.3	वृद्धसंज्ञा	**एङ् प्राचां देशे** 1.1.74	जिस समुदाय के अचों का आदि अच् 'एङ्' हो; उसकी **'वृद्धसंज्ञा'** होती है, पूर्व दिशा को कहने के विषय में।	'गोनर्दीयः' में 'गोनर्द' शब्द की वृद्धसंज्ञा।
23.	ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत	**ऊकालोऽज्झ्रस्वदीर्घप्लुतः** 1.2.27	'ऊकाल' का अर्थ है–उकाल एकमात्रिक ऊकाल द्विमात्रिक, तथा उ ३ काल त्रिमात्रिक। एकमात्रिक, द्विमात्रिक, त्रिमात्रिक अच् की यथासंख्य करके **ह्रस्व, दीर्घ और प्लुतसंज्ञा** होती है।	दधिच्छत्रम् (ह्रस्व) गौरी (दीर्घ) देवदत्त ३ (प्लुत)
24.	उदात्तसंज्ञा	**उच्चैरुदात्तः** 1.2.29	ताल्वादि स्थानों से वर्णों का उच्चारण होता है; उन स्थानों के ऊर्ध्वभागों से उच्चरित अच् **'उदात्तसंज्ञक'** होता है।	उदात्त के लिए प्रायः कोई चिह्न नही होता।
25.	अनुदात्तसंज्ञा	**नीचैरनुदात्तः** 1.2.30	ताल्वादि स्थानों के निम्नभागों से उच्चरित 'अच्' **''अनुदात्तसंज्ञक''** होता है।	अनुदात्त के लिए वर्ण के नीचे पड़ी रेखा (–) अंकित की जाती है।
26.	स्वरितसंज्ञा	**समाहारः स्वरितः** 1.2.31	उदात्तत्व और अनुदात्तत्व ये दोनों जिस अच् में विद्यमान हो, वह **''स्वरितसंज्ञक''** होता है।	स्वरित के लिए वर्ण के ऊपर (।) खड़ी रेखा होती है।
27.	अपृक्तसंज्ञा	**अपृक्त एकाल् प्रत्ययः** 1.2.41	एकाल् = एक अल्/वर्ण जो प्रत्यय एक वर्णरूप हो, या एक वर्ण रूप हो गया हो, उसकी **''अपृक्त''** संज्ञा होती है।	'वाच् सु 'अनुबन्ध लोप। ''वाच् स्'' यहाँ 'स्' एक वर्ण रूप प्रत्यय है, अतः अपृक्तसंज्ञक है।
28.1	उपसर्जनसंज्ञा	**प्रथमानिर्दिष्टं समास उपसर्जनम्** 1.2.43	समास विधायक शास्त्र में प्रथमा से निर्दिष्ट जो पद, उसके द्वारा बोध्य शब्द की **''उपसर्जनसंज्ञा''** होती है।	'उपकृष्णम्' में 'उप' की उपसर्जन संज्ञा।
28.2	उपसर्जनसंज्ञा	**एकविभक्तिक चाऽपूर्वनिपाते** 1.2.44	समास विग्रह में जो नियतविभक्तिक हो, उस पद की **'उपसर्जनसंज्ञा'** हो परन्तु उसका पूर्वनिपात न हो।	'अतिमाला' यहाँ 'माला' पद एक विभक्तिक है; अतः यह 'उपसर्जनसंज्ञक' है।
29.1	प्रातिपदिक	**अर्थवदधातुरप्रत्ययः** प्रातिपदिकम् 1.2.45	धातुरहित, प्रत्यय व प्रत्ययान्तरहित सार्थक शब्दस्वरूप की **प्रातिपदिक संज्ञा** होती है।	राम, कृष्ण, लता आदि।
29.2	प्रातिपदिक	**कृत्तद्धितसमासाश्च** 1.2.46	कृत् प्रत्ययान्त, तद्धित प्रत्ययान्त तथा समास भी **''प्रातिपदिकसंज्ञक''** होते हैं।	कारकः (कृत्) शालीयः (तद्धित) राजपुरुषः (समास)
30.1	धातुसंज्ञा	**भूवादयो धातवः** 1.3.1	क्रिया के वाचक 'भू' आदि तथा 'वा' के प्रकार वाले शब्दों की **धातुसंज्ञा** होती है।	भू, पठ्, गम्, वा आदि।

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
30.2	धातुसंज्ञा	**सनाद्यन्ता धातवः** 3.1.32	सन् आदि प्रत्ययान्त समुदाय की **'धातुसंज्ञा'** होती है।	जुगुप्सते (सन्) पुत्रीयति (क्यच्)
31.1	इत्संज्ञा	**उपदेशेऽजनुनासिक इत्** 1.3.2	उपदेश अवस्था में अनुनासिक अच् वर्ण की **''इत्'' संज्ञा** होती है।	''एधँ''–यहाँ धकारोत्तरवर्ती अकार अनुनासिक होने से इत्संज्ञक है।
31.2	इत्संज्ञा	**हलन्त्यम्** 1.3.3	उपदेश में अन्तिम हल् **''इत्संज्ञक''** होता है।	अइउण् में 'णकार' की इत्संज्ञा है।
31.3	इत्संज्ञा	**आदिर्ञिटुडवः** 1.3.5	उपदेश अवस्था में धातु के आदि में वर्तमान ञि, टु, तथा डु –इनकी **''इत्संज्ञा''** होती है।	ञिमिदा टुवेपृ, डुकृञ् में ञि, टु तथा डु इत्संज्ञक हैं।
31.4	इत्संज्ञा	**षः प्रत्ययस्य** 1.3.6	उपदेश अवस्था में प्रत्यय के आदि में स्थित 'षकार' की **''इत्संज्ञा''** होती है।	नृत् + ष्वुन् यहाँ 'षकार' इत्संज्ञक है।
31.5	इत्संज्ञा	**चुटू** 1.3.7	उपदेश अवस्था में प्रत्यय के आदि में वर्तमान चवर्ग और टवर्ग की **''इत्संज्ञा''** होती है।	'ब्राह्मण + जस् = ब्राह्मणाः में 'ज्' की इत्संज्ञा वाच् + टा = वाचा में 'ट्' की इत्संज्ञा।
31.6	इत्संज्ञा	**लशक्वतद्धिते** 1.3.8	उपदेश अवस्था में प्रत्यय के आदि में स्थित लकार, शकार, तथा कवर्ग की **इत्संज्ञा** होती है। किन्तु तद्धित प्रत्ययों में नही।	चि + ल्युट् = चयनम् 'ल्' की इत्संज्ञा भुज् + क्त = भुक्तः 'क्' की इत्संज्ञा भू + शप् + तिप् = भवति श् की इत्संज्ञा
●	इत्संज्ञा निषेधक सूत्र	**न विभक्तौ तुस्माः** 1.3.4	विभक्ति में वर्तमान तवर्ग, सकार और मकार जो अन्त्य हल्, उनकी **इत्संज्ञा नहीं** होती है।	रामात्, जस्, आम्
32.1	नदीसंज्ञा	**यू स्त्र्याख्यौ नदी** 1.4.3	**'यू'** = (ई+ऊ) का अर्थ है– ईकारान्त व ऊकारान्त। **'स्त्र्याख्यौ'** का अर्थ है= नित्यस्त्रीलिङ्ग शब्द। ईदन्त तथा ऊदन्त नित्यस्त्रीलिङ्ग शब्दों की **''नदीसंज्ञा''** होती है।	नदी, गौरी, वधू आदि।
32.2	नदीसंज्ञा	**प्रथमलिङ्गग्रहणञ्च** (वा.)	जो शब्द पहले नित्यस्त्रीलिङ्ग है, तथा बाद में समास की दशा में गौण होकर अन्य लिङ्ग में चला गया हो, उसकी भी पहले के स्त्रीलिङ्ग के आधार पर **'नदीसंज्ञा'** हो जाती है।	बह्व्यः श्रेयस्यो यस्य स 'बहुश्रेयसी'
●	नदीसंज्ञा निषेधक सूत्र	**नेयङुवङ्स्थानावस्त्री** 1.4.4	जिन ईकार व ऊकार के स्थान पर क्रमशः इयङ् व उवङ् आदेश होते हैं, उन स्त्रीवाची पदों की **''नदीसंज्ञा''**	हे श्रीः! हे भ्रूः।

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
			नही होती है। 'स्त्री' शब्द को छोड़कर	
32.3	नदीसंज्ञा	**वाऽऽमि** 1.4.5	इयङ् उवङ् स्थानी, स्त्रीवाची ईकारान्त व ऊकारान्त शब्दों की 'आम्' परे रहते विकल्प से "**नदीसंज्ञा**" होती है। 'स्त्री' शब्द को छोड़कर।	श्रियाम् श्रीणाम्
32.4	नदीसंज्ञा	**ङिति ह्रस्वश्च** 1.4.6	ह्रस्व इकारान्त, उकारान्त स्त्रीवाची शब्दों तथा इयङ् उवङ् स्थानी ईकारान्त, उकारान्त स्त्रीवाची शब्दों की ङित् विभक्ति में विकल्प से **नदी संज्ञा** होती है; 'स्त्री' शब्द को छोड़कर।	(i) मत्यै, मतये। (ii) धेन्वै, धेनवे (iii) श्रियै, श्रिये।
33.1	घिसंज्ञा	**शेषो घ्यसखि** 1.4.7	जिनकी नदी संज्ञा नही है, ऐसे ह्रस्व इकार और ह्रस्व उकार हैं अन्त में जिनके, उन शब्दों की '**घि' संज्ञा** होती है, 'सखि' शब्द को छोड़कर।	(i) हरिः, (ii) भानुः, (iii) वारि (iv) मधु
33.2	घिसंज्ञा	**पतिः समास एव** 1.4.8	'पति' शब्द समास में ही "**घि**" **संज्ञक** होता है।	(i) भूपतिः (ii) सीतापतिः
33.3	घिसंज्ञा	**षष्ठीयुक्तश्छन्दसि वा** 1.4.9	षष्ठ्यन्त शब्द से युक्त जो पति शब्द, उसकी वेदों में "**घि" संज्ञा** होती है।	(i) क्षेत्रस्य पतिना (ii) दिशां च पतये।
34.	लघुसंज्ञा	**ह्रस्वं लघु** 1.4.10	ह्रस्व वर्ण की "**लघु" संज्ञा** होती है।	भिद् + तृच् = भेत्ता
35.1	गुरुसंज्ञा	**संयोगे गुरु** 1.4.11	संयोग परे रहते ह्रस्ववर्ण की "**गुरुसंज्ञा**" होती है।	'शिक्षा'–यहाँ 'इकार' की गुरुसंज्ञा
35.2	गुरुसंज्ञा	**दीर्घञ्च** 1.4.12	दीर्घवर्ण की "**गुरुसंज्ञा**" होती है।	'ईहाञ्चक्रे' यहाँ 'ईकार' की गुरुसंज्ञा।
36.	अङ्गसंज्ञा	**यस्मात्प्रत्ययविधिस्तदादि प्रत्ययेऽङ्गम्** 1.4.13	'प्रत्ययविधि' का अर्थ है–प्रत्यय का विधान। जिस प्रकृति (धातु या प्रातिपदिक) से प्रत्यय का विधान किया जाय, उस प्रत्यय के परे रहते उस प्रकृति का आदि वर्ण है आदि जिसका, उस सम्पूर्ण समुदाय की "**अङ्ग" संज्ञा** होती है।	कृ + तृच् = कर्त्ता यहाँ 'कृ' की अङ्ग संज्ञा।
37.1	पदसंज्ञा	**सुप्तिङन्तं पदम्** 1.4.14	सुबन्त (सुप् अन्त वाला) तथा तिङन्त (तिङ् अन्त वाला) शब्द की "**पद" संज्ञा** होती है। 'सु औ जश्' आदि **21 सुप्प्रत्यय** तथा 'तिप् तस् झि' आदि **18 तिङ्प्रत्यय** हैं।	(i) देवः (सुबन्त) (ii) पठति (तिङन्त)

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
37.2	**पदसंज्ञा**	**नः क्ये** 1.4.15	नकारान्त शब्द की क्यच्, क्यङ् व क्यष् प्रत्यय परे रहते ''**पदसञ्ज्ञा**'' होती है।	(i) राजीयति। (ii) राजायते।
37.3	**पदसंज्ञा**	**सिति च** 1.4.16	सित् प्रत्यय परे रहते पूर्व की ''**पद**'' **संज्ञा** होती है।	भवत् + छस् = भवदीयः यहाँ 'भवत्' की पद संज्ञा।
37.4	**पदसंज्ञा**	**स्वादिष्वसर्वनामस्थाने** 1.4.17	सर्वनामस्थान भिन्न 'सु' आदि प्रत्ययों के परे रहते पूर्व शब्दसमुदाय की ''**पद**'' **संज्ञा** होती है।	राजन् + भ्याम् = राजभ्याम् यहाँ 'राजन्' की पद संज्ञा।
38.1	**भसंज्ञा**	**यचि भम्** 1.4.18	सर्वनामसंज्ञक पाँच प्रत्ययों (सु, औ, जस्, अम्, औट्) को छोड़कर 'सु' से लेकर 'कप्' प्रत्यय पर्यन्त यकारादि तथा अजादि प्रत्यय परे रहते पूर्व की '**भ**' **संज्ञा** होती है।	(i) गर्ग + यञ् = गार्ग्यः (ii) दक्ष + इञ् = दाक्षिः
38.2	**भ संज्ञा**	**तसौ मत्वर्थे** 1.4.19	तकारान्त और सकारान्त शब्दों की मत्वर्थ प्रत्ययों के परे रहते '**भ**' **संज्ञा** होती है।	(i) विद्युत् सु + मतुप् विद्युत्वान् (iii) तपस् सु विनि = तपस्वी
38.3	**भ-संज्ञा**	**अयस्मयादीनि छन्दसि** 1.4.20	वेदों में 'अयस्मय' इत्यादि शब्द साधु होते हैं यहाँ भी '**भ**' **संज्ञा** होती है।	अयस्मयम् मनस्मयम्
39.1	**अपादान**	**ध्रुवमपायेऽपादानम्** 1.4.24	पार्थक्य होने पर अवधिभूत अर्थात् अचल की ''**अपादान**'' **संज्ञा** होती है।	**वृक्षात्** पत्रं पतति
39.2	**अपादान**	**भीत्रार्थानां भयहेतुः** 1.4.25	भय अर्थ वाले तथा रक्षा अर्थ वाले धातुओं के योग में, जो भय का हेतु होता है, उसकी '**अपादान**' **संज्ञा** होती है।	(i) बालकः **सिंहात्** बिभेति। (ii) **चौरात्** रक्षति देवः।
39.3	**अपादान**	**पराजेरसोढः** 1.4.26	'परा' उपसर्ग पूर्वक 'जि' धातु के योग में जो सहन न किया जा सके, ऐसे शब्द की **अपादानसंज्ञा** होती है।	अध्ययनात् पराजयते।
39.4	**अपादान**	**वारणार्थानामीप्सितः** 1.4.27	वारण (रोकना) अर्थ वाले धातुओं के प्रयोग में जिससे रोकना अभीष्ट है, उसकी '**अपादान**' **संज्ञा** होती है।	**यवेभ्यो** गां वारयति।
39.5	**अपादान**	**अन्तर्धौ येनादर्शनमिच्छति** 1.4.28	ओट के होने पर छिपने वाला जिससे अपना छिपाव चाहता है, उसकी '**अपादान**' **संज्ञा** होती है।	(i) **आरक्षकात्** चोरः निलीयते। (ii) **मातुर्निलीयते** कृष्णः
39.6	**अपादान**	**आख्यातोपयोगे** 1.4.29	नियमपूर्वक विद्याग्रहण करने में पढ़ाने वाले की '**अपादान**' **संज्ञा** होती है।	**आचार्यात्** व्याकरणम् अधीते।
39.7	**अपादान**	**जनिकर्तुः प्रकृतिः** 1.4.30	जन्म के कर्त्ता की प्रकृति	**गोमयात्**

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
			अर्थात् उत्पन्न होने वाले के कारण की **'अपादान' संज्ञा** होती है।	वृश्चिको जायते
39.8	अपादान	**भुवः प्रभवः** 1.4.31	भू धातु के कर्त्ता के उत्पत्तिस्थान की **'अपादान' संज्ञा** होती है।	गङ्गा **हिमालयात्** प्रभवति।
●	अपादान	**जुगुप्साविराम प्रमादार्थाना-मुपसंख्यानम्** (वा0)	जुगुप्सा, विराम, तथा प्रमाद अर्थ वाली धातुओं के योग में **अपादान संज्ञा** होती है।	**पापात्** जुगुप्सते। **पापात्** विरमति। **अध्ययनात्** प्रमाद्यति
40.1	सम्प्रदान	**कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम्** 1.4.32	दान क्रिया के कर्म के द्वारा कर्त्ता जिसे अच्छी प्रकार युक्त या लक्षित करना चाहता है, उसकी **सम्प्रदानसंज्ञा** होती है।	नृपः **विप्राय** धनं ददाति।
●	सम्प्रदान	**क्रियया यमभिप्रैति सोऽपि सम्प्रदानम्** (वा0)	क्रिया के द्वारा कर्त्ता जिसे लक्षित करता है, उसकी भी **सम्प्रदान संज्ञा** होती है।	**पत्ये** शेते।
40.2	सम्प्रदान	**रुच्यर्थानां प्रीयमाणः** 1.4.33	रुचि अर्थात् अभिलाषा अर्थवाली धातुओं के योग में, जिसे वह वस्तु प्रिय हो, उसकी **'सम्प्रदान' संज्ञा** होती है।	**बालकाय** दुग्धं रोचते। **बालकाय** मोदकं स्वदते।
40.3	सम्प्रदान	**श्लाघह्नुङ्स्थाशपां ज्ञीप्स्यमानः** 1.4.34	श्लाघ्, ह्नुङ्, स्था, शप् धातुओं के योग में जो जनाये जाने की इच्छा वाला है, उसकी **'सम्प्रदान' संज्ञा** होती है।	गोपी स्मरात् **कृष्णाय** श्लाघते। ह्नुते, तिष्ठति, शपते वा।
40.4	सम्प्रदान	**धारेरुत्तमर्णः** 1.4.35	धारि (धृ + णिच्) इस णिजन्त धातु के योग में उत्तमर्ण की **'सम्प्रदान' संज्ञा** होती है। नोट–ऋण देने वाला–उत्तमर्ण ऋण लेने वाला–अधमर्ण	मोहनः **श्यामाय** शतं धारयति।
40.5	सम्प्रदान	**स्पृहेरीप्सितः** 1.4.36	'स्पृह ईप्सायाम्' धातु के योग में ईप्सित = अभीष्ट की **'सम्प्रदान' संज्ञा** होती है।	कन्या **पुष्पेभ्यः** स्पृहयति।
40.6	सम्प्रदान	**क्रुधद्रुहेर्ष्याऽसूयार्थानां यं प्रति कोपः** 1.4.37	क्रुध्, द्रुह्, ईर्ष्य, तथा असूय– इन धातुओं के योग में जिसके प्रति कोप किया जाय, उसकी **'सम्प्रदान' संज्ञा** होती है।	राजा **चोराय** क्रुध्यति
407.	सम्प्रदान	**राधीक्ष्योर्यस्य विप्रश्नः** 1.4.39	'राध्' और 'ईक्ष्' धातुओं के योग में जिसके विषय में विविध प्रश्न हों, उस कारक की **सम्प्रदान संज्ञा** होती है। 'राध्' व 'ईक्ष्' का अर्थ है–"शुभाशुभ विचार करना।"	(i) **श्यामाय** राध्यति (ii) **श्यामाय** ईक्षते।

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
40.8	**सम्प्रदान**	**प्रत्याङ्भ्यां श्रुवः पूर्वस्य कर्त्ता** 1.4.40	'प्रति' तथा 'आङ्' पूर्वक 'श्रु' धातु के योग में पूर्व का जो कर्त्ता है, उसकी **''सम्प्रदान'' संज्ञा** होती है।	राजा **ब्राह्मणाय** गां प्रतिशृणोति आशृणोति वा।
40.9	**सम्प्रदान**	**अनुप्रतिगृणश्च** 1.4.41	'अनु' तथा 'प्रति' उपसर्ग पूर्वक ''गृ'' धातु के प्रयोग में पूर्व का जो कर्त्ता है, उसकी **''सम्प्रदान'' संज्ञा** होती है।	(i) **होत्रे** अनुगृणाति (ii) **होत्रे** प्रतिगृणाति
40.10	**करण तथा सम्प्रदानसंज्ञा** (विकल्प से)	**परिक्रयणे सम्प्रदानमन्यतरस्याम्** 1.4.44	परिक्रयण में साधकतम कारक की विकल्प से **''सम्प्रदान'' संज्ञा** तथा पक्ष में यथाप्राप्त **''करण'' संज्ञा** होती है।	(i) **शतेन** परिक्रीतः। (ii) **शताय** परिक्रीतः (सम्प्रदानसंज्ञा विकल्प से)
41.1	**करण**	**साधकतमं करणम्** 1.4.42	क्रिया की सिद्धि में जो सबसे अधिक उपकारक = सहायक हो, उसकी **''करण' संज्ञा** होती है।	**परशुना** छिनत्ति।
41.2	**कर्म तथा करणसंज्ञा**	**दिवः कर्म च** 1.4.43	'दिव्' धातु का जो साधकतम कारक उसकी **''कर्म''** तथा **''करण'' संज्ञा** होती है।	(i) **अक्षान्** दीव्यति (ii) **अक्षैः** दीव्यति
42.	अधिकरण	**आधारोऽधिकरणम्** 1.4.45	आधार की **''अधिकरण'' संज्ञा** होती है। 'अधिकरण' तीन प्रकार का होता है– (i) अभिव्यापक (ii) औपश्लेषिक (iii) वैषयिक	(i) **तिलेषु** तैलम् (अभिव्यापक) (ii) कटे आस्ते (औपश्लेषिक) (iii) मोक्षे इच्छा अस्ति (वैषयिक)
43.	**(अ) कर्मसंज्ञा**	**अधिशीङ्स्थासां कर्म** 1.4.46 (आधार की कर्मसंज्ञा)	'अधि' उपसर्गपूर्वक 'शीङ्' धातु, अधि पूर्वक 'स्था' धातु, तथा अधि पूर्वक 'आस्' धातु के आधार की **''कर्म'' संज्ञा** होती है।	(i) हरिः **वैकुण्ठम्** अधिशेते। (ii) मुनिः **शिलापट्टम्** अधितिष्ठति (iii) सः **पर्वतम्** अध्यास्ते।
	(इ) कर्मसंज्ञा	**अभिनिविशश्च** 1.4.47 (आधार की कर्मसंज्ञा)	'अभि' तथा 'नि' उपसर्ग पूर्वक 'विश्' धातु के आधार की **''कर्मसंज्ञा''** होती है।	सन्मार्गम् अभिनिविशते।
	(उ) कर्मसंज्ञा	**उपान्वध्याङ्वसः** 1.4.48 (आधार की कर्मसंज्ञा)	उप, अनु, अधि, तथा आङ् उपसर्ग पूर्वक ''वस्'' धातु के आधार की **''कर्मसंज्ञा''** होती है।	(i) सेना **ग्रामम्** उपवसति (ii) सेना **पर्वतम्** अनुवसति (iii) सेना **ग्रामम्** अधिवसति (iv) सेना **ग्रामम्** आवसति
	(ऋ) कर्मसंज्ञा	**क्रुधद्रुहोरुपसृष्टयोः कर्म** 1.4.38	उपसर्गयुक्त क्रुध, द्रुह् धातुओं के योग में जिसके प्रति कोप किया जाता है, उसकी **''कर्मसंज्ञा''** होती है।	(i) बालकम् अभिक्रुध्यति। (ii) **बालकम्** अभिद्रुह्यति
	(ए) कर्मसंज्ञा	**कर्तुरीप्सिततमं कर्म** 1.4.49	कर्त्ता को अपनी क्रिया के द्वारा जो अत्यधिक ईप्सित हो, उसकी **''कर्मसंज्ञा''** होती है।	बालकः **ग्रामं** गच्छति
	(ओ) कर्मसंज्ञा	**तथायुक्तं चाऽनीप्सितम्** 1.4.50	अभीष्टतम के समान क्रिया से युक्त	ग्रामं गच्छन्

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
			होने पर अनभीष्ट की भी ''**कर्मसंज्ञा**'' होती है।	**तृणं** स्पृशति।
	(ऐ) कर्मसंज्ञा	**अकथितञ्च** 1.4.51 **''दुह्याच्पच्दण्ड्रुधिप्रच्छि चिब्रूशासुजिमथ्मुषाम्। कर्मयुक् स्यादकथितं तथा स्यान्नीहृकृष्वहाम्॥**	अकथित अर्थात् अपादानादि के द्वारा न कहे गए कारक की भी ''**कर्मसंज्ञा**'' होती है। दुह् आदि कुल सोलह तथा इनके समान अर्थ वाली धातुओं के योग में ''**कर्मसंज्ञा**'' होती है। ●मुख्य कर्म में ''कर्तुरीप्सिततमं कर्म'' से तथा गौणकर्म में ''अकथितञ्च'' सूत्र से **कर्मसंज्ञा** होती है।	(i) वामनः **बलिं** वसुधां याचते। (ii) **तण्डुलान्** ओदनं पचति (iii) **गर्गान्** शतं दण्डयति (iv) **गां व्रजम्** अवरुणद्धि (v) **माणवकं** पन्थानं पृच्छति (vi) **वृक्षम्** अवचिनोति फलानि। (vii) **माणवकं** धर्मं ब्रूते शास्ति, भाषते, वक्ति, अभिधत्ते वा। (viii) **देवं** शतं जयति। (ix) **क्षीरनिधिं** सुधां मथ्नाति। (x) **देवं** शतं मुष्णाति (xi) देवः **ग्रामम्** अजां नयति, हरति कर्षति वहति
	(औ) कर्मसंज्ञा	**गतिबुद्धिप्रत्यवसानार्थशब्दकर्माकर्मकाणामणि कर्त्ता स णौ** 1.4.52	गमनार्थक, ज्ञानार्थक, भक्षणार्थक, तथा शब्दकर्मक, और अकर्मक धातुओं के अण्यन्त अवस्था के कर्त्ता की ण्यन्तावस्था में ''**कर्मसंज्ञा**'' होती है।	बालकः **ग्रामं** गच्छति (अण्यन्त अवस्था) **बालकं** ग्रामं गमयति (ण्यन्त अवस्था)
	(ह) कर्मसंज्ञा	**हृक्रोरन्यतरस्याम्** 1.4.53	'हृ', तथा 'कृ' धातु के अण्यन्त दशा के कर्त्ता की ण्यन्तदशा में विकल्प से ''**कर्मसंज्ञा**'' होती है।	माणवको भारं हरति (अण्यन्त) **माणवकं** भारं हारयति (ण्यन्त) माणवकेन भारं हारयति (ण्यन्त)
44.1	कर्तृसंज्ञा	**स्वतन्त्रः कर्त्ता** 1.4.54	क्रिया की सिद्धि में जो स्वतन्त्ररूपेण अर्थात् प्रमुखतया विवक्षित होता है, वह ''**कर्त्ता**'' **संज्ञक** होता है।	**सा** पचति। यहाँ उक्तकर्त्ता में 'प्रातिपदिकार्थ.....' से प्रथमा हुई।
44.2	कर्तृसंज्ञा	**तत्प्रयोजको हेतुश्च** 1.4.55	स्वतन्त्रतया विवक्षित कारक के प्रेरक की **'कर्त्ता' व 'हेतु' संज्ञायें** होती हैं।	**श्यामेन** देवः कटं कारयति। यहाँ 'श्याम' की 'कर्त्ता' व 'हेतु' दो संज्ञायें हुई।
45.1	निपातसंज्ञा	**प्राग्रीश्वरान्निपाताः** 1.4.56	'अधिरीश्वरे' (पा० 1.4.97) सूत्र पर्यन्त कहे गए शब्दों की **'निपात' संज्ञा** होती है।	
45.2	निपातसंज्ञा	**चादयोऽसत्त्वे** 1.4.57	द्रव्य अर्थ न होने पर 'च' आदि शब्दों की ''**निपात**'' **संज्ञा** होती है।	च, वा, ह आदि।

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
46.	**निपात एवं उपसर्ग संज्ञा**	**प्रादय उपसर्गाः क्रियायोगे** 1.4.58	प्रादिगण में पठित असत्त्वार्थक शब्दों की **''निपातसंज्ञा''** होती है, तथा क्रिया के योग में उनकी **''उपसर्गसंज्ञा''** भी होती है। उक्त दोनों संज्ञायें होती है।	प्र, परा, अप, सम् अनु, अव, निस्, निर् दुस्, दुर्, वि, आङ्, नि, अधि, अपि, अति, सु, उद्, अभि, प्रति, परि उप। ये प्रादिगण में पठित **22 उपसर्ग** हैं।
47.	**गतिसंज्ञा उपसर्गसंज्ञा और निपातसंज्ञा**	**गतिश्च** 1.4.59	क्रिया के योग में 'प्र' आदि की। **''गतिसंज्ञा''** और **''उपसर्गसंज्ञा''** **''निपातसंज्ञा''** भी होती है।	प्रणीतम् यहाँ 'प्र' की ''गति'' एवं ''उपसर्ग'' दोनों संज्ञायें हैं।
48.1	**गति और निपातसंज्ञा**	**ऊर्यादिच्विडाचश्च** 1.4.60	ऊर्यादि शब्द, च्व्यन्त, और डाजन्त शब्दों की क्रियायोग में **''गति और निपात''** संज्ञा होती है।	ऊरीकृत्य शुक्लीकृत्य पटपटाकृत्य
48.2	**गति और निपातसंज्ञा**	**अनुकरणं चानितिपरम्** 1.4.61	'इति' शब्द नही है जिससे परे, ऐसे अनुकरणवाची शब्द की क्रियायोग में **''गति और निपात''** संज्ञा होती है।	खाट्कृत्य
48.3	**गति और निपातसंज्ञा**	**आदरानादरयोः सदसती** 1.4.62	आदर और अनादर अर्थों में यथासंख्य 'सत्' तथा 'असत्' शब्दों की **''गति और निपात''** संज्ञा होती है।	सत्कृत्य असत्कृत्य
48.4	**गति और निपातसंज्ञा**	**भूषणेऽलम्** 1.4.63	भूषण अर्थ में 'अलम्' शब्द की क्रियायोग में **''गति तथा निपात''** संज्ञा होती है।	अलङ्कृत्य
48.5	**गति और निपातसंज्ञा**	**अन्तरपरिग्रहे** 1.4.64	'अपरिग्रह' अर्थ में 'अन्तर्' शब्द की **''गति और निपात''** संज्ञा होती है।	अन्तर्हत्य
48.6	**गति और निपातसंज्ञा**	**कणेमनसी श्रद्धाप्रतीघाते** 1.4.65	श्रद्धा के प्रतिघात अर्थ में 'कणे' और 'मनस्' शब्दों की क्रियायोग में **''गति और निपात''** संज्ञा होती है।	कणेहत्य मनोहत्य
48.7	**गति व निपातसंज्ञा**	**पुरोऽव्ययम्** 1.4.66	क्रियायोग में **'पुरस्'** अव्यय की **''गति व निपात''** संज्ञा होती है।	पुरस्कृत्य (आगे करके)
48.8	**गति तथा निपातसंज्ञा**	**अस्तञ्च** 1.4.67	क्रिया के योग में 'अस्तम्' अव्यय की **''गति तथा निपात''** संज्ञा होती है।	अस्तङ्गत्य (अस्त होकर)
48.9	**गति तथा निपातसंज्ञा**	**अच्छ गत्यर्थवदेषु** 1.4.68	गमनार्थक धातु तथा वद् धातु के योग में 'अच्छ' अव्यय की **''गति तथा निपात''** संज्ञा होती है।	अच्छगत्य (सामने आकर)
48.10	**गति तथा निपातसंज्ञा**	**अदोऽनुपदेशे** 1.4.69	किसी की कही हुई बात को 'उपदेश' तथा जो स्वयं सोचा जाय, उसे 'अनुपदेश' कहते हैं। 'अनुपदेश' विषय में 'अदः' शब्द क्रियायोग में **''गति और निपात''** संज्ञक होता है।	अदःकृत्य (स्वयं विचारकर)

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
48.11	गति तथा निपातसंज्ञा	**तिरोऽन्तर्धौ** 1.4.70	अन्तर्द्धि का अर्थ है–व्यवधान। व्यवधान अर्थ में 'तिरस्' शब्द की क्रियायोग में **''गति और निपात''** संज्ञा होती है।	तिरोभूय (छिपकर)
48.12	गति तथा निपातसंज्ञा	**विभाषा कृञि** 1.4.71	छिपने अर्थ में 'तिरः' शब्द की 'कृ' धातु के योग में विकल्प से **''गतिसंज्ञा''** और **''निपातसंज्ञा''** नित्य होती है।	तिरस्कृत्य तिरःकृत्य तिरःकृत्वा
48.13	गति तथा निपातसंज्ञा	**उपाजेऽन्वाजे** 1.4.72	'उपाजे' तथा 'अन्वाजे' शब्दों की 'कृ' धातु के योग में विकल्प से **''गतिसंज्ञा''** और **''निपातसंज्ञा''** नित्य होती है।	उपाजेकृत्य उपाजे कृत्वा (निर्बल की सहायता करके) अन्वाजेकृत्य, अन्वाजे कृत्वा (निर्बल की सहायता करके)
48.14	गतिसंज्ञा (विकल्प से) निपातसंज्ञा (नित्य)	**साक्षात्प्रभृतीनि च** 1.4.73	'साक्षात्' इत्यादि शब्दों की 'कृ' धातु के योग में विकल्प से **''गतिसंज्ञा''** और नित्य **''निपातसंज्ञा''** होती है।	साक्षात्कृत्य साक्षात् कृत्वा मिथ्याकृत्य मिथ्या कृत्वा
48.15	गतिसंज्ञा (विकल्प से) निपातसंज्ञा (नित्य)	**अनत्याधान उरसिमनसी** 1.4.74	उपश्लेषण को 'अत्याधान' कहते हैं। जहाँ चिपकाकर न रखना–यह अर्थ हो तो 'उरसि' तथा 'मनसि' शब्दों की 'कृ' धातु के योग में विकल्प से **''गतिसंज्ञा''** तथा नित्य **''निपातसंज्ञा''** होती है।	उरसिकृत्य उरसि कृत्वा मनसिकृत्य मनसि कृत्वा
48.16	गति और निपातसंज्ञा	**मध्ये पदे निवचने च** 1.4.75	मध्ये, पदे तथा निवचने शब्दों की 'कृ' धातु के योग में अनत्याधान विषय में **''गति और निपातसंज्ञा''** विकल्प से होती है।	मध्ये कृत्य मध्ये कृत्वा पदे कृत्य पदे कृत्वा निवचने कृत्य निवचने कृत्वा
48.17	गति और निपातसंज्ञा	**नित्यं हस्ते पाणावुपयमने** 1.4.76	'उपयमन' का अर्थ है–विवाह 'हस्ते' तथा 'पाणौ' शब्दों की विवाह के विषय में 'कृ' के योग में नित्य **''गति और निपात संज्ञा''** होती है।	हस्तेकृत्य पाणौकृत्य (विवाह करके)
48.18	गति तथा निपातसंज्ञा	**प्राध्वं बन्धने** 1.4.77	आनुकूल्य अर्थ में बन्धन के विषय में 'कृ' के योग में 'प्राध्वम्' की नित्य **''गति तथा निपातसंज्ञा''** होती है।	प्राध्वङ्कृत्य
48.19	गति तथा निपात संज्ञा	**जीविकोपनिषदावौपम्ये** 1.4.78	जीविका और उपनिषद् शब्दों की उपमा के विषय में 'कृ' के योग में नित्य **''गति और निपातसंज्ञा''** होती है।	जीविकाकृत्य (जीविका के समान करके) उपनिषत्कृत्य (रहस्य के समान करके)
49.1	कर्मप्रवचनीय	**कर्मप्रवचनीयाः** 1.4.82	● यह संज्ञासूत्र एवं अधिकारसूत्र दोनों	

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
			है। इस सूत्र से आगे जिनका कथन किया जायेगा, उनकी **'कर्मप्रवचनीय'** संज्ञा जाननी चाहिए। ● 'विभाषा कृञि' (1.4.97) इस सूत्र तक 'कर्मप्रवचनीयसंज्ञा' का अधिकार जानना चाहिए। ● कर्म अर्थात् क्रिया के द्वारा निरूपित सम्बन्ध विशेष को कहने के कारण इन्हें 'कर्मप्रवचनीय' कहा जाता है। ● ये उपसर्ग से भिन्न होते हैं, परन्तु उपसर्गों की तरह ये क्रिया से पूर्व आते हैं। ● उपसर्गों का स्वतन्त्र प्रयोग नहीं होता है, परन्तु कर्मप्रवचनीय का स्वतन्त्र प्रयोग होता है। इनके योग में द्वितीया आदि विभक्तियाँ होती हैं।	
49.2	**कर्मप्रवचनीय तथा निपातसंज्ञा**	**अनुर्लक्षणे** 1.4.83	लक्षण अर्थ में 'अनु' निपात की **'कर्मप्रवचनीयसंज्ञा'** होती है।	जपम् अनु प्रावर्षत्।
49.3	**कर्मप्रवचनीय और निपातसंज्ञा**	**तृतीयार्थे** 1.4.84	तृतीया का अर्थ विवक्षित होने पर 'अनु' की **''कर्मप्रवचनीय और निपात''** संज्ञा होती है।	नदीमन्ववसिता सेना।
49.4	**कर्मप्रवचनीय और निपातसंज्ञा**	**हीने** 1.4.85	'हीन' अर्थ द्योतित होने पर 'अनु' शब्द की **'कर्मप्रवचनीय और निपात'** संज्ञा होती है।	(i) अनुशाकटायनं वैयाकरणाः। (ii) अनु हरिं सुराः।
49.5	**कर्मप्रवचनीय तथा निपातसंज्ञा**	**उपोऽधिके च** 1.4.86	अधिक तथा न्यून अर्थों में 'उप' शब्द की **''कर्मप्रवचनीय तथा निपात''** संज्ञा होती है।	(i) उपशाकटायनं वैयाकरणाः (ii) उप सुरेषु हरिः
49.6	**कर्मप्रवचनीय तथा निपातसंज्ञा**	**अपपरी वर्जने** 1.4.87	वर्जन अर्थ के विषय में 'अप' और 'परि' शब्दों की **''कर्मप्रवचनीय तथा निपात संज्ञा''** होती है।	(i) अप हरेः संसारः (ii) परि हरेः संसारः (हरि से बिना संसार)
49.7	**कर्मप्रवचनीय तथा निपातसंज्ञा**	**आङ्मर्यादावचने** 1.4.88	'मर्यादा' और 'अभिविधि' अर्थों में 'आङ्' की ''कर्मप्रवचनीय तथा निपात'' संज्ञा होती है।	आ मुक्तेः संसारः (मर्यादा) आ सकलाद् ब्रह्म (अभिविधि)
49.8	**कर्मप्रवचनीय तथा निपातसंज्ञा**	**लक्षणेत्थम्भूताख्यान-भागवीप्सासु प्रतिपर्यनवः** 1.4.89	लक्षण, इत्थम्भूताख्यान, भाग और वीप्सा अर्थों में प्रति, परि तथा अनु की **''कर्मप्रवचनीय तथा निपात''** संज्ञा होती है।	(i) लक्षण अर्थ में– वृक्षं प्रति परि अनु वा विद्योतते विद्युत् (ii) इत्थम्भूताख्यान अर्थ में– भक्तः विष्णुं प्रति परि अनु वा

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
				(iii) भाग अर्थ में– लक्ष्मीः हरिं प्रति परि अनु वा (iv) 'वीप्सा' अर्थ में– वृक्षं वृक्षं प्रति परि अनु वा सिञ्चति।
49.9	**कर्मप्रवचनीय तथा निपातसंज्ञा**	**अभिरभागे** 1.4.91	'भाग' अर्थ को छोड़कर लक्षणादि पूर्वोक्त अर्थों में 'अभि' की **''कर्मप्रवचनीय तथा निपात''** संज्ञा होती है।	(i) लक्षण-हरिम् अभिवर्तते। (ii) इत्थम्भूताख्यान- भक्तः **हरिम्** अभि (iii) वीप्सा-देवं देवम् अभिसिञ्चति
49.10	**कर्मप्रवचनीय तथा निपातसंज्ञा**	**प्रतिः प्रतिनिधिप्रतिदानयोः** 1.4.92	प्रतिनिधि और प्रतिदान अर्थ में 'प्रति' शब्द की **''कर्मप्रवचनीय तथा निपातसंज्ञा''** होती है।	(i) प्रतिनिधि अर्थ में– प्रद्युम्नः कृष्णात् प्रति। (ii) प्रतिदान अर्थ में– तिलेभ्यः प्रतियच्छति माषान्
49.11	**कर्मप्रवचनीय तथा निपातसंज्ञा**	**अधिपरी अनर्थकौ** 1.4.93	'अधि' तथा 'परि' शब्दों की अन्य अर्थ के द्योतक न होने पर **''कर्मप्रवचनीय तथा निपात''** संज्ञा होती है।	(i) कुतः अध्यागच्छति (ii) कुतः पर्यागच्छति।
49.12	**कर्मप्रवचनीय तथा निपातसंज्ञा**	**सुः पूजायाम्** 1.4.94	'पूजा' अर्थ में 'सु' की **कर्मप्रवचनीय तथा निपातसंज्ञा** होती है।	सुसिक्तं भवता।
49.13	**कर्मप्रवचनीय तथा निपातसंज्ञा**	**अतिरतिक्रमणे च** 1.4.95	'अतिक्रमण' अर्थात् उल्लंघन अर्थ और पूजा अर्थ में 'अति' की **''कर्मप्रवचनीय और निपात''** संज्ञा होती है।	अति देवान् कृष्णः।
49.14	**कर्मप्रवचनीय तथा निपातसंज्ञा**	**अपिः पदार्थसम्भावनान्ववसर्ग-गर्हासमुच्चयेषु** 1.4.96	पदार्थ, सम्भावन, कामचार, निन्दा, तथा समुच्चय-इन अर्थों में 'अपि' की **''कर्मप्रवचनीय तथा निपात''** संज्ञा होती है।	(i) पदार्थ सर्पिषः अपि स्यात्। (ii) सम्भावन– अपि स्तुयात् विष्णुम् (iii) अन्ववसर्ग– अपि स्तुहि (v) गर्हा–धिक् देवदत्तम् अपि स्तुयात् वृषलम् (v) समुच्चय– अपि सिञ्च, अपि स्तुहि।
49.15	**कर्मप्रवचनीय और निपातसंज्ञा**	**अधिरीश्वरे** 1.4.97	'ईश्वर' अर्थात् स्वस्वामिभाव अर्थ में 'अधि' की **''कर्मप्रवचनीय और निपात''** संज्ञा होती है।	(i) अधि पाञ्चालेषु ब्रह्मदत्तः। (iii) उप परार्धे हरेर्गुणाः।

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
49.16	कर्मप्रवचनीय और निपातसंज्ञा	**विभाषा कृञि** 1.4.97	'अधि' शब्द की 'कृ' धातु के परे विकल्प से '**कर्मप्रवचनीय और निपात**' संज्ञा होती है।	यदत्र माम् अधिकरिष्यति।
50.	परस्मैपदसंज्ञा	**लः परस्मैपदम्** 1.4.98	धातु से विहित 'ल्' के स्थान पर होने वाला आदेश ''**परस्मैपद**'' संज्ञक होता है। अर्थात् 'तिप्' से लेकर ''मस्'' पर्यन्त नौ प्रत्ययों, शतृ तथा क्वसु–इन प्रत्ययों की ''**परस्मैपद संज्ञा**'' होती है।	तिप्, तस्, झि सिप्, थस्, थ मिप्, वस्, मस्
51.	आत्मनेपद	**तङानावात्मनेपदम्** 1.4.99	'त' से लेकर 'महिङ्' पर्यन्त नौ प्रत्ययों, शानच् तथा कानच् इन प्रत्ययों की ''**आत्मनेपद**'' संज्ञा होती है।	त, आताम् झ थास्, आथाम्, ध्वम् इट्, वहि, महिङ्
52.	प्रथम, मध्यम तथा उत्तमपुरुष संज्ञा	**तिङस्त्रीणि त्रीणि प्रथममध्यमोत्तमाः** 1.4.100	'तिङ्' के आत्मनेपद और परस्मैपद दोनों पदों के तीन-तीन अर्थात् त्रिक की क्रमशः ''**प्रथम, मध्यम तथा उत्तम**'' संज्ञा होती है। इसी तरह आत्मनेपद में भी।	प्र. पु.-तिप् तस् झि म.पु.-सिप् थस् थ उ.पु.-मिप् वस् मस्
53.1	एकवचन, द्विवचन बहुवचन संज्ञा	**तान्येकवचनद्विवचन बहुवचनान्येकशः** 1.4.101	उन तिङ् प्रत्ययों के प्रत्येक त्रिक अर्थात् तीन-तीन की एक-एक करके क्रमशः **एकवचन, द्विवचन** तथा **बहुवचन संज्ञा** होती है।	(i) 'तिप्' की एकवचन संज्ञा (ii) 'तस्' की द्विवचन संज्ञा (iii) 'झि' की बहुवचन संज्ञा होती है। इसी प्रकार मध्यम तथा उत्तम पुरुष की भी होगी।
53.2	एकवचन द्विवचन एवं बहुवचन संज्ञा	**सुपः** 1.4.102	'सुप्' विभक्ति के प्रत्येक त्रिक् अर्थात् तीन-तीन की एक-एक करके क्रमशः **एकवचन, द्विवचन, बहुवचन** संज्ञा होती है। 'सुप्' के द्वारा 'सु' आदि 21 प्रत्ययों का ग्रहण होता है।	सु एकवचन औ-द्विवचन जस्-बहुवचन आदि।
54.1	विभक्तिसंज्ञा	**विभक्तिश्च** 1.4.103	सुप् और तिङ् के तीन-तीन की ''**विभक्तिसंज्ञा**'' होती है।	देवाः अपठत्।
54.2	विभक्तिसंज्ञा	**प्राग्दिशो विभक्तिः** 5.3.1	''दिक्शब्देभ्यः सप्तमी'' (पा० 5.3.27) इस सूत्र से पहले जो जो प्रत्यय कहें जायेंगे, उन उन की ''**विभक्ति संज्ञा**'' होती है।	
55.	संहितासंज्ञा	**परः सन्निकर्षः संहिता** 1.4.108	वर्णों के अत्यधिक सामीप्य की ''**संहिता**'' संज्ञा होती है।	मधु अपि = मध्वपि रमा ईशः = रमेशः
56.	अवसानसंज्ञा	**विरामोऽवसानम्** 1.4.109	अन्तिम वर्ण के पश्चात् उच्चारण	राम सु–रामस्

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
			के अभाव की **'अवसानसंज्ञा'** होती है।	राम–रु–रामर् इस दशा में 'र्' की अवसान संज्ञा।
57.	**समाससंज्ञा**	**प्राक्कडारात् समासः** 2.1.3	'कडाराः कर्मधारये' (2.2.38) सूत्र से पूर्व समाससंज्ञा का अधिकार जानना चाहिए।	–
58.	**अव्ययीभाव**	**अव्ययीभावः** 2.1.5	''तत्पुरुषः'' (2.1.22) सूत्र तक सभी सूत्रों के द्वारा कहे गए समास की **'अव्ययीभाव' संज्ञा** होती है।	अधिहरि अध्यात्मम् पञ्चगङ्गम्
59.1	**तत्पुरुष**	**तत्पुरुषः** 2.1.22	यह अधिकार एवं संज्ञासूत्र दोनों है। यहाँ से लेकर ''शेषो बहुव्रीहिः (2.2.23) के पहले तक जो समास कहा जाएगा, उसकी **''तत्पुरुष'' संज्ञा** होगी।	राजपुरुषः
59.2	**तत्पुरुष**	**द्विगुश्च** 2.1.23	द्विगुसमास की भी ''तत्पुरुषसंज्ञा'' होती है।	पञ्चराजम्
60.	**द्विगु**	**संख्यापूर्वो द्विगुः** 2.1.52	यदि पूर्वपद संख्यावाचक हो तो उसकी **''द्विगु'' संज्ञा** होती है।	पञ्चकपालः
61.	**तत्पुरुष**	**नञ्** 2.2.6	'नञ्' अव्यय समर्थ सुबन्त के साथ विकल्प से समास को प्राप्त होता है, और वह समास **''तत्पुरुषसंज्ञक''** होता है।	न ब्राह्मणः अब्राह्मणः
62.	**बहुव्रीहि**	**शेषो बहुव्रीहिः** 2.2.23	शेष जो समास, उसकी **'बहुव्रीहि'** संज्ञा होती है।	वीणापाणिः
63.	**आमन्त्रितसंज्ञा**	**साऽऽमन्त्रितम्** 2.3.48	सम्बोधन में जो प्रथमा होती है, उसकी **''आमन्त्रितसंज्ञा''** होती है।	अग्ने।
64.	**सम्बुद्धिसंज्ञा**	**एकवचनं सम्बुद्धिः** 2.3.49	आमन्त्रितसंज्ञक प्रथमाविभक्ति के एकवचन की **''सम्बुद्धिसंज्ञा''** होती है।	साधो! हरे!
65.	**प्रत्ययसंज्ञा**	**प्रत्ययः** 3.1.1	पञ्चम अध्याय की समाप्ति तक सुप्, क्यच्, सन् आदि जिन शब्दस्वरूपों का विधान किया गया है, उनकी **''प्रत्यय'' संज्ञा** होगी।	कर्त्तव्यम् करणीयम् यहाँ 'तव्यत्' एवं 'अनीयर्' की ''प्रत्ययसंज्ञा'' है।
66.	**कृत्संज्ञा**	**कृदतिङ्** 3.1.93	धात्वाधिकार में 'तिङ्' से भिन्न प्रत्यय की **'कृत्' संज्ञा** होती है।	कृ+तृच् = कर्त्ता कृ + ण्वुल् = कारकः
67.	**कृत्यसंज्ञा**	**कृत्याः** 3.1.95	इस सूत्र से लेकर ''ण्वुल्तृचौ'' (3.1.133) पर्यन्त जितने प्रत्ययों का विधान किया गया है, उनकी **''कृत्य'' संज्ञा** होती	तव्यत्, तव्य अनीयर्, यत् क्यप्, ण्यत् केलिमर् – ये सात

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
			है। अतः 'कृत्य' के साथ 'कृत्' संज्ञा भी होती है।	प्रत्यय कृत्यसंज्ञक हैं।
68.	सत्संज्ञा	**तौ सत्** 3.2.127	शतृ व शानच् – इनकी **''सत्संज्ञा''** होती है।	करिष्यन् करिष्यमाणः
69.	सार्वधातुक संज्ञा	**तिङ्शित्सार्वधातुकम्** 3.4.113	धातु के अधिकार में पठित तिङ् व शित् प्रत्ययों की **''सार्वधातुकसंज्ञा''** होती है। 'तिङ्' का अर्थ है–तिप् आदि 18 प्रत्यय। जिसका 'श्' इत् है, उसे 'शित्' कहते हैं, जैसे–शप्, श्यन्, श्नु, श्ना आदि।	भू शप् ति भो अति भवति।
70.1	आर्धधातुक संज्ञा	**आर्धधातुकं शेषः** 3.4.114	तिङ् व शित् से अतिरिक्त प्रत्यय जो धात्वाधिकार में पठित हैं, उनकी **'आर्धधातुक संज्ञा'** होती है। आर्धधातुकसंज्ञा के दो कार्य हैं– (i) आर्धधातुकस्येड्वलादेः'' से इट् का आगम (ii) ''सार्वधातुकार्धधातुकयोः'' से गुण	तृच्, तुमुन्, तव्यत् आदि की आर्धधातुक संज्ञा। जैसे– कर्त्ता, पठितुम् आदि।
70.2	आर्धधातुक संज्ञा	**लिट् च** 3.4.115	लिट् के स्थान पर विहित आदेश तिङ् की **''आर्धधातुक''** संज्ञा होती है।	पेचिथ। जग्ले।
70.3	आर्धधातुक संज्ञा	**लिङाशिषि** 3.4.116	आशीर्वाद में लिङ् के स्थान पर विहित 'तिङ्' की **''आर्धधातुक''** संज्ञा होती है।	भूयात्
70.4	आर्धधातुक संज्ञा	**छन्दस्युभयथा** 3.4.117	वेद में सार्वधातुक व आर्धधातुक दोनों संज्ञायें होती हैं। अर्थात् क्वचित् आर्धधातुक के स्थान पर सार्वधातुक तथा सार्वधातुक के स्थान पर आर्धधातुक संज्ञा देखी जाती है।	वर्धन्तु (ऋ. 7.99.7) उपस्थेयाम (ऋ. 7.15.5)
71.	तद्धित	**तद्धिताः** 4.1.76	यह अधिकारसूत्र है। यहाँ से लेकर पञ्चम अध्याय की समाप्ति तक जिस जिस प्रत्यय का विधान किया जाएगा, उस उसकी **तद्धितसंज्ञा** होती है।	
72.	गोत्रसंज्ञा	**अपत्यं पौत्रप्रभृति गोत्रम्** 4.1.162	पौत्र अर्थात् तीसरी पीढ़ी तथा उससे आगे सभी अपत्य की **''गोत्र संज्ञा''** होती है।	

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
73.	**युवासंज्ञा**	**जीवति तु वंश्ये युवा** 4.1.163	वंश में होने वाले पिता, पितामह आदि के जीवित रहते पौत्र आदि के अपत्य अर्थात् चतुर्थ पीढ़ी व उससे आगे की **''युवा संज्ञा''** होती है।	
74.	**तद्राजसंज्ञा**	**ते तद्राजाः** 4.1.174	'जनपदशब्दात् क्षत्रियादञ्' (4.1.168) सूत्र से विहित 'अञ्' प्रत्यय से लेकर यहाँ तक जिन जिन प्रत्ययों का विधान किया गया है, उन सभी की **''तद्राज''** संज्ञा होती है। 'तद्राज' संज्ञा का फल है– बहुवचन में प्रत्यय का लुक् हो जाता है।	अञ्, अण् ङ्यण्, ण्य तथा ञ्यङ् प्रत्ययों की ''तद्राज'' संज्ञा होती है।
75.	**अभ्याससंज्ञा**	**पूर्वोऽभ्यासः** 6.1.4	'एकाचो द्वे प्रथमस्य (6.1.1) के प्रकरण में पूर्व की **अभ्याससंज्ञा** होती है।	पच् पच् अ। प पच् अ = पपाच (लिट् प्र. पु. एक.)
76.	**अभ्यस्तसंज्ञा**	**उभे अभ्यस्तम्** 6.1.5	षष्ठाध्याय के द्वित्वप्रकरण में द्वित्व के द्वारा जिन दो शब्दस्वरूपों का विधान है, उन दोनों की समुदित रूप से **''अभ्यस्तसंज्ञा''** होती है।	द द् अत् ददत् सु ददत्।
77.	**आम्रेडितसंज्ञा**	**तस्य परमाम्रेडितम्** 8.1.2	द्वित्व किये हुए के पर वाले शब्द की **'आम्रेडितसंज्ञा'** होती है।	चौर-चौर भुङ्क्ते-भुङ्क्ते
78.	**कर्मधारयसंज्ञा**	**तत्पुरुषः समानाधिकरणः कर्मधारयः** 1.2.42	जिस समास में पूर्वपद और उत्तरपद एक ही विभक्ति के हों, उस समास की **'कर्मधारयसंज्ञा'** होती है।	कृष्णः सर्पः = कृष्णसर्पः

संज्ञा विधायक सूत्रों की संख्या

संज्ञा	सूत्र/वार्तिकों की संख्या
➢ **'प्रातिपदिक'** संज्ञाविधायकसूत्र	- 02
➢ **'पद'** संज्ञाविधायकसूत्र	- 04
➢ **'इत्'** संज्ञाविधायकसूत्र	- 06
➢ **'इत्संज्ञा'** निषेधकसूत्र	- 01 **न विभक्तौ तुस्माः**

संज्ञा	सूत्र/वार्तिकों की संख्या
➢ **'आर्धधातुक'** संज्ञाविधायकसूत्र	- 04
➢ **'अव्यय'** संज्ञाविधायकसूत्र	- 05
➢ **'प्रगृह्य'** संज्ञाविधायकसूत्र	- 08
➢ **'धातु'** संज्ञाविधायकसूत्र	- 02
➢ **'करण'** संज्ञा विधायकसूत्र	- 02

संज्ञा		सूत्र/वार्तिकों की संख्या
➢ **'कर्मसंज्ञा'** विधायकसूत्र	-	9+02(वा0)
➢ **'सम्प्रदान'** संज्ञाविधायकसूत्र	-	10+01(वा0)
➢ **'अपादान'** संज्ञाविधायकसूत्र	-	8+01(वा0)
➢ **'कर्तृ'** संज्ञाविधायकसूत्र	-	02
➢ **'षट्'** संज्ञाविधायकसूत्र	-	02
➢ **'सर्वनामस्थान'** संज्ञाविधायकसूत्र	-	02
➢ **'वृद्ध'** संज्ञाविधायकसूत्र	-	03
➢ **'उपसर्जन'** संज्ञाविधायकसूत्र	-	02
➢ **'नदी'** संज्ञाविधायकसूत्र	-	03+01
➢ **'नदीसंज्ञा'** निषेधकसूत्र	-	01 **'नेयङुवङ्स्थानावस्त्री**
➢ **'घि'** संज्ञाविधायकसूत्र	-	03
➢ **'गुरु'** संज्ञाविधायकसूत्र	-	02
➢ **'भ'** संज्ञाविधायकसूत्र	-	03
➢ **'सवर्णसंज्ञा'** विधायकसूत्र हैं	-	01+01 (वा0)
➢ **'विभक्तिसंज्ञा'** विधायकसूत्र हैं-		02
➢ कितने प्रत्ययों की **'कृत्यसंज्ञा'** होती है	-	07

(तव्यत् , तव्य, अनीयर् , यत् , क्यप् , ण्यत् ,केलिमर्)

➢ कितने प्रत्ययों की **'सत्संज्ञा'** होती है - 02 **(शतृ+शानच्)**

➢ कितने प्रत्ययों की **'घ' संज्ञा** होती है - 02 **(तरप् + तमप्)**

➢ कितने प्रत्ययों की **'निष्ठा' संज्ञा** होती है - 02 **(क्त + क्तवतु)**

➢ निम्नलिखित संज्ञाओं का विधान केवल एक-एक सूत्र में किया गया है-
गुण,वृद्धि, लोप, सार्वधातुक, टि, उपधा, प्रत्याहार, अपृक्त, अङ्ग, अधिकरण, परस्मैपद, आत्मनेपद, संहिता, अवसान, संयोग, अनुनासिक, घु, घ, संख्या, निष्ठा, सत् , सर्वनाम, विभाषा, सम्प्रसारण, उदात्त, अनुदात्त, स्वरित, लघु, सम्बुद्धि, अभ्यास, आम्रेडितसंज्ञा आदि।

वर्णों के भेद

क्र.	वर्ण	प्रकार (भेद)	विवरणम्
01	अ	18	**अ-इ-उ-ऋ एषां**
02	इ	18	**वर्णानां प्रत्येकं**
03	उ	18	**अष्टादश भेदाः।**
04	ऋ	18	
05	ऌ	12	**ऌ वर्णस्य द्वादश, तस्य दीर्घाभावात्**
06	ऋ + ऌ	18+12=30	**ऋकारस्त्रिंशतः। एवं ऌकारोऽपि**
07	ए	12	**एचामपि द्वादश,**
08	ओ	12	**तेषां ह्रस्वाभावात् ।**
09	ऐ	12	
10	औ	12	
11	य	02	**अनुनासिकानुना-**
12	व	02	**सिकभेदेन यवला**
13	ल	02	**द्विधा**

1. **सवर्णसंज्ञा विधायक सूत्र- 'तुल्यास्यप्रयत्नं सवर्णम्'**
2. **सवर्णसंज्ञा वार्तिक- 'ऋऌवर्णयोर्मिथः सावर्ण्यं वाच्यम्**
3. **सवर्णियों का बोधक सूत्र- 'अणुदित्सवर्णस्य चाऽप्रत्ययः'**

व्याकरण-पदावली-तालिका

क्र.	व्याकरणपदावली	प्रकार	विवरणम्
1.	**वचन**	03	एकवचन, द्विवचन, बहुवचन
2.	**लिङ्ग**	03	पुंलिङ्ग, स्त्रीलिङ्ग, नपुंसकलिङ्ग
3.	**पुरुष**	03	प्रथमपुरुष, मध्यमपुरुष, उत्तमपुरुष
4.	**वाच्य**	03	कर्तृवाच्य, कर्मवाच्य, भाववाच्य
5.	**क्रिया**	02	सकर्मक, अकर्मक
6.	**धातु-पद**	02	परस्मैपद, आत्मनेपद, (उभयपद)
7.	**धातु (इट् व्यवस्था)**	02	सेट्, अनिट्, (वेट्)
8.	**कारक**	06	कर्त्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान अपादान, अधिकरण।
9.	**विभक्ति**	07	प्रथमा (सम्बोधन), द्वितीया, तृतीया, चतुर्थी, पञ्चमी षष्ठी, सप्तमी।
10.	**लकार**	10	लट्, लिट्, लुट्, लृट्, लेट्, लोट्, लङ्, लिङ्, लृङ्, लुङ्। ('लेट्' का प्रयोग प्रायशः वेदों में)

क्र.	व्याकरणपदावली	प्रकार	विवरणम्
11.	**धातु-गण**	10	भ्वादि, अदादि, जुहोत्यादि, दिवादि, स्वादि, तुदादि, रुधादि, तनादि, क्र्यादि, चुरादिगण
12.	**सूत्र**	06	संज्ञा, परिभाषा, विधि, नियम, अतिदेश, अधिकार।
13.	**सन्धि**	05	स्वर (अच्) व्यञ्जन (हल्), विसर्ग, स्वादि, प्रकृतिभाव।
14.	**समास**	05	केवल समास (सुप्सुपा), अव्ययीभाव, तत्पुरुष, द्वन्द्व, बहुव्रीहि।
15.	**प्रत्यय**	05	सुप्, तिङ्, कृत्, तद्धित, स्त्रीप्रत्यय।
16.	**सुप्प्रत्यय**	21	सु औ जस्, अम् औट् शस्, टा भ्याम् भिस्, ङे भ्याम् भ्यस्, ङसि भ्याम् भ्यस्, ङस् ओस् आम्, ङि ओस् सुप्
17.	**तिङ्प्रत्यय**	18	**परस्मैपद-9** तिप् तस् झि, सिप् थस् थ, मिप् वस् मस् **आत्मनेपद-9** त आताम् झ, थास् आथाम् ध्वम्, इट् वहि महिङ्
18.	**स्त्रीप्रत्यय**	08	चाप्, टाप्, डाप्, ङीप्, ङीष्, ङीन्, ऊङ्, ति।
19.1	**पद (यास्क के अनुसार)**	04	नाम, आख्यात, उपसर्ग, निपात।
19.2	**पद (पाणिनि के अनुसार)**	02	सुबन्त, तिङन्त।
20.	**प्रयत्न**	02	आभ्यन्तर, बाह्य
21.	**आभ्यन्तर प्रयत्न**	05	स्पृष्ट, ईषत्स्पृष्ट, विवृत, ईषत्विवृत, संवृत।
22.	**बाह्यप्रयत्न**	11	विवार, संवार, श्वास, नाद, घोष, अघोष, अल्पप्राण, महाप्राण, उदात्त, अनुदात्त, स्वरित।
23.	**स्पृष्टवर्ण (स्पर्शवर्ण)**	25	क से म तक
24.	**अन्तःस्थवर्ण**	04	य्, व्, र्, ल्।
25	**ऊष्मवर्ण**	04	श्, ष्, स्, ह्।
26	**व्यञ्जन (हल्)**	33	स्पृष्ट + अन्तःस्थ + ऊष्मवर्ण
27.	**अल्पप्राण वर्ण**	19	क, ग, ङ, च, ज, ञ, ट, ड, ण, त, द, न, प, ब, म, य, व, र, ल।
28.	**महाप्राणवर्ण**	14	ख, घ, छ, झ, ठ, ढ, थ, ध, फ, भ, श, ष, स, ह।
29.	**स्वर (अच्)**	09	अ, इ, उ, ऋ, लृ, ए, ओ, ऐ, औ।
30.	**मूलस्वर (ह्रस्वस्वर)**	05	अ, इ, उ, ऋ, लृ।
31.	**दीर्घस्वर (संयुक्तस्वर)**	04	ए, ओ, ऐ, औ
32.	**घोषवर्ण**	20	ह, य, व, र, ल, ञ, म, ङ, ण, न, झ, भ, घ, ढ, ध, ज, ब, ग, ड, द
33.	**अघोषवर्ण**	13	ख, फ, छ, ठ, थ, च, ट, त, क, प, श, ष, स।
34.	**अनुनासिक (पञ्चमाक्षर)**	05	ङ, ञ, ण, न, म।
35.	**जिह्वामूलीय**	02	ᳵकᳵख
36.	**उपध्मानीय**	02	ᳵपᳵफ
37.	**पाणिनीय पञ्चाङ्गव्याकरण**	05	सूत्रपाठ, गणपाठ, उणादिपाठ, धातुपाठ लिङ्गानुशासनम्
38.	**उच्चारणस्थान**	08	शिरः, कण्ठः, तालु, उरः, जिह्वामूलम्, दन्ताः, नासिका, ओष्ठ, (पा. शि.)
39.	**माहेश्वरसूत्र**	14	अइउण् से हल् तक।
40.	**प्रत्याहार**	42/43	अण्, अक्, इक् यण् आदि।

1. संज्ञागङ्गा (भाग-एक)

1. 'नत्वा सरस्वतीं देवीं शुद्धां गुण्यां करोम्यहम्' यह किस ग्रन्थ का मङ्गलाचरण है–

(अ) सारसिद्धान्तकौमुदी (इ) मध्यसिद्धान्तकौमुदी
(उ) लघुसिद्धान्तकौमुदी (ऋ) ऋजुसिद्धान्तकौमुदी

2. ''पाणिनीयप्रवेशाय लघुसिद्धान्तकौमुदीम्'' यह कथन किसका है?

(अ) भट्टोजिदीक्षित (इ) वरदराज
(उ) कात्यायन (ऋ) पतञ्जलि

3. वरदराज ने लघुसिद्धान्तकौमुदी के मङ्गलाचरण में किस देवता की स्तुति की है ?

(अ) शिव की (इ) विष्णु की
(उ) लक्ष्मी की (ऋ) सरस्वती की

4. मङ्गलाचरण कितने प्रकार का होता है–

(अ) 5 (इ) 4
(उ) 6 (ऋ) 3

5. लघुसिद्धान्तकौमुदी में किस प्रकार का मङ्गलाचरण किया गया है–

(अ) नमस्कारात्मक (इ) वस्तुनिर्देशात्मक
(उ) उपर्युक्त दोनों (ऋ) आशीर्वादात्मक

6. माहेश्वर सूत्रों (प्रत्याहार सूत्रों) की सङ्ख्या है–

(अ) 14 (इ) 16
(उ) 18 (ऋ) 15

7. 'अण्' आदि प्रत्याहारों की सिद्धि के लिए पाणिनीय-व्याकरण में कितने सूत्रों का प्रयोग हुआ है?

(अ) लगभग 4000 (इ) केवल एक
(उ) केवल 14 (ऋ) केवल 43

8. पाणिनि को चतुर्दश 'प्रत्याहार सूत्र' किससे प्राप्त हुए?

(अ) शिव (इ) ब्रह्मा
(उ) सरस्वती (ऋ) वृहस्पति

9. 'अइउण्' आदि सूत्रों का मुख्य प्रयोजन है–

(अ) धातुसिद्धि (इ) रूपसिद्धि
(उ) अण् आदि प्रत्याहारों की सिद्धि
(ऋ) केवल उच्चारणार्थ

10. चतुर्दश माहेश्वर सूत्रों में स्थित अन्त्य वर्ण की संज्ञा होती है–

(अ) लोपसंज्ञा (इ) इत् संज्ञा
(उ) हलन्त संज्ञा (ऋ) कोई संज्ञा नहीं

11. 'हयवरट्'- आदि सूत्रों के 'हकारादि' में स्थित 'अकार' का क्या प्रयोजन है?

(अ) उच्चारणार्थ (इ) दर्शनार्थ
(उ) मनोरञ्जनार्थ (ऋ) लेखनार्थ

12. 'लण्' सूत्र में पठित 'अकार' है–

(अ) प्लुतसंज्ञक (इ) इत्संज्ञक
(उ) प्रगृह्यसंज्ञक (ऋ) गुणसंज्ञक

13. भगवान् शंकर के डमरू से निकलकर पाणिनि को कितने सूत्र प्राप्त हुए?

(अ) 18 (इ) 14
(उ) 16 (ऋ) 20

14. 'अइउण्' आदि सूत्रों का नाम नहीं है–

(अ) चतुर्दश सूत्र (वर्णसमाम्नाय सूत्र)
(इ) शिवसूत्र (माहेश्वरसूत्र)
(उ) प्रत्याहार सूत्र (अक्षरसमाम्नाय)
(ऋ) धातु सूत्र

15. व्याकरणशास्त्र में स्वरों को कहते हैं–

(अ) हल् (इ) अच्
(उ) अल् (ऋ) इनमें से कोई नहीं

16. व्याकरणशास्त्र में व्यञ्जनवर्णों को कहते हैं–

(अ) अच् (इ) आगम
(उ) हल् (ऋ) उपदेश

17. हल् अक्षरों की इत्संज्ञा किस सूत्र से होती है–

(अ) आदिरन्त्येन सहेता (इ) हलन्त्यम्
(उ) उपदेशेऽजनुनासिक इत् (ऋ) तुल्यास्यप्रयत्नं सवर्णम्

उत्तरमाला - 1. (उ), 2. (इ), 3. (ऋ), 4. (ऋ), 5. (उ), 6. (अ), 7. (उ) 8. (अ), 9. (उ) 10. (इ), 11. (अ), 12. (इ), 13. (इ), 14. (ऋ),15.(इ) 16. (उ), 17. (इ)

18. 'हलन्त्यम्' सूत्र किन वर्णों की इत्संज्ञा करता है–
(अ) अच् (स्वरों) की
(इ) स्वर युक्त हल् वर्णों की
(उ) अच् और हल् दोनों की
(ऋ) अन्तिम हल् वर्णों की

19. पाणिनि, कात्यायन और पतञ्जलि के प्रथम उच्चारण को क्या कहते हैं–
(अ) आगम (इ) आदेश
(उ) उपदेश (ऋ) लोप

20. 'उपदेश' के अन्तर्गत आते हैं–
(अ) 'भू' आदि धातु पाठ एवं 'अइउण्' (अष्टाध्यायी) सूत्रपाठ
(इ) उणादिसूत्र, गणपाठ एवं लिङ्गानुशासन
(उ) आगम, प्रत्यय एवं आदेश
(ऋ) उपर्युक्त सभी

21. 'संहिता संज्ञा' किस सूत्र से होती है–
(अ) संहितायाम्
(इ) स्वरितात् संहितायामनुदात्तानाम्
(उ) परः सन्निकर्षः संहिता
(ऋ) तयोर्य्वावचि संहितायाम्

22. 'गुणसंज्ञा' विधायक सूत्र है–
(अ) आद्गुणः (इ) अदेङ्गुणः
(उ) गुणो यङ्लुकोः (ऋ) मिदेर्गुणः

23. 'वृद्धिसंज्ञा' विधायक सूत्र है–
(अ) मृजेर्वृद्धिः
(इ) वृद्धिरेचि
(उ) वृद्धिरादैच्
(ऋ) वृद्धिर्यस्याचामादिस्तद् वृद्धम्

24. ''प्रातिपदिक'' संज्ञा विधायक सूत्र है–
(अ) अर्थवदधातुरप्रत्ययः प्रातिपदिकम्
(इ) ङ्याप्प्रातिपदिकात्
(उ) प्रातिपदिकार्थलिङ्गपरिमाणवचनमात्रे प्रथमा
(ऋ) प्रातिपदिकान्तनुँम्विभक्तिषु च

25. अष्टाध्यायी में प्रातिपदिकसंज्ञा विधायक सूत्र कितने हैं–
(अ) एक (इ) दो
(उ) तीन (ऋ) चार

26. ''कृत्तद्धितसमासाश्च'' सूत्र से किस संज्ञा का विधान किया जाता है–
(अ) कृत् (इ) तद्धित
(उ) समास (ऋ) प्रातिपदिक

27. 'नदी संज्ञा' विधायक सूत्र है–
(अ) आण् नद्याः (इ) नद्यृतश्च
(उ) यू स्त्र्याख्यौ नदी
(ऋ) अम्बार्थनद्योर्ह्रस्वः

28. 'ङिति ह्रस्वश्च' सूत्र से किस संज्ञा का विधान होता है–
(अ) घि (इ) भ
(उ) नदी (ऋ) पद

29. 'घि' संज्ञा किस सूत्र से होती है–
(अ) द्वन्द्वे घि (इ) शेषो घ्यसखि
(उ) अच्च घेः (ऋ) घेर्ङिति

30. 'उपधा संज्ञा' विधायक सूत्र है–
(अ) अलोऽन्त्यात्पूर्व उपधा (इ) अत उपधायाः
(उ) उपधायां च (ऋ) उपधायाश्च

31. 'अपृक्त संज्ञा' विधायक सूत्र है–
(अ) अस्तिसिचोऽपृक्ते (इ) अपृक्त एकाल् प्रत्ययः
(उ) वेरपृक्तस्य (ऋ) गुणोऽपृक्ते

32. 'गति संज्ञा' विधायक सूत्र है–
(अ) नित्यं कौटिल्ये गतौ (इ) गतिश्च
(उ) गतिर्गतौ (ऋ) गतिरनन्तरः

33. 'पदसंज्ञा' विधायक सूत्र कितने हैं–
(अ) 1 (इ) 2
(उ) 3 (ऋ) 4

34. इनमें कौन पदसंज्ञा विधायक सूत्र नहीं है–
(अ) सुप्तिङन्तं पदम् (इ) ''सिति च'' और ''नः क्ये''
(उ) स्वादिष्वसर्वनामस्थाने (ऋ) अनुदात्तं पदमेकवर्जम्

उत्तरमाला - 18.(ऋ), 19.(उ),20.(ऋ) 21.(उ), 22.(इ), 23.(उ), 24.(अ), 25.(इ) 26.(ऋ), 27.(उ), 28.(उ), 29.(इ), 30.(अ), 31.(इ), 32.(इ), 33.(ऋ), 34.(ऋ)

35. 'विभाषा संज्ञा' विधायक सूत्र है–
(अ) विभाषा दिक्समासे बहुव्रीहौ (इ)विभाषा छन्दसि
(उ) विभाषा जसि (ऋ) न वेति विभाषा

36. 'सवर्ण संज्ञा' विधायक सूत्र है–
(अ) अकः सवर्णे दीर्घः
(इ) अणुदित्सवर्णस्य चाप्रत्ययः
(उ) तुल्यास्यप्रयत्नं सवर्णम्
(ऋ) झरो झरि सवर्णे

37. 'टि' संज्ञा विधायक सूत्र है–
(अ) टित आत्मनेपदानां टेरे
(इ) तच्च टेः
(उ) अचोऽन्त्यादि टि
(ऋ) अव्ययसर्वनाम्नामकच् प्राक्टेः

38. 'प्रगृह्यसंज्ञा' विधायक सूत्र है–
(अ) प्लुतप्रगृह्या अचि नित्यम् (इ) ईदूदेद्द्विवचनं प्रगृह्यम्
(उ) ऋत्यकः (ऋ) अप्लुतवदुपस्थिते

39. 'निष्ठा संज्ञा' विधायक सूत्र है–
(अ) निष्ठा
(इ) क्तक्तवतू निष्ठा
(उ) निष्ठा च द्व्यजनात्
(ऋ) निष्ठा शीङ्स्विदिमिदिक्ष्विदिधृषः

40. 'सम्प्रसारण संज्ञा' विधायक सूत्र है–
(अ) सम्प्रसारणस्य
(इ) इग्यणः सम्प्रसारणम्
(उ) ह्वः सम्प्रसारणं च न्यभ्युपविषु
(ऋ) न सम्प्रसारणे सम्प्रसारणम्

41. 'अ, ए, ओ'- इन तीन वर्णों की संज्ञा होती है–
(अ) वृद्धि (इ) गुण
(उ) अपृक्त (ऋ) सर्वनाम

42. 'आ, ऐ, औ'– इन तीनों वर्णों की संज्ञा होगी–
(अ) लघु (इ) गुण
(उ) संहिता (ऋ) वृद्धि

43. 'कृदन्त' की संज्ञा क्या है–
(अ) धातु (इ) प्रातिपदिक
(उ) प्रत्यय (ऋ) संयोग

44. इनमें से किसकी प्रातिपदिक संज्ञा नहीं है–
(अ) कृदन्त (इ) तद्धित
(उ) समास (ऋ) पठ्

45. क्रिया के योग में 'प्र' आदि की क्या संज्ञा होगी–
(अ) अपृक्त (इ) गति
(उ) निष्ठा (ऋ) सर्वनाम

46. 'सुबन्त और तिङन्त' को कहा जाता है–
(अ) धातु (इ) प्रातिपदिक
(उ) पद (ऋ) प्रत्यय

47. निषेध एवं विकल्प को क्या कहा जाता है–
(अ) विभाषा (इ) प्रत्यय
(उ) निष्ठा (ऋ) संयोग

48. 'अ–आ' तथा 'उ-ऊ' परस्पर क्या हैं–
(अ) संहिता (इ) संयोग
(उ) सवर्ण (ऋ) प्रातिपदिक

49. 'राजन्' में 'अन्' की क्या संज्ञा होगी–
(अ) निष्ठा (इ) गुण
(उ) लघु (ऋ) टि

50. 'क्त' एवं 'क्तवतु' प्रत्ययों की संज्ञा है–
(अ) उपधा (इ) अपृक्त
(उ) निष्ठा (ऋ) भ

51. 'यण्' के स्थान पर 'इक्' के विधान को क्या कहा जाता है–
(अ) संहिता (इ) संयोग
(उ) सम्प्रसारण (ऋ) लोप

52. ईकारान्त, ऊकारान्त, एकारान्त द्विवचन की क्या संज्ञा होगी–
(अ) प्लुत (इ) टि
(उ) लघु (ऋ) प्रगृह्य

53. 'हरी एतौ'– यहाँ 'हरी' की कौन संज्ञा है–
(अ) प्लुत (इ) प्रगृह्य
(उ) गति (ऋ) गुरू

35. (ऋ), 36. (उ), 37. (उ),38. (इ), 39. (इ), 40. (इ), 41. (इ), 42. (ऋ) 43. (इ), 44. (ऋ), 45. (इ), 46. (उ), 47. (अ) 48. (उ), 49. (ऋ), 50. (उ), 51. (उ), 52.(ऋ) 53. (इ)

54. ''आम्रेडितसंज्ञा'' विधायक सूत्र है–
(अ) तस्य परमाम्रेडितम् (इ) कानाम्रेडिते
(उ) आद्यन्तौ टकितौ (ऋ) उपर्युक्त सभी

55. ''दाधा घ्वदाप्'' यह सूत्र किस संज्ञा का विधान करता है–
(अ) 'भ' संज्ञा (इ) 'घु' संज्ञा
(उ) 'घि' संज्ञा (ऋ) 'घ' संज्ञा

56. 'भ' संज्ञा करने वाला सूत्र नहीं है–
(अ) यचि भम् (इ) तसौ मत्वर्थे
(उ) अयस्मयादीनिच्छन्दसि (ऋ) इनमें से कोई नहीं

57. ''यस्मात्प्रत्ययविधिस्तदादिप्रत्ययेऽङ्गम्'' यह सूत्र किस संज्ञा का विधान करता है–
(अ) सम्बुद्धि संज्ञा (इ) अङ्गसंज्ञा
(उ) अवसान संज्ञा (ऋ) 'भ' संज्ञा

58. 'अभ्यास' संज्ञा विधायक सूत्र है–
(अ) पूर्वोभ्यासः (इ) अभ्यासे चर्च
(उ) अभ्यासाच्च (ऋ) अभ्यासस्यासवर्णे

59. 'ऋ' और 'लृ' वर्णों की परस्पर 'सवर्ण संज्ञा' करने वाला वार्तिक है–
(अ) ऋवर्णान्निस्य णत्वं वाच्यम्
(इ) ऋलृवर्णयोर्मिथः सावर्ण्यं वाच्यम्
(उ) ऋते च तृतीया समासे
(ऋ) उपर्युक्त सभी

60. स्वरों (अचों) और व्यञ्जनों (हलों) की परस्पर ''सवर्ण संज्ञा'' का निषेध करने वाला सूत्र है–
(अ) नादिचि (इ) नश्छव्यप्रशान्
(उ) नश्च (ऋ) नाज्झलौ

61. 'घि' संज्ञा करने वाला सूत्र नहीं है–
(अ) शेषोघ्यसखि (इ) पतिः समास एव
(उ) षष्ठी युक्तश्छन्दसि वा (ऋ)घेर्ङिति

62. ''धातुसंज्ञा'' करने वाला सूत्र है–
(अ) भूवादयो धातवः (इ) सनाद्यन्ता धातवः
(उ) उपर्युक्त दोनों (ऋ) इनमें से कोई नहीं

63. 'अवसान' संज्ञा करने वाला सूत्र है–
(अ) विरामोऽवसानम् (इ) अवयवे च
(उ) आ सर्वनाम्नः (ऋ) खरवसानयोर्विसर्जनीयः

64. 'सर्वनामस्थान' करने वाला सूत्र है–
(अ) शि सर्वनामस्थानम् (इ) सुडनपुंसकस्य
(उ) उपर्युक्त दोनों (ऋ) केवल 'अ'

65. 'घ' संज्ञा विधायक सूत्र है–
(अ) घेर्ङिति (इ) द्वन्द्वे घि
(उ) धि च (ऋ) तरप्तमपौ घः

66. 'सार्वधातुक' संज्ञा का विधान किस सूत्र से होता है–
(अ) तिङ्शित्सार्वधातुकम् (इ) सार्वधातुकार्धधातुकयोः
(उ) सार्वधातुके यक् (ऋ) सार्वधातुकमपित्

67. 'आर्धधातुक' संज्ञा किस सूत्र से होती है–
(अ) सार्वधातुकार्द्धधातुकयोः (इ)आर्धधातुकं शेषः
(उ) आर्धधातुके (ऋ) आर्द्धधातुकस्येड् वलादेः

68. 'अव्यय' संज्ञा करने वाला सूत्र है–
(अ) स्वरादिनिपातमव्ययम् (इ) अव्ययादाप्सुपः
(उ) अव्ययात्यप् (ऋ) उपर्युक्त सभी

69. 'प्रत्याहार' संज्ञा विधायक सूत्र है–
(अ) आदिरन्त्येन सहेता (इ) प्रत्ययः
(उ) प्रत्ययलोपे प्रत्ययलक्षणम् (ऋ) सभी

70. 'गुरु' संज्ञा किस सूत्र से होती है–
(अ) संयोगे गुरु (इ) दीर्घं च
(उ) दोनों (ऋ) इनमें से कोई नहीं

71. 'लघु' संज्ञा का विधान करता है–
(अ) ह्रस्वं लघु (इ) ह्रस्वः
(उ) अतो हलादेर्लघोः (ऋ) उपर्युक्त सभी

72. 'नदी' संज्ञा का निषेधक सूत्र है–
(अ) यू स्त्र्याख्यौ नदी (इ) ङिति ह्रस्वश्च
(उ) वाऽऽमि (ऋ) नेयङुवङ्स्थानावस्त्री

73. 'सुप्' और 'तिङ्' की ''विभक्ति संज्ञा'' करने वाला सूत्र है–
(अ) विभक्तिश्च (इ) न विभक्तौ तुस्माः
(उ) उपर्युक्त दोनों (ऋ) इनमें से कोई नहीं

54. (अ), 55. (इ), 56. (ऋ), 57. (इ) 58. (अ), 59. (इ), 60. (ऋ), 61. (ऋ), 62.(उ) 63. (अ), 64. (उ), 65. (ऋ), 66. (अ), 67.(इ), 68. (अ), 69. (अ), 70. (उ), 71. (अ),72. (ऋ), 73. (अ)

74. ''एकवचनं सम्बुद्धिः''– इस सूत्र से सम्बोधन में एकवचन की क्या संज्ञा होगी–
(अ) विभक्ति संज्ञा (इ) अव्यय संज्ञा
(उ) सम्बुद्धिसंज्ञा (ऋ) प्लुतसंज्ञा

75. स्वरों की ह्रस्व, दीर्घ एवं प्लुत संज्ञा करने वाला सूत्र है–
(अ) ऊकालोऽज्झ्रस्वदीर्घप्लुतः (इ) दीर्घं च
(उ) ह्रस्वः (ऋ) वाक्यस्य टेः प्लुत उदात्तः

76. ''उच्चैरुदात्तः'' इस सूत्र से कण्ठ, तालु आदि उच्चारणस्थानों के ऊपरी भाग से उच्चरित 'अच्' की क्या संज्ञा होगी–
(अ) उदात्त संज्ञा (इ) अनुदात्त संज्ञा
(उ) स्वरित संज्ञा (ऋ) सभी

77. ''अनुदात्तसंज्ञा' विधायक सूत्र है–
(अ) अनुदात्तङित आत्मनेपदम्
(इ) नीचैरनुदात्तः
(उ) अनुदात्तस्य चर्दुपधस्यान्यतरस्याम्
(ऋ) अनुदात्तं पदमेकवर्जम्

78. 'स्वरितसंज्ञा' विधायक सूत्र है–
(अ) स्वरितञितः कर्त्रभिप्राये क्रियाफले
(इ) समाहारः स्वरितः
(उ) उपर्युक्त दोनों
(ऋ) इनमें से कोई नहीं

79. ''अल्पाक्षरमसन्दिग्धं सारवद्विश्वतोमुखाम् अस्तोभमनवद्यं च''– यह किसका लक्षण है–
(अ) वार्तिक का (इ) सूत्र का
(उ) भाष्य का (ऋ) उपर्युक्त सभी का

80. ''इत् संज्ञा' करने वाला सूत्र है–
(अ) ''षः प्रत्ययस्य' और ''चुटू''
(इ) ''हलन्त्यम्'' और ''लशक्वतद्धिते''
(उ) ''आदिर्ञिटुडवः'' ''उपदेशेऽजनुनासिक इत्''
(ऋ) उपर्युक्त सभी

81. 'इत्संज्ञा' का निषेध करने वाला सूत्र है–
(अ) न विभक्तौ तुस्माः (इ) विभक्तिश्च
(उ) नश्च (ऋ) उपदेशेऽजनुनासिक इत्

82. 'माहेश्वराणि' इस पद में प्रत्यय है–
(अ) अण् (इ) इण्
(उ) ठक् (ऋ) ण्वुल्

83. ''आदिरन्त्येन सहेता'' इस सूत्र से किस संज्ञा का विधान किया जाता है–
(अ) उपधा (इ) प्रत्याहार संज्ञा
(उ) नदी (ऋ) टि

84. 'प्रत्याहार' कितने होते हैं–
(अ) 40 (इ) 41
(उ) 42-43 (ऋ) 45

85. 'श्री' शब्द की षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में कौन संज्ञा विकल्प से होती है–
(अ) घि (इ) नदी
(उ) पद (ऋ) प्रातिपदिक

86. 'भूपति' शब्द की 'घि' संज्ञा विधायक सूत्र क्या है–
(अ) शेषोघ्यसखि (इ) पतिः समास एव
(उ) घेर्ङिति (ऋ) अच्च घेः

87. समास में 'पति' शब्द की कौन संज्ञा होती है–
(अ) नदी (इ) भ
(उ) घ (ऋ) घि

88. 'पति' शब्द की 'घि' संज्ञा नहीं होगी क्योंकि–
(अ) यह इकारान्त है
(इ) यह समासयुक्त नहीं है
(उ) यह पुंलिङ्ग वाचक है
(ऋ) यह 'सखि' शब्द से भिन्न है

89. 'प्रत्याहार' संज्ञा करने वाले सूत्र कितने हैं–
(अ) 1 (इ) 3
(उ) 2 (ऋ) 4

90. इनमें से कौन 'पदसंज्ञा' विधायक (करने वाला) सूत्र है–
(अ) 'सुप्तिङन्तं पदम्'
(इ) 'सिति च' एवं 'नः क्ये'
(उ) 'स्वादिष्वसर्वनामस्थाने'
(ऋ) उपर्युक्त सभी

74. (उ), 75. (अ), 76. (अ), 77. (इ), 78. (इ), 79. (इ), 80. (ऋ), 81. (अ), 82. (अ), 83. (इ), 84. (उ), 85. (इ), 86. (इ), 87. (ऋ), 88. (इ), 89. (अ), 90. (ऋ)

91. ''भवत् + छ = भवदीयः'' में 'भवत्' शब्द की किस सूत्र से 'पद' संज्ञा होती है ?
(अ) सुप्तिङन्तं पदम् (इ) नः क्ये
(उ) सिति च (ऋ) स्वादिष्वसर्वनामस्थाने

92. 'राजभ्याम्' में 'राजन्' की कौन संज्ञा होती है–
(अ) प्रातिपदिक (इ) भ
(उ) घि (ऋ) सर्वनामस्थान

93. अष्टाध्यायी में 'सर्वनामस्थान' संज्ञा विधायक (करने वाले) सूत्र कितने हैं–
(अ) 1 (इ) 2
(उ) 3 (ऋ) 4

94. 'सर्वनामस्थान' संज्ञा करने वाला सूत्र कौन है–
(अ) पथिमथोः सर्वनामस्थाने
(इ) सुडनपुंसकस्य
(उ) उगिदचां सर्वनामस्थानेऽधातोः
(ऋ) इतोऽत् सर्वनामस्थाने

95. 'स्वप् + क्त = सुप्तः' यहाँ 'स्वप्' धातु में कौन विधि हुई है–
(अ) संयोग (इ) सम्प्रसारण
(उ) संहिता (ऋ) लोप

96. ईकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द की कौन संज्ञा होती है–
(अ) घि (इ) नदी
(उ) लघु (ऋ) वृद्धि

97. 'मुनि' शब्द की पाणिनिप्रदत्त संज्ञा क्या होगी–
(अ) घि (इ) नदी
(उ) इत् (ऋ) टि

98. 'वधू' शब्द की पाणिनिप्रदत्त संज्ञा क्या होगी–
(अ) अपृक्त (इ) तद्धित
(उ) नदी (ऋ) गुण

99. धात्वादि में अन्त्यवर्ण से पूर्व वर्ण की संज्ञा क्या होगी–
(अ) अपृक्त (इ) टि
(उ) उपधा (ऋ) निष्ठा

100. पुंलिङ्ग एवं स्त्रीलिङ्ग में सु, औ, जस्, अम् एवं औट् इन विभक्तियों की संज्ञा क्या होगी–
(अ) सर्वनामस्थान (इ) सर्वनाम
(उ) संयोग (ऋ) संहिता

101. 'राजन् + अम्' – यहाँ 'अम्' की क्या संज्ञा होगी–
(अ) निष्ठा (इ) तद्धित
(उ) सर्वनामस्थान (ऋ) सर्वनाम

102. प्रातिपदिक से किन प्रत्ययों का विधान किया जाता है–
(अ) तिङ् (इ) कृत्
(उ) सुप् (ऋ) तद्धित

103. मूलधातु से क्रियापद बनाने हेतु किन प्रत्ययों का विधान होता है–
(अ) कृत् (इ) तिङ्
(उ) सुप् (ऋ) तद्धित

104. किन वर्णों की 'उदात्त-अनुदात्त-स्वरित संज्ञा' होती है–
(अ) स्वरवर्णों की (इ) व्यञ्जनवर्णों की
(उ) दोनों की (ऋ) केवल संयुक्त वर्णों की

105. 'अ, इ, उ, ऋ'– इन प्रत्येक वर्णों के कितने भेद होते हैं–
(अ) सत्रह (इ) चौदह
(उ) अठारह (ऋ) नव

106. 'ए, ओ, ऐ, औ'– इनमें से प्रत्येक वर्ण कितने प्रकार का होता है–
(अ) अठारह (इ) चौदह
(उ) अडतालिस (ऋ) बारह

107. ''तुल्यास्यप्रयत्नं सवर्णम्'' इस सूत्र से कौन सी संज्ञा होगी–
(अ) पद संज्ञा (इ) प्रयत्न संज्ञा
(उ) सवर्ण संज्ञा (ऋ) संहिता संज्ञा

108. अ, आ, क वर्ग, ह, विसर्ग- इन वर्णों का उच्चारणस्थान है –
(अ) तालु (इ) दन्त
(उ) कण्ठ (ऋ) ओष्ठ

91. (उ), 92.(अ), 93. (इ), 94. (इ), 95. (इ), 96. (इ), 97. (अ), 98. (उ), 99. (उ), 100. (अ), 101. (उ), 102. (उ), 103. (इ), 104. (अ), 105. (उ), 106. (ऋ), 107. (उ), 108. (उ)

109. ऋ, ॠ, ट वर्ग, र, ष– इन वर्णों का उच्चारणस्थान है–
(अ) कण्ठ (इ) मूर्धा
(उ) दन्त (ऋ) ओष्ठ

110. ऌ, तवर्ग, ल, स– इन वर्णों का उच्चारणस्थान है–
(अ) कण्ठ (इ) मूर्धा
(उ) तालु (ऋ) दन्त

111. उ, ऊ, प वर्ग, ≍प, ≍फ उपध्मानीय– इन वर्णों का उच्चारण स्थान है–
(अ) ओष्ठ (इ) तालु
(उ) मूर्धा (ऋ) कण्ठ

112. ओ, औ– इन वर्णों का उच्चारणस्थान है–
(अ) कण्ठतालु (इ) कण्ठ-नासिका
(उ) कण्ठौष्ठम् (ऋ) कण्ठ-मूर्धा

113. ए, ऐ- इन वर्णों का उच्चारणस्थान होगा–
(अ) कण्ठ तालु (इ) कण्ठोष्ठम्
(उ) कण्ठ-मूर्धा (ऋ) कण्ठ-दन्त

114. ञ म ङ ण न– इन वर्णों का एक विशेष उच्चारणस्थान भी माना जाता है–
(अ) तालु (इ) कण्ठ
(उ) मूर्धा (ऋ) नासिका

115. ≍क ≍ख– इन जिह्वामूलीय वर्णों का उच्चारणस्थान माना जाता है–
(अ) जिह्वामूलम् (इ) तालु
(उ) कण्ठ-तालु (ऋ) कण्ठतालु

116. पाणिनीय शिक्षा के अनुसार उच्चारणस्थान कितने होते हैं–
(अ) 7 (इ) 8
(उ) 6 (ऋ) 5

117. प्रयत्न कितने प्रकार का होता है–
(अ) 4 (इ) 8
(उ) 7 (ऋ) 2

118. आभ्यन्तर प्रयत्न कितने प्रकार का होता है–
(अ) 6 (इ) 5
(उ) 7 (ऋ) 4

119. बाह्यप्रयत्न कितने प्रकार का होता है–
(अ) 11 (इ) 14
(उ) 18 (ऋ) 15

120. आभ्यन्तर प्रयत्न का भेद नहीं है–
(अ) स्पृष्ट (इ) विवृत
(उ) संवृत (ऋ) संवार

121. बाह्य प्रयत्न का भेद नहीं है–
(अ) विवार, संवार, श्वास, नाद
(इ) घोष, अघोष, अल्पप्राण, महाप्राण
(उ) उदात्त, अनुदात्त, स्वरित
(ऋ) स्पृष्ट, विवृत, संवृत

122. ''क से म'' तक के वर्णों को कहते हैं–
(अ) अन्तःस्थवर्ण (इ) ऊष्मवर्ण
(उ) स्पर्श वर्ण (ऋ) स्वर वर्ण

123. ''अन्तःस्थ वर्ण'' कहे जाते हैं–
(अ) श् ष् स् ह् (इ) य् व् र् ल्
(उ) ञ् म् ङ् ण् न् (ऋ) अ इ उ ऋ ऌ

124. ''ऊष्मवर्ण'' कहते हैं–
(अ) ए, ओ, ऐ, औ (इ) ज् ब् ग् ड् द्
(उ) श् ष् स् ह् (ऋ) य् व् र् ल्

125. वर्गों के द्वितीय चतुर्थ एवं शल् प्रत्याहार के वर्ण कहे जाते हैं–
(अ) अन्तस्थ वर्ण (इ) स्पर्श वर्ण
(उ) अल्पप्राण (ऋ) महाप्राण

126. वर्गों के प्रथम, तृतीय, पञ्चम एवं यण् प्रत्याहार के वर्ण कहे जाते हैं–
(अ) महाप्राण (इ) अल्पप्राण
(उ) उदात्त (ऋ) अनुदात्त

127. 'खर्' प्रत्याहार के वर्णों का बाह्य प्रयत्न होगा–
(अ) विवार श्वास अघोष (इ) संवार नाद घोष
(उ) विवार संवार घोष (ऋ) नाद, अघोष, विवार

128. 'हश्' प्रत्याहार के वर्णों का बाह्य प्रयत्न होगा–
(अ) विवार अघोष घोष (इ) संवार नाद घोष
(उ) विवार श्वास अघोष (ऋ) नाद, अघोष, विवार

109. (इ), 110. (ऋ), 111. (अ), 112. (उ), 113. (अ), 114. (ऋ), 115. (अ), 116. (इ), 117. (ऋ), 118. (इ), 119. (अ), 120. (ऋ), 121. (ऋ), 122. (उ), 123. (इ), 124. (उ), 125. (ऋ), 126. (इ), 127. (अ), 128. (इ)

129. 'हलन्त्यम्' सूत्र के अर्थ को पूरा करने के लिए किन पदों की अनुवृत्ति आती है–
(अ) उपदेशे (इ) इत्
(उ) दोनों की (ऋ) इनमें से कोई नहीं

130. 'लोपसंज्ञा' विधायक संज्ञा सूत्र है–
(अ) तस्य लोपः (इ) अदर्शनं लोपः
(उ) हलन्त्यम् (ऋ) आदिरन्त्येन सहेता

131. 'अइउण्, ऋलृक्' इत्यादि सूत्रों में 'ण्, क्, ङ्' इत्यादि हल् वर्णों की इत्संज्ञा किस सूत्र से होगी–
(अ) उपदेशेऽजनुनासिक इत्
(इ) अदर्शनं लोपः
(उ) हलन्त्यम्
(ऋ) तस्य लोपः

132. इत्संज्ञक वर्णों का लोप करने वाला विधिसूत्र है–
(अ) अदर्शनं लोपः (इ) तस्य लोपः
(उ) न वेति विभाषा (ऋ) हलन्त्यम्

133. 'अइउण्' आदि चौदह सूत्रों के अन्त्य में जो 'ण्' आदि वर्ण लगे हुए हैं, उनका क्या प्रयोजन है–
(अ) उच्चारणार्थ (इ) दर्शनार्थ
(उ) गणनार्थ (ऋ) प्रत्याहारनिर्माणार्थ

134. अच् प्रत्याहारस्थ वर्ण (स्वर वर्ण) कितने सूत्रों में कहे गए हैं–
(अ) 6 (इ) 14
(उ) 4 (ऋ) 5

135. हल् प्रत्याहारस्थ वर्ण (व्यञ्जन वर्ण) कितने सूत्रों में कहे गए हैं–
(अ) 10 (इ) 14
(उ) 11 (ऋ) 12

136. 'ञम्' (उणादिसूत्र में प्रयुक्त) प्रत्याहार के अन्तर्गत वर्ण आते हैं–
(अ) वर्गों के प्रथम द्वितीय वर्ण
(इ) वर्गों के तृतीय चतुर्थ वर्ण
(उ) वर्गों के सभी पाँचवे वर्ण
(ऋ) ञ म च ट त

137. 'झष्' प्रत्याहार के अन्तर्गत आते हैं–
(अ) वर्गों के चतुर्थ वर्ण (इ) वर्गों के तृतीय वर्ण
(उ) वर्गों के प्रथम वर्ण (ऋ) वर्गों के द्वितीय वर्ण

138. 'जश्' प्रत्याहार के अन्तर्गत वर्ण आते हैं–
(अ) वर्गों के प्रथम वर्ण (इ) वर्गों के द्वितीय वर्ण
(उ) वर्गों के तृतीय वर्ण (ऋ) वर्गों के चतुर्थ वर्ण

139. वर्गों के दूसरे एवं पहले वर्ण किस प्रत्याहार के अन्तर्गत आते हैं–
(अ) छव् (इ) झर्
(उ) खर् (ऋ) खय्

140. दीर्घ संज्ञक स्वर होते हैं–
(अ) एकमात्रिक (इ) द्विमात्रिक
(उ) त्रिमात्रिक (ऋ) इनमें से कोई नहीं

141. ह्रस्वसंज्ञक स्वरों की कितनी मात्रा होती है–
(अ) एकमात्रा (इ) द्विमात्रा
(उ) त्रिमात्रा (ऋ) अर्धमात्रा

142. प्लुतसंज्ञक स्वर होते हैं–
(अ) एकमात्रिक (इ) द्विमात्रिक
(उ) त्रिमात्रिक (ऋ) अर्धमात्रिक

143. व्यञ्जन (हल्) वर्णों की मात्रा होती है–
(अ) एकमात्रा (इ) द्विमात्रा
(उ) त्रिमात्रा (ऋ) अर्धमात्रा

144. ''प्रगृह्यसंज्ञा'' विधायक सूत्र है–
(अ) ईदूदेद्द्विवचनं प्रगृह्यम्
(इ) अदसो मात्
(उ) ''निपात एकाजनाङ्'' तथा ''ओत्''
(ऋ) उपर्युक्त सभी

145. अ इ उ ऋ लृ– इन पाँच स्वरों को माना जाता है–
(अ) मूल स्वर (इ) ह्रस्व स्वर
(उ) उपर्युक्त दोनों (ऋ) संयुक्त स्वर

146. दीर्घ स्वर नहीं है–
(अ) आ, ई, ऊ (इ) ॠ, ए, ऐ
(उ) ओ, औ (ऋ) अ, इ, लृ

129. (उ), 130. (इ), 131. (उ), 132. (इ), 133. (ऋ), 134. (उ)135. (अ), 136. (उ), 137. (अ), 138. (उ)139. (ऋ), 140. (इ), 141. (अ), 142. (उ)143. (ऋ), 144. (ऋ), 145. (उ), 146. (ऋ)

147. ''ऊकालोऽज्झ्रस्वदीर्घप्लुतः'' यह सूत्र किस संज्ञा का विधान करता है–

(अ) प्रत्याहार संज्ञा (इ) इत्संज्ञा
(उ) ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत संज्ञा (ऋ) लोप संज्ञा

148. उदात्तसंज्ञा विधायक ''उच्चैरुदात्तः'' सूत्र किस कोटि का सूत्र है–

(अ) संज्ञा सूत्र (इ) परिभाषा सूत्र
(उ) विधि सूत्र (ऋ) नियम सूत्र

149. 'अनुदात्त संज्ञा' करने वाला संज्ञासूत्र है–

(अ) उच्चैरुदात्तः (इ) नीचैरनुदात्तः
(उ) समाहारः स्वरितः (ऋ) अदर्शनं लोपः

150. ''समाहारः स्वरितः'' सूत्र से होती है–

(अ) उदात्त संज्ञा (इ) स्वरित संज्ञा
(उ) अनुदात्त संज्ञा (ऋ) समाहार संज्ञा

151. मुख और नासिका से एक साथ उच्चरित होने वाले वर्ण कहे जाते हैं–

(अ) अननुनासिक (इ) अनुनासिक
(उ) निरनुनासिक (ऋ) नासिक

152. किस स्वर वर्ण का दीर्घ नही होता–

(अ) ऋ (इ) लृ
(उ) अ (ऋ) उ

153. निम्न में कौन ह्रस्व स्वर हैं–

(अ) ए, ओ (इ) ऐ, औ
(उ) आ, ई (ऋ) ऋ, लृ

154. कण्ठ, तालु आदि उच्चारणस्थान और आभ्यन्तर प्रयत्न जिन वर्णों का समान हो, वे आपस में होते हैं–

(अ) सवर्णी (इ) सवर्णसंज्ञक
(उ) सावर्ण्य (ऋ) उपर्युक्त सभी

155. 'सवर्णसंज्ञक' वर्ण नहीं हैं–

(अ) ऋ, लृ (इ) क् च्
(उ) क् घ् (ऋ) ज् झ्

156. ''ए, ऐ तथा ओ औ'' की आपस में सवर्ण संज्ञा कब होती है–

(अ) सर्वदा (इ) कभी नहीं
(उ) सन्धि में (ऋ) यदा-कदा

157. क से म तक स्पर्शवर्णों का आभ्यन्तर प्रयत्न होगा–

(अ) स्पृष्ट प्रयत्न (इ) ईषत्स्पृष्ट प्रयत्न
(उ) विवृत प्रयत्न (ऋ) संवृत प्रयत्न

158. ईषत्स्पृष्ट प्रयत्न होता है–

(अ) स्वरों का
(इ) श् ष् स् ह् ऊष्म वर्णों का
(उ) हल् वर्णों का
(ऋ) य् व् र् ल् अन्तःस्थ वर्णों का

159. स्वर वर्णों का प्रयत्न है–

(अ) विवृत (इ) ईषत्विवृत
(उ) संवृत (ऋ) स्पृष्ट

160. ईषत्विवृत प्रयत्न माना जाता है–

(अ) श् ष् स् ह् (शल्) (इ) य् व् र् ल् (यण्)
(उ) स्वरों का (अच्) (ऋ) इनमें से कोई नही

161. प्रक्रियावस्था (प्रयोगसिद्धि) में ह्रस्व अकार का प्रयत्न माना जाता है–

(अ) विवृत (इ) संवृत
(उ) स्पृष्ट (ऋ) ईषत्विवृत

162. प्रयोग अवस्था अर्थात् उच्चारणावस्था में संवृत प्रयत्न माना जाता है–

(अ) इ (इ) अ
(उ) ए (ऋ) ओ

163. ''जिह्वामूलीय'' वर्ण माने जाते हैं–

(अ) ४प ४फ (इ) अं अः
(उ) ४क ४ख (ऋ) ४क ४प

164. व्याकरणशास्त्र में ''उपध्मानीय'' वर्ण हैं–

(अ) ४क ४ख (इ) ४प ४फ
(उ) ४कु ४चु (ऋ) अं अः

165. ''कु चु टु तु पु'' की संज्ञा है–

(अ) घि (इ) नदी
(उ) उपधा (ऋ) उदित्

147. (उ), 148. (अ), 149. (इ), 150. (इ) 151. (इ), 152. (इ), 153. (ऋ), 154. (ऋ) 155. (इ), 156. (इ), 157. (अ), 158. (ऋ), 159. (अ), 160. (अ), 161. (अ), 162. (इ), 163. (उ), 164. (इ), 165. (ऋ)

166. **''अणुदित्सवर्णस्य चाप्रत्ययः'' यह सूत्र बोध कराता है–**
(अ) अपने सवर्णियों का
(इ) केवल ह्रस्व वर्णों का
(उ) केवल अ, इ, उ वर्णों का
(ऋ) केवल प्रत्ययों का

167. **''अणुदित्सवर्णस्य चाप्रत्ययः'' इस पद में 'अण्' प्रत्याहारस्थ 'ण्' किससे सम्बद्ध है–**
(अ) अइउण् के ण् से (पूर्व णकार)
(इ) लण् के ण् से (पर णकार)
(उ) यण् के ण् से
(ऋ) इनमें से कोई नही

168. **''हलोऽनन्तराः संयोगः'' सूत्र किस संज्ञा का विधान करता है–**
(अ) पद संज्ञा (इ) संहिता संज्ञा
(उ) संयोग संज्ञा (ऋ) सवर्ण संज्ञा

169. **व्याकरणशास्त्र में सूत्र कितने प्रकार के होते हैं–**
(अ) 6 (इ) 14
(उ) 42 (ऋ) 5

170. **''स्थानेऽन्तरतमः'' सूत्र किस प्रकार का है–**
(अ) संज्ञा सूत्र (इ) परिभाषा सूत्र
(उ) विधिसूत्र (ऋ) नियम सूत्र

171. **''इको यणचि'' सूत्र है–**
(अ) संज्ञा सूत्र (इ) अतिदेश सूत्र
(उ) अधिकार सूत्र (ऋ) विधि सूत्र

172. **''पतिः समास एव'' किस कोटि का सूत्र है–**
(अ) विधि सूत्र (इ) नियम सूत्र
(उ) अतिदेश सूत्र (ऋ) अधिकार सूत्र

173. **''अन्तादिवच्च'' सूत्र किस प्रकार का है–**
(अ) संज्ञा सूत्र (इ) परिभाषा सूत्र
(उ) विधि सूत्र (ऋ) अतिदेश सूत्र

174. **''कारके''– यह सूत्र है–**
(अ) अधिकार सूत्र (इ) विधि सूत्र
(उ) नियम सूत्र (ऋ) परिभाषा सूत्र

175. **'अहो ईशाः'– यहाँ 'अहो' इस पद की किस सूत्र से ''प्रगृह्यसंज्ञा'' हो गयी–**
(अ) निपात एकाजनाङ् (इ) ओत्
(उ) अदसो मात् (ऋ) इदूदेद्द्विवचनं प्रगृह्यम्

176. **''सुप्तिङन्तं पदम्'' पद संज्ञा करने वाला यह सूत्र है–**
(अ) विधिसूत्र (इ) नियम सूत्र
(उ) संज्ञा सूत्र (ऋ) अधिकार सूत्र

177. **''अदर्शनं लोपः'' इस सूत्र में 'अदर्शन' पद का व्याकरणिक अर्थ है–**
(अ) नष्ट होना
(इ) अश्रवण (न सुनायी पड़े, न दिखायी पड़े)
(उ) उड़ जाना
(ऋ) इनमें से कोई नहीं

178. **ऋ और लृ वर्ण के परस्पर कुल कितने भेद माने गए हैं–**
(अ) 18 (इ) 12
(उ) 30 (ऋ) 14

179. **'लण्' सूत्रस्थ लकारोत्तरवर्ती 'अकार' की किस सूत्र से इत्संज्ञा होती है–**
(अ) हलन्त्यम्
(इ) तस्य लोपः
(उ) उपदेशेऽजनुनासिक इत्
(ऋ) उरण् रपरः

180. **अ, इ, उ– इन प्रत्येक वर्णों के भेद माने गए हैं–**
(अ) 19 (इ) 18
(उ) 17 (ऋ) 54

181. **संज्ञाप्रकरण के सभी सूत्र अष्टाध्यायी के किस अध्याय के हैं–**
(अ) प्रथम (इ) द्वितीय
(उ) तृतीय (ऋ) चतुर्थ

182. **व्याकरण के त्रिमुनि के अन्तर्गत नहीं गिने जाते हैं–**
(अ) पाणिनि (इ) कात्यायन
(उ) पतञ्जलि (ऋ) भट्टोजिदीक्षित

166. (अ), 167. (इ), 168. (उ), 169. (अ), 170. (इ) 171. (ऋ), 172. (इ), 173. (ऋ), 174. (अ) 175. (इ), 176. (उ), 177. (इ), 178. (उ) 179. (उ), 180. (इ), 181. (अ), 182. (ऋ)

183. पाणिनीय अष्टाध्यायी में लगभग कितने सूत्र हैं–
(अ) 4000 (इ) 5000
(उ) 7000 (ऋ) 9000

184. ''सुबन्त और तिङन्त'' को कहते हैं–
(अ) संयोग (इ) आगम
(उ) संहिता (ऋ) पद

185. सन्धि करने के पहले कौन-सी संज्ञा होती है–
(अ) पदसंज्ञा (इ) संयोगसंज्ञा
(उ) संहिता संज्ञा (ऋ) उपधा संज्ञा

186. ''उपदेशेऽजनुनासिक इत्'' यह सूत्र किन वर्णों की इत्संज्ञा करता है–
(अ) हल् वर्णों की
(इ) अच् वर्णों की
(उ) संयुक्त वर्णों की
(ऋ) अनुस्वार युक्त वर्णों की

187. माहेश्वर सूत्रों में कौन सा वर्ण दो बार आया है–
(अ) अ (इ) क
(उ) ह (ऋ) ल

188. य् व् ल् – के कितने भेद हैं–
(अ) 5 (इ) 2
(उ) 3 (ऋ) केवल एक

189. माहेश्वर सूत्रों में कौन सा ''इत्संज्ञकवर्ण'' दो बार पठित है –
(अ) ङ् (इ) ण्
(उ) क् (ऋ) च्

190. इनमें से किसकी परस्पर ''सवर्ण संज्ञा'' नहीं होती–
(अ) अ-आ (इ) उ ऊ
(उ) ऋ-लृ (ऋ) ए-ऐ

191. इनमें से किसकी परस्पर सवर्ण संज्ञा पाणिनीय व्याकरण को अभीष्ट नहीं है–
(अ) इ - ई (इ) ऋ - ॠ
(उ) ऋ - लृ (ऋ) ओ – औ

192. इनमें से किसकी परस्पर सवर्णसंज्ञा होती है–
(अ) ए - ऐ (इ) ओ - औ
(उ) ऋ - लृ (ऋ) अ - इ

193. माहेश्वर सूत्र में मूल स्वरवर्ण कितने हैं–
(अ) 6 (इ) 5
(उ) 9 (ऋ) 14

194. किस माहेश्वर सूत्र का अकार उच्चारणमात्र न होकर 'इत्संज्ञक' है ?
(अ) हयवरट् (इ) लण्
(उ) झभञ् (ऋ) घढधष्

195. ''लण्'' सूत्रस्थ अकार की इत्संज्ञा स्वीकार करने का प्रयोजन क्या है–
(अ) 'अण्' प्रत्याहार का निर्माण
(इ) 'र' प्रत्याहार का निर्माण
(उ) 'लण्' सूत्र का वैशिष्ट्यप्रतिपादन
(ऋ) स्वरों से भिन्नता प्रतिपादन

196. ''र'' प्रत्याहार के अन्तर्गत कौन से दो वर्ण आते हैं–
(अ) ल् अ (इ) इ र्
(उ) र् ल् (ऋ) य् र्

197. सभी स्वरों और व्यञ्जनों का बोध कराने वाला प्रत्याहार है–
(अ) अच् (इ) हल्
(उ) झष् (ऋ) अल्

198. 'अच्' प्रत्याहार के अन्तर्गत आते हैं–
(अ) सभी व्यञ्जन (इ) सभी दीर्घ स्वर
(उ) सभी स्वर (ऋ) केवल ह्रस्व स्वर

199. 'हल्' प्रत्याहार के अन्तर्गत वर्ण आते हैं–
(अ) सभी स्वर और व्यञ्जन वर्ण
(इ) केवल स्वर वर्ण
(उ) सभी व्यञ्जन वर्ण
(ऋ) व्यञ्जन वर्णों के पञ्चमाक्षर

200. वर्णों के पञ्चमाक्षरों को कहा जाता है–
(अ) निरनुनासिक (इ) अननुनासिक
(उ) अनुनासिक (ऋ) मुखनासिक

183. (अ), 184. (ऋ), 185. (उ), 186. (इ) 187. (उ), 188. (इ), 189. (इ), 190. (ऋ) 191. (ऋ), 192. (उ), 193. (इ), 194. (इ) 195. (इ), 196. (उ), 197. (ऋ), 198. (उ) 199. (उ), 200. (उ),

201. माहेश्वर सूत्रों में 'हकार' का दो बार ग्रहण क्यों किया गया है–
(अ) ''अट्'' और ''शल्'' प्रत्याहार में 'ह' को शामिल करने के लिए
(इ) ''अर्हेण'' प्रयोग की सिद्धि
(उ) ''अधुक्षत'' प्रयोग की सिद्धि
(ऋ) उपर्युक्त सभी

202. किसको 'आदिवैयाकरण' माना जाता है–
(अ) इन्द्र (इ) बृहस्पति
(उ) वायु (ऋ) शिव

203. वृद्धिसंज्ञक वर्ण नहीं है–
(अ) आ (इ) ऐ
(उ) औ (ऋ) अर्

204. गुणसंज्ञक वर्ण नहीं है–
(अ) अ (इ) ए
(उ) ओ (ऋ) आर्

205. 'इ, ई, च वर्ग, य, श' – इन वर्णों का उच्चारण स्थान है–
(अ) तालु (इ) मूर्धा
(उ) कण्ठ (ऋ) ओष्ठ

206. ''उपधासंज्ञा'' होती है–
(अ) पदों के अन्तिम वर्ण की
(इ) पदों के आदि वर्ण की
(उ) स्वर सहित अन्तिम व्यञ्जन की
(ऋ) अन्तिम वर्ण से पूर्व वर्ण की

207. प्रातिपदिक संज्ञा नहीं होती है–
(अ) धातु (इ) अधातु
(उ) अर्थवद् (ऋ) अप्रत्यय

208. प्रातिपदिक संज्ञा नहीं होती है–
(अ) कृत (इ) तद्धित
(उ) समास (ऋ) ष्यन्त

209. 'सुप्'- प्रत्यय नहीं जोड़े जाते हैं–
(अ) समासान्त से (इ) तद्धित से
(उ) प्रातिपदिक से (ऋ) ण्यन्त से

210. सुप् प्रत्ययों की संख्या है–
(अ) 9 (इ) 18
(उ) 21 (ऋ) 24

211. तिङ् प्रत्ययों की संख्या होती है–
(अ) 9 (इ) 18
(उ) 27 (ऋ) 90

212. 'सर्वनामस्थान' कितने प्रत्यय कहलाते है–
(अ) 5 (इ) 6
(उ) 9 (ऋ) 21

213. 'घ' संज्ञा किन प्रत्ययों की होती है–
(अ) तरप् - तमप् (इ) सन् - यङ्
(उ) क्त - क्तवतु (ऋ) शतृ - शानच्

214. ''विभाषा'' का क्या अभिप्राय है–
(अ) परिभाषा (इ) संशय
(उ) निश्चय (ऋ) विकल्प

215. 'निष्ठा' संज्ञा किन प्रत्ययों की होती है–
(अ) अनीयर्-तव्यत् (इ) शतृ-शानच्
(उ) क्त-क्तवतु (ऋ) क्त्वा-ल्यप्

216. किसकी ''प्रगृह्यसंज्ञा'' नहीं होती है–
(अ) ईकारान्त द्विवचन (इ) ऊकारान्त द्विवचन
(उ) एकारान्त द्विवचन (ऋ) ओकारान्त द्विवचन

217. ''सार्वधातुक संज्ञा'' होती है–
(अ) तिङ् - शित् (इ) तिङ् - सुप्
(उ) तिङ् - तद्धित (ऋ) तिङ् - कृत्

218. ''अनुनासिक वर्णों'' का उच्चारणस्थान है–
(अ) कण्ठ (इ) ओष्ठ
(उ) दन्त (ऋ) मुखनासिका

219. वर्गों के कौन से वर्ण अनुनासिक कहलाते हैं–
(अ) प्रथम (इ) द्वितीय
(उ) तृतीय (ऋ) पञ्चम

220. ''अपृक्त संज्ञा'' किस वर्ण की होती है–
(अ) प्रत्यय से शेष बचे एक स्वर या व्यञ्जन की
(इ) प्रत्यय से शेष बचे दो व्यञ्जनों की
(उ) प्रत्यय से शेष बचे दो स्वरों की
(ऋ) संयुक्त स्वर व्यञ्जन की

201.(ऋ), 202.(ऋ) 203.(ऋ), 204.(ऋ), 205.(अ), 206.(ऋ) 207.(अ), 208.(ऋ), 209.(ऋ), 210.(उ)
211.(इ), 212.(अ), 213.(अ), 214.(ऋ) 215.(उ), 216.(ऋ), 217.(अ), 218.(ऋ) 219.(ऋ), 220.(अ),

221. किस वैयाकरण के बनाये नियम वार्तिक कहलाते हैं–
(अ) पाणिनि (इ) वरदराज
(उ) भट्टोजिदीक्षित (ऋ) कात्यायन

222. ''उत्सर्ग'' किसे कहते हैं–
(अ) विशेष नियम (इ) साधारण नियम
(उ) वैकल्पिक नियम (ऋ) इनमें से कोई नहीं

223. 'ष' वर्ण को कहते हैं–
(अ) मूर्धन्य (इ) तालव्य
(उ) दन्त्य (ऋ) इनमें से कोई नहीं

224. दन्त्यवर्ण हैं–
(अ) ऋटुरष् (इ) इचुयश्
(उ) उपूपध्मानीय (ऋ) लृतुलस्

225. व्याकरण में गतिसंज्ञक कहे जाते हैं–
(अ) नाम (इ) आख्यात
(उ) उपसर्ग (ऋ) निपात

226. संस्कृत में उपसर्गों की संख्या कितनी मानी जाती हैं–
(अ) 20 (इ) 22
(उ) 24 (ऋ) 25

227. व्याकरणशास्त्र में ''उपदेश'' कहा जाता है–
(अ) आद्योच्चारणम् (इ) मध्योच्चारणम्
(उ) सर्वोच्चारणम् (ऋ) अन्त्योच्चारणम्

228. ''तस्य लोपः'' सूत्र में किसके लोप की बात कही गयी है–
(अ) कित् (इ) ञित्
(उ) णित् (ऋ) इत्

229. अनुनासिक चिह्नयुक्त वर्ण हैं–
(अ) कं (इ) कँ
(उ) कः (ऋ) र्क

230. क्रमशः अनुस्वार - विसर्ग हैं–
(अ) अं अः (इ) अँ अं
(उ) अः अँ (ऋ) अः अं

231. निम्न में से किस वर्ण के 18 भेद नहीं है–
(अ) इ (इ) उ
(उ) ऋ (ऋ) लृ

232. 'उपसर्जन' संज्ञा विधायक सूत्र है–
(अ) प्रथमानिर्दिष्टं समास उपसर्जनम्
(इ) उपसर्जनं पूर्वम्
(उ) उपाच्च
(ऋ) उपसर्या काल्या प्रजने

233. क्रिया के योग में 'प्र' आदि होते हैं–
(अ) गति संज्ञक (इ) उपसर्गसंज्ञक
(उ) दोनों (ऋ) इनमें से कोई नहीं

234. क्रियावाचक 'भू' आदि की 'धातुसंज्ञा' किस सूत्र से होती है–
(अ) उपसर्गादृति धातौ (इ) भूवादयो धातवः
(उ) धातोः (ऋ) धात्वादेः षः सः

235. 'अदस्' शब्द के मकार से परे ईकार और 'ऊकार' की क्या संज्ञा होगी–
(अ) प्रगृह्यसंज्ञा (इ) प्लुतसंज्ञा
(उ) दीर्घ संज्ञा (ऋ) वृद्धिसंज्ञा

236. 'अमी ईशाः' – यहाँ 'अमी' की किस सूत्र से प्रगृह्यसंज्ञा होगी–
(अ) प्लुतप्रगृह्या अचि नित्यम् (इ) दूराद्धूते च
(उ) अदसो मात् (ऋ) ईदूदेद्द्विवचनं प्रगृह्यम्

237. ''अदसो मात्'' इस सूत्र से किसकी प्रगृह्यसंज्ञा होती है–
(अ) अमू (इ) अमी
(उ) दोनों की (ऋ) इनमें से कोई नहीं

238. ''प्रादयः''– इस सूत्र से कौन-सी संज्ञा होती है–
(अ) प्रगृह्यसंज्ञा (इ) निपातसंज्ञा
(उ) प्लुतसंज्ञा (ऋ) इनमें से कोई नहीं

239. ''निपात एकाजनाङ्''– इस सूत्र से एक अच् वाले निपात की कौन-सी संज्ञा होती है–
(अ) प्रगृह्यसंज्ञा (इ) निपात संज्ञा
(उ) प्लुत संज्ञा (ऋ) दीर्घ संज्ञा

240. ''निपातसंज्ञा'' विधायक सूत्र है–
(अ) प्रादयः (इ) चादयोऽसत्त्वे
(उ) दोनों (ऋ) इनमें से कोई नहीं

221.(ऋ), 222.(इ) 223.(अ), 224.(ऋ), 225.(उ), 226.(इ) 227.(अ), 228.(ऋ), 229.(इ), 230.(अ)
231.(ऋ), 232.(अ), 233.(उ), 234.(इ) 235.(अ), 236.(उ), 237.(उ), 238.(इ) 239.(अ), 240.(उ)

संज्ञा–गङ्गा (भाग-दो)

1. किसमें संहिता नित्य नहीं मानी जाती है–

(अ) एकपद (इ) धातु-उपसर्ग
(उ) समास (ऋ) वाक्य

2. ''दैत्यानां अरिः = दैत्य + अरिः = दैत्यारिः'' में सवर्ण दीर्घ एकादेश हुआ, क्योंकि–

(अ) यहाँ संहिता विवक्षा के अधीन है
(इ) समास में संहिता नित्य है
(उ) 'दैत्य' पद अकारान्त है
(ऋ) यह अखण्ड पद है

3. ''अकः सवर्णे दीर्घः'' सूत्र में किस सूत्र का अधिकार है–

(अ) स्त्रियाम् (इ) कारके
(उ) संहितायाम् (ऋ) ङ्याप्प्रातिपदिकात्

4. किसमें 'संहितायाम्' का अधिकार नहीं है–

(अ) एचोऽयवायावः (इ) आद्गुणः
(उ) वृद्धिरेचि (ऋ) अट्कुप्वाङ्नुम्व्यवायेऽपि

5. 'गण + ईशः = गणेशः' में कौन विधि है–

(अ) वृद्धि (इ) पूर्वरूप
(उ) पररूप (ऋ) गुण

6. 'गुण विधि' किसकी होती है–

(अ) अच् (इ) हल्
(उ) इक् (ऋ) अण्

7. 'चि + तव्यत् = चेतव्यम्' – यहाँ धातु में कौन-सी विधि हुई है–

(अ) वृद्धि (इ) दीर्घ
(उ) गुण (ऋ) पररूप

8. ''उप - भुज् + तुमुन् = उपभोक्तुम्'' में धातु के किस अंश को 'गुण' हुआ है–

(अ) आदि (इ) अन्त
(उ) उपधा (ऋ) उपसर्ग

9. ''भिद् + तव्य = भेतव्यम्'' में गुण विधायक सूत्र कौन है–

(अ) आद्गुणः (इ) अदेङ्गुणः
(उ) गुणोऽपृक्तेः (ऋ) पुगन्तलघूपधस्य च

10. ''स्मृ + अनीयर् = स्मरणीयम्'' में गुणविधि का सूत्र क्या है–

(अ) पुगन्तलघूपधस्य च (इ) आद्गुणः
(उ) गुणोऽपृक्तेः (ऋ) सार्वधातुकार्धधातुकयोः

11. हे प्रभो! – यहाँ 'प्रभो' शब्द में कौन विधि है–

(अ) दीर्घ (इ) गुण
(उ) वृद्धि (ऋ) सम्प्रसारण

12. ''हस् + ण्यत् = हास्यम्''– यहाँ धातु में कौन विधि हुई है–

(अ) वृद्धि (इ) दीर्घ
(उ) गुण (ऋ) लोप

13. ''पठ् + घञ् = पाठः'' यहाँ धातु में कौन विधि हुई है–

(अ) गुण (इ) वृद्धि
(उ) सम्प्रसारण (ऋ) पूर्वरूप

14. ''दशरथ + इञ् = दाशरथिः'' यहाँ दशरथ के आदिस्वर की वृद्धि किस सूत्र से हुई है–

(अ) तद्धितेष्वचामादेः (इ) किति च
(उ) अत उपधायाः (ऋ) वृद्धिरादैच्

15. ''संस्कृतगङ्गा + ओघः = संस्कृतगङ्गौघः'' में किस सूत्र से वृद्धि एकादेश हुआ है –

(अ) एचोऽयवायावः (इ) वृद्धिरादैच्
(उ) वृद्धिरेचि (ऋ) इको गुणवृद्धी

16. वृद्धिसंज्ञाविधायक सूत्र ''वृद्धिरादैच्'' में 'ऐच्' से किन दो वर्णों का बोध होता है–

(अ) ए ऐ (इ) ऐ औ
(उ) ए ओ (ऋ) ओ औ

1. (ऋ), 2. (इ), 3. (उ), 4. (ऋ), 5. (ऋ), 6. (उ), 7. (उ) 8. (उ), 9. (ऋ) 10. (ऋ), 11. (इ), 12. (अ), 13. (इ), 14. (अ),15.(उ) 16. (इ),

17. गुणसंज्ञाविधायक सूत्र 'अदेङ्गुणः' में 'एङ्' प्रत्याहार से किन दो वर्णों का बोध होता है–
(अ) ए, औ (इ) ए, ऐ
(उ) ओ, औ (ऋ) ए, ओ

18. 'अदेङ्गुणः' सूत्र में विद्यमान 'अत्' से ह्रस्व अकार का बोध किस सूत्र से होता है–
(अ) अणुदित्सवर्णस्य चाप्रत्ययः (इ) तस्मादित्युत्तरस्य
(उ) अचश्च (ऋ) तपरस्तत्कालस्य

19. 'वृद्धिरादैच्'' में स्थित 'आत्' से दीर्घ 'आ' का बोध किस सूत्र से होता है–
(अ) अकः सवर्णे दीर्घः (इ) तस्मादित्युत्तरस्य
(उ) तपरस्तत्कालस्य (ऋ) उरण् रपरः

20. ''उप + ऋच्छति = उपार्च्छति'' में विहित वृद्धि किस विधि का अपवाद है-
(अ) गुण (इ) वृद्धि
(उ) पररूप (ऋ) पूर्वरूप

21. 'सुखेन ऋतः = सुख + ऋतः = सुखार्तः' में कौन विधि है-
(अ) गुण (इ) वृद्धि
(उ) पररूप (ऋ) पूर्वरूप

22. 'दाशरथि' की प्रातिपदिक संज्ञा होती है, क्योंकि-
(अ) यह कृदन्त है (इ) यह तद्धितान्त है
(उ) यह समासान्त है (ऋ) यह सुबन्त है

23. ''कारक'' की प्रातिपदिक संज्ञा होती है, क्योंकि–
(अ) यह तद्धितान्त है (इ) यह कृदन्त है
(उ) यह समासान्त है (ऋ) यह सुबन्त है

24. 'पीताम्बरः' की प्रातिपदिक संज्ञा होती है, क्योंकि–
(अ) यह कृदन्त है (इ) यह समासान्त है
(उ) यह तद्धितान्त है (ऋ) यह तिङन्त है

25. 'डित्थ' की प्रातिपदिक संज्ञा किस सूत्र से होती है–
(अ) कृत्तद्धितसमासाश्च
(इ) अर्थवदधातुरप्रत्ययः प्रातिपदिकम्
(उ) ङ्याप्प्रातिपदिकात्
(ऋ) प्रातिपदिकार्थलिङ्गपरिमाणवचनमात्रे प्रथमा

26. प्रातिपदिक से किन प्रत्ययों का विधान होता है–
(अ) तिङ् (इ) सुप्
(उ) कृत् (ऋ) तद्धित

27. 'प्रातिपदिकार्थ' में कौन विभक्ति होती है–
(अ) द्वितीया (इ) सप्तमी
(उ) चतुर्थी (ऋ) प्रथमा

28. 'राजन्' से प्रथमा विभक्ति एकवचन में 'सु' विभक्ति आती है, क्योंकि–
(अ) 'राजन्' व्यञ्जनान्त है
(इ) 'राजन्' पुँल्लिङ्गवाचक है
(उ) 'राजन्' एक प्रातिपादिक है
(ऋ) 'राजन्' एक राजा का वाचक है

29. 'अस्मद्' से तृतीया एकवचन में 'टा' विभक्ति आती है, क्योंकि–
(अ) 'अस्मद्' - सर्वनाम है
(इ) 'अस्मद्' का रूप तीनों लिङ्गो में समान है
(उ) अस्मद् - व्यञ्जनान्त है
(ऋ) अस्मद् - प्रातिपदिक है

30. 'फल' से प्रथमा बहुवचन में 'जश्' विभक्ति आती है, क्योंकि–
(अ) 'फल' - अकारान्त है
(इ) 'फल' - प्रातिपदिक है
(उ) 'फल' - नपुंसकलिङ्ग है
(ऋ) 'फल' - आम आदि फलों का वाचक है

31. 'दशरथ' से ''अतइञ्'' सूत्र से अपत्यार्थ में 'इञ्' प्रत्यय आता है, क्योंकि–
(अ) 'दशरथ' - पुंलिङ्गवाचक है
(इ) 'दशरथ' - राम के पिता हैं
(उ) 'दशरथ' - प्रातिपदिक है
(ऋ) 'दशरथ' - अयोध्या के राजा हैं

32. 'अस्माकीनम्' में किस प्रातिपदिक से 'खञ्' प्रत्यय आया है–
(अ) अस्माकम् (इ) अस्मद्
(उ) अदस् (ऋ) एतद्

17. (ऋ), 18. (ऋ) 19. (उ),20. (अ) 21. (इ), 22. (इ), 23. (इ), 24. (इ), 25. (इ) 26. (इ), 27. (ऋ), 28. (उ), 29. (ऋ), 30. (इ), 31. (उ), 32. (इ),

33. 'राजकीयः' में किस प्रातिपदिक से 'छ' प्रत्यय आया है–
(अ) राजक (इ) रजक
(उ) राजन् (ऋ) राजका

34. प्रातिपदिक से चतुर्थी एकवचन में कौन विभक्ति आती है–
(अ) भ्यस् (इ) भ्याम्
(उ) ङसि (ऋ) ङे

35. प्रातिपदिक से सप्तमी एकवचन में कौन विभक्ति आती है–
(अ) ङि (इ) ङे
(उ) ङसि (ऋ) ङस्

36. प्रातिपदिक से तृतीया बहुवचन में कौन विभक्ति आती है–
(अ) भ्यस् (इ) भिस्
(उ) आम् (ऋ) शस्

37. प्रातिपदिक से पञ्चमी एकवचन में कौन विभक्ति आती है–
(अ) भ्यस् (इ) भिस्
(उ) ङे (ऋ) ङसि

38. प्रातिपदिक से षष्ठी एकवचन में विभक्ति आती है–
(अ) ङि (इ) ङे
(उ) ङसि (ऋ) ङस्

39. प्रातिपदिक से चतुर्थी पञ्चमी के बहुवचन में कौन विभक्ति आती है–
(अ) आम् (इ) भिस्
(उ) भ्यस् (ऋ) जश्

40. प्रातिपदिक से तृतीया, चतुर्थी एवं पञ्चमी के द्विवचन में विभक्ति आती है–
(अ) ओस् (इ) भ्याम्
(उ) भ्यस् (ऋ) भिस्

41. प्रातिपदिक से षष्ठी बहुवचन में कौन-सी विभक्ति आती है –
(अ) अम् (इ) आम्
(उ) भ्यस् (ऋ) भिस्

42. प्रातिपदिक से 'शस्' विभक्ति आती है–
(अ) द्वितीया एकवचन (इ) प्रथमा बहुवचन
(उ) द्वितीया बहुवचन (ऋ) तृतीया एकवचन

43. प्रातिपदिक से 'अम्' विभक्ति कहाँ आती है–
(अ) द्वितीया एकवचन (इ) प्रथमा द्विवचन
(उ) द्वितीया द्विवचन (ऋ) चतुर्थी एकवचन

44. प्रातिपदिक से षष्ठी एवं सप्तमी द्विवचन में कौन विभक्ति आती है–
(अ) भ्याम् (इ) औ
(उ) भ्यस् (ऋ) ओस्

45. प्रातिपदिक से 'सु' विभक्ति आती है–
(अ) प्रथमा द्विवचन (इ) प्रथमा बहुवचन
(उ) सप्तमी बहुवचन (ऋ) प्रथमा एकवचन

46. प्रातिपदिक से सप्तमी बहुवचन में विभक्ति आती है–
(अ) सु (इ) शस्
(उ) भ्याम् (ऋ) सुप्

47. ''यू स्त्र्याख्यौ नदी'' में 'यू' से किस वर्णद्वय का बोध होता है–
(अ) ई ऊ (इ) इ उ
(उ) इ अ (ऋ) ई उ

48. ''शेषो घ्यसखि'' सूत्र अष्टाध्यायी के किस अध्याय का है–
(अ) द्वितीय (इ) प्रथम
(उ) चतुर्थ (ऋ) सप्तम

49. समास में ही किस शब्द की 'घि' संज्ञा होती है–
(अ) सखि (इ) मति
(उ) पति (ऋ) सम्पति

50. इनमें से किसकी 'घि' संज्ञा नहीं है–
(अ) भूपति (इ) नरपति
(उ) वसुधापति (ऋ) सम्मति

51. ''रम् + घञ् = रामः''– यहाँ धातु के 'अकार' की कौन संज्ञा है–
(अ) पद (इ) टि
(उ) उपधा (ऋ) भ

33. (उ), 34. (ऋ), 35. (अ), 36. (इ), 37. (ऋ),38. (ऋ), 39. (उ), 40. (इ), 41. (इ), 42. (उ) 43. (अ), 44. (ऋ), 45. (ऋ), 46. (ऋ), 47. (अ) 48. (इ), 49. (उ), 50. (ऋ), 51. (उ),

52. 'पठ् + ण्वुल् = पाठकः' में धातु की उपधा को किस सूत्र से वृद्धि होती है–
(अ) अतो गुणे (इ) अत उपधायाः
(उ) पुगन्तलघूपधस्य च (ऋ) अचोञ्णिति

53. ''अलोऽन्त्यात् पूर्व उपधा'' में 'अल्' से किसका बोध है–
(अ) स्वरवर्ण (इ) व्यञ्जनवर्ण
(उ) अयोगवाह (ऋ) सम्पूर्ण वर्णसमाम्नाय

54. सभी 'उपधा' कार्य किससे सम्बद्ध हैं–
(अ) स्वर (इ) व्यञ्जन
(उ) संयुक्त वर्ण (ऋ) इनमें से कोई नहीं

55. 'राजन्' में उपधा कौन है–
(अ) अन् (इ) अ
(उ) आ (ऋ) जन्

56. 'गुणिन्' में उपधा कौन है–
(अ) इन् (इ) इ
(उ) उ (ऋ) णिन्

57. 'वस्' धातु का 'अकार' क्या है–
(अ) टि (इ) गुरु
(उ) भ (ऋ) उपधा

58. 'इ' वर्ण को वृद्धि से क्या होगा–
(अ) ऐ (इ) ओ
(उ) औ (ऋ) ए

59. 'उ' वर्ण को वृद्धि से क्या होगा–
(अ) ऐ (इ) ओ
(उ) औ (ऋ) ए

60. 'इ' वर्ण को गुण क्या होगा–
(अ) ए (इ) ऐ
(उ) ओ (ऋ) औ

61. 'उ' वर्ण को गुण क्या होगा–
(अ) ओ (इ) औ
(उ) ऐ (ऋ) ऐ

62. पाणिनीय व्यवस्था में 'उपधा' क्या है–
(अ) विधि (इ) निषेध
(उ) धातु (ऋ) संज्ञा

63. ''अपृक्त एकाल् प्रत्ययः'' में 'एकाल्' का क्या अर्थ है–
(अ) एक धातु (इ) एक वर्ण
(उ) एक प्रातिपदिक (ऋ) एक उपसर्ग

64. इनमें किस अव्यय की 'गति संज्ञा' होती है–
(अ) अहो (इ) पुरा
(उ) पुरः (ऋ) अर्थ

65. ''सुप्तिङन्तं पदम्'' अष्टाध्यायी के किस अध्याय का सूत्र है–
(अ) प्रथम (इ) द्वितीय
(उ) तृतीय (ऋ) चतुर्थ

66. ''न वेति विभाषा'' सूत्र के 'वा' से किसका बोध होता है–
(अ) विशेष (इ) बाधा
(उ) विकल्प (ऋ) विषय

67. इनमें से किन दोनों का सम्बन्ध 'विभाषा संज्ञा' से है–
(अ) च वा (इ) न वा
(उ) अथ वा (ऋ) न, एव

68. इनमें से सवर्ण संज्ञा का निषेध करने वाला सूत्र कौन है–
(अ) न विभक्तौ तुस्माः (इ) न यदि
(उ) नाऽज्झलौ (ऋ) न निर्धारणे

69. ''परि + ईक्षा = परीक्षा'' में ''अकः सवर्णे दीर्घः'' सूत्र से दीर्घ एकादेश हुआ है, क्योंकि–
(अ) पूर्व 'इ' के बाद एक स्वर है
(इ) धातु एवं उपसर्ग में दीर्घ एकादेश अभीष्ट हैं
(उ) पूर्व 'इ' एवं पर 'ई' परस्पर सवर्ण है
(ऋ) परवर्ती 'ईक्षा' शब्द स्त्रीलिङ्ग में है।

70. 'क्' के सवर्णी कौन हैं –
(अ) अ, आ, इ (इ) च् ट् त् प्
(उ) ख् ग् घ् ङ् (ऋ) स् च् प् छ्

52. (इ) 53. (ऋ), 54. (अ), 55. (इ), 56. (इ), 57. (ऋ) 58. (अ), 59. (उ), 60. (अ), 61. (अ), 62.(ऋ) 63. (इ), 64. (इ), 65. (अ), 66. (उ), 67.(इ), 68. (उ), 69. (उ), 70. (उ),

71. 'अ' कार किस सूत्र से अपने सवर्णियों का ग्राहक होता है–
(अ) तुल्यास्यप्रयत्नं सवर्णम्
(इ) अणुदित्सवर्णस्य चाप्रत्ययः
(उ) झरो झरि सवर्णे
(ऋ) अकः सवर्णे दीर्घः

72. इनमें कौन दो वर्ण परस्पर सवर्ण हैं–
(अ) थ् प् (इ) आ ई
(उ) अ ऋ (ऋ) च् ज्

73. इनमें कौन दो परस्पर सवर्ण नहीं हैं –
(अ) उ ऊ (इ) ऋ लृ
(उ) क् च् (ऋ) प् भ्

74. ''थ् - ध्'' परस्पर क्या हैं–
(अ) संयोग (इ) संहिता
(उ) सवर्ण (ऋ) प्रत्याहार

75. ''अचोऽन्त्यादि टि'' सूत्र अष्टाध्यायी के किस अध्याय में है–
(अ) प्रथम (इ) तृतीय
(उ) पञ्चम (ऋ) सप्तम

76. इनमें से कौन 'प्रगृह्य' है–
(अ) देवौ (इ) मुनिः
(उ) बालिके (ऋ) गुरुः

77. इनमें से कौन 'प्रगृह्य' नहीं है–
(अ) साधू (इ) मुनी
(उ) रामौ (ऋ) लते

78. ''अमी अत्र'' में 'अमी' की प्रगृह्य संज्ञा किस सूत्र से होती है–
(अ) ईदूदेद्द्विवचनं प्रगृह्यम्
(इ) अदसो मात्
(उ) निपात एकाजनाङ्
(ऋ) प्लुतप्रगह्या अचि नित्यम्

79. अष्टाध्यायी के किस अध्याय में 'प्रगृह्यसंज्ञा' विधायक सूत्र हैं–
(अ) प्रथम (इ) द्वितीय
(उ) तृतीय (ऋ) चतुर्थ

80. इनमें से किसकी 'सर्वनामस्थान' संज्ञा होती है–
(अ) इन् (इ) शि
(उ) ऐस् (ऋ) य्

81. ''शि सर्वनामस्थानम्'' सूत्र के ''शि'' का किन दोनों विभक्तियों से सम्बन्ध है–
(अ) सु औ (इ) भिस् भ्यस्
(उ) आम् सुप् (ऋ) जस् शस्

82. किन दो कृत् प्रत्ययों की ''निष्ठा'' संज्ञा होती है–
(अ) शतृ-शानच् (इ) क्त-क्तवतू
(उ) ण्वुल्-तृच् (ऋ) तव्य-तव्यत्

83. ''छिद् + क्त = छिन्नः'' किस सूत्र से नत्व हुआ है–
(अ) रदाभ्यां निष्ठातो नः पूर्वस्य च दः
(इ) झलां जशोऽन्ते
(उ) ल्वादिभ्यः
(ऋ) संयोगादेरातो धातोर्यण्वतः

84. सम्प्रसारण में 'य् व् र् ल्' को क्या होगा–
(अ) अ आ ऊ ऋ (इ) इ उ ऋ ऌ
(उ) ए ओ ऐ औ (ऋ) ऋ लृ अ इ

85. निम्नलिखित में कौन पाँच अनुनासिक हैं–
(अ) ञ् म् ङ् ण् न् (इ) त् थ् द् ध् न्
(उ) ट् ठ् ड् ढ् ण् (ऋ) क् ख् ग् घ् ङ्

86. अनुनासिक में किन दोनों का साहचर्य रहता है–
(अ) नासिका एवं मूर्धा (इ) नासिका श्रोत्र
(उ) मुख एवं नासिका (ऋ) कण्ठ एवं नासिका

87. निम्नलिखित में स्वरों का 'बाह्य प्रयत्न' कौन नही है–
(अ) उदात्त (इ) अनुदात्त
(उ) स्वरित (ऋ) महाप्राण

88. संस्कृत में 'अन्तःस्थ वर्ण' कितने हैं–
(अ) 4 (इ) 6
(उ) 8 (ऋ) 10

89. संस्कृत में 'ऊष्मवर्ण' कितने हैं–
(अ) 6 (इ) 5
(उ) 4 (ऋ) 7

71. (इ), 72. (ऋ), 73. (उ), 74. (उ), 75. (अ), 76. (उ), 77. (उ), 78. (इ), 79. (अ), 80. (इ), 81. (अ), 82.(इ), 83. (अ), 84. (इ), 85. (अ), 86. (उ), 87. (ऋ), 88. (अ), 89. (उ),

90. 'स्पर्श वर्ण' कितने हैं–
(अ) 33 (इ) 25
(उ) 40 (ऋ) 39

91. इनमें से किस समूह की अल्पप्राण संज्ञा है–
(अ) क् द् प् (इ) ठ् ध् भ
(उ) भ् ख् क् (ऋ) ध् झ् ढ्

92. इनमें से किस समूह की अल्पप्राण संज्ञा नही है–
(अ) च् ट् त् (इ) द् ब् ग्
(उ) ख् थ् फ् (ऋ) म् न् ञ्

93. इनमें से 'तालव्यवर्ण' कौन है–
(अ) श् (इ) ब्
(उ) स् (ऋ) ह्

94. इनमें से 'दन्त्यवर्ण' कौन है–
(अ) ष् (इ) स्
(उ) श् (ऋ) ह्

95. इनमें से 'मूर्धन्यवर्ण' कौन है–
(अ) श् (इ) ष्
(उ) स् (ऋ) य्

96. इनमें से किसका ह्रस्व नहीं होता–
(अ) आ (इ) ई
(उ) ए (ऋ) ऊ

97. 'ऐ' का ह्रस्व स्वर कौन है–
(अ) ए (इ) इ
(उ) उ (ऋ) इनमें से कोई नही

98. ए, ओ, ऐ, औ– क्या हैं–
(अ) केन्द्रीय स्वर (इ) मूलस्वर
(उ) अर्धस्वर (ऋ) संयुक्तस्वर

99. 'अपृक्त'– कौन हैं–
(अ) एकाल् प्रत्यय (इ) तद्धितान्त
(उ) कृदन्त (ऋ) ईकारान्त शब्द

100. 'वृद्धिसंज्ञक वर्ण' कितने होते हैं–
(अ) 5 (इ) 4
(उ) 3 (ऋ) 5

101. 'गुणसंज्ञक वर्ण' कितने हैं–
(अ) 5 (इ) 4
(उ) 3 (ऋ) 2

102. पाणिनीय अष्टाध्यायी का प्रथम सूत्र है–
(अ) अदेङ् गुणः (इ) आद्गुणः
(उ) वृद्धिरेचि (ऋ) वृद्धिरादैच्

103. अष्टाध्यायी का अन्तिम सूत्र है–
(अ) वृद्धिरादैच् (इ) अ अ
(उ) वृद्धिरेचि (ऋ) तच्च टेः

104. ऋकार के स्थान पर प्राप्त 'अण्' में रपर का विधान करने वाला सूत्र है–
(अ) ऋत्यकः (इ) उरण् रपरः
(उ) ऋत उत् (ऋ) रो रि

105. 'उरण् रपरः' सूत्र में कितने पद हैं–
(अ) 2 (इ) 3
(उ) 6 (ऋ) 4

106. 'सन्धिः'– इस पद में कौन-सा लिङ्ग है–
(अ) स्त्रीलिङ्ग (इ) पुँल्लिङ्ग
(उ) उभयलिङ्गी (ऋ) नपुंसकलिङ्ग

107. अष्टाध्यायी प्रथम अध्याय का वर्ण्य विषय है–
(अ) संज्ञा, परिभाषा (इ) सन्धिः
(उ) समासः (ऋ) कारकम्

108. अष्टाध्यायी के द्वितीय अध्याय में वर्णित है–
(अ) सन्धिः (इ) समास, कारक
(उ) संज्ञाप्रकरणम् (ऋ) कृत्प्रत्यय

109. अष्टाध्यायी के तृतीय अध्याय में वर्णित है–
(अ) तिङन्तप्रकरणम्
(इ) सन्धिः, स्वरनियम
(उ) कृत्यप्रत्यय, कृत् प्रत्यय
(ऋ) समास

110. अष्टाध्यायी के चतुर्थ और पञ्चम अध्यायों में वर्णित है–
(अ) कारकप्रकरण (इ) सन्धिप्रकरण
(उ) संज्ञाप्रकरण (ऋ) स्त्रीप्रत्यय एवं तद्धितप्रकरण

90.(इ), 91.(अ), 92.(उ), 93.(अ) 94.(इ), 95.(इ), 96.(उ), 97.(ऋ), 98.(ऋ), 99.(अ), 100.(उ), 101.(उ), 102.(ऋ), 103.(इ), 104.(इ), 105.(इ), 106.(इ), 107.(अ), 108.(इ), 109.(उ), 110.(ऋ),

111. अष्टाध्यायी के छठवें अध्याय में वर्णित है–
(अ) सन्धिप्रकरणम् (इ) सुबन्तप्रकरणम्
(उ) कारकप्रकरणम् (ऋ) समासप्रकरणम्

112. अष्टाध्यायी के सातवें अध्याय में वर्णित है–
(अ) स्वर वैदिक प्रक्रिया (इ) सुबन्त तिङन्त
(उ) समास, कारक (ऋ) संज्ञा परिभाषा

113. अष्टाध्यायी के अष्टम अध्याय का विवेच्य विषय है–
(अ) द्वित्त्व विधान, स्वरवैदिकी प्रक्रिया, बल, णत्व, विधान
(इ) सुबन्त तिङन्त
(उ) समास, सन्धि
(ऋ) तद्धित प्रकरण

2. सन्धि–गङ्गा (i) स्वरसन्धिः (अच्-सन्धिः)

1. 'पूर्व' शब्द के अन्त में अच् और पर शब्द के आदि में अच् हो, तो उस सन्धि को कहेंगे–
(अ) अच् सन्धि (इ) हल् सन्धि
(उ) विसर्ग सन्धि (ऋ) इनमें से कोई नही

2. प्रायशः सम्पूर्णसन्धि प्रकरण में किसका अधिकार रहता है–
(अ) ''हलोऽनन्तराः संयोगः'' का
(इ) ''संहितायाम्'' का
(उ) ''सुप्तिङन्तं पदं'' का
(ऋ) ''इको यणचि'' का

3. ''इको यणचि'' इस सूत्र में कुल कितने पद हैं–
(अ) पञ्चपदम् (इ) त्रिपदम्
(उ) द्विपदम् (ऋ) एकं पदम्

4. संहिता के विषय में अच् परे रहते 'इक्' के स्थान पर होगा–
(अ) अण् (इ) यर्
(उ) यण् (ऋ) इण्

5. ''इ उ ऋ लृ''- ये चार वर्ण किस प्रत्याहार के अन्तर्गत आते हैं–
(अ) अण् (इ) इण्
(उ) इक् (ऋ) इच्

6. 'यण्' प्रत्याहार के अन्तर्गत आते हैं–
(अ) ह् य् व् र् (इ) य् र् ल् श्
(उ) य् व् ल् ह् (ऋ) य् व् र् ल्

7. 'यण् सन्धि' में 'इ उ ऋ लृ' के स्थान पर क्रमशः आदेश होगा–
(अ) ह् य् व् र् (इ) य् व् ल् र्
(उ) य् र् ल् व् (ऋ) य् व् र् ल्

8. अनियम होने पर नियम करने वाले सूत्र को कहते हैं–
(अ) विधि सूत्र (इ) नियम सूत्र
(उ) परिभाषा सूत्र (ऋ) अधिकार सूत्र

9. सूत्र में सप्तमी विभक्ति के द्वारा निर्दिष्ट कार्य व्यवधान रहित किस वर्ण के स्थान पर होता है–
(अ) पूर्व वर्ण के (इ) पर वर्ण के
(उ) मध्य वर्ण के (ऋ) अन्त्य वर्ण के

10. परिभाषा सूत्र नहीं है–
(अ) तस्मिन्निति निर्दिष्टे पूर्वस्य
(इ) स्थानेऽन्तरतमः
(उ) यथासंख्यमनुदेशः समानाम्
(ऋ) झलां जश् झशि

11. ''इको यणचि'' सूत्र के ''इकः'' पद में विभक्ति है–
(अ) पञ्चमी (इ) षष्ठी
(उ) प्रथमा (ऋ) द्वितीया

12. ''इको यणचि'' सूत्रस्थ 'यण्' और 'अचि' पद में क्रमशः विभक्ति हैं–
(अ) प्रथमा, सप्तमी (इ) द्वितीया, सप्तमी
(उ) प्रथमा, षष्ठी (ऋ) इनमें से कोई नही

111. (अ), 112. (इ), 113. (अ)। 1. (अ), 2. (इ), 3. (इ), 4. (उ), 5. (उ), 6. (ऋ), 7. (ऋ) 8. (उ), 9. (अ) 10. (ऋ), 11. (इ), 12. (अ)

13. ''द्वित्व'' विधायक विधि सूत्र हैं–
(अ) तच्च टेः (इ) अनचि च
(उ) अलोऽन्त्यस्य (ऋ) पूर्वत्रासिद्धम्

14. 'झश्' वर्ण परे रहने पर 'झल्' के स्थान पर आदेश होगा–
(अ) झष् (इ) जश्
(उ) झर् (ऋ) झय्

15. ''प्रसंग प्राप्त होने पर स्थानादि की समानता से सदृशतम आदेश हो'' यह बात किस सूत्र में कही गयी है–
(अ) यथासङ्ख्यमनुदेशः समानाम्
(इ) स्थानेऽन्तरतमः
(उ) अन्तादिवच्च
(ऋ) अनेकाल्शित्सर्वस्य

16. संयोग के अन्त में विद्यमान वर्णों का लोप करता है–
(अ) तस्य लोपः (इ) अदर्शनं लोपः
(उ) संयोगान्तस्य लोपः (ऋ) लोपः शाकल्यस्य

17. ''नद्यत्र'' में सन्धि है–
(अ) गुण (इ) यण्
(उ) अयादि (ऋ) प्रकृतिभाव

18. 'अस्त्यात्मा' का सन्धिविच्छेद होगा–
(अ) अस्ती + आत्मः (इ) अस्ति + आतमा
(उ) अस्ति + आत्मा (ऋ) अस्ति + यात्मा

19. 'गुरु + आज्ञा' का सन्धियुक्त पद होगा–
(अ) गौराज्ञा (इ) गुरुज्ञा
(उ) गुर्वाज्ञा (ऋ) गुरोज्ञा

20. 'अच्' परे होने पर 'एच्' के स्थान पर कौन-सा आदेश नहीं होगा–
(अ) अय् (इ) अव्
(उ) अत् (ऋ) आव्

21. संहिता की स्थिति में ''ए, ओ, ऐ, औ'' के स्थान पर क्रमशः आदेश होते हैं–
(अ) अय् अव् आय् आत् (इ) अव् अय् आय् आव्
(उ) अय् अव् आव् आय् (ऋ) अय् अव् आय् आव्

22. 'नायकः' में सन्धि है–
(अ) अयादि (इ) गुण
(उ) वृद्धि (ऋ) पूर्वरूप

23. 'पावकः' में किस सूत्र से सन्धिकार्य हुआ–
(अ) पूर्वत्रासिद्धम् (इ) एचोऽयवायावः
(उ) पदान्तस्य (ऋ) वान्तो यि प्रत्यये

24. 'हरये' का सन्धि विच्छेद होगा–
(अ) हरि + ए (इ) हरे + ऐ
(उ) हरौ + ये (ऋ) हरे + ए

25. अयादि सन्धि का सूत्र है–
(अ) एच इग्घ्रस्वादेशे (इ) एको गोत्रे
(उ) एचोऽयवायावः (ऋ) एत्येधत्यूठ्सु

26. 'गुणसन्धि' का सूत्र है–
(अ) अदेङ् गुणः (इ) आद्गुणः
(उ) ओर्गुणः (ऋ) गुणो यङ्लुकोः

27. 'वृद्धिसन्धि' का सूत्र है–
(अ) वृद्धिरेचि
(इ) वृद्धिरादैच्
(उ) वृद्धाच्छः
(ऋ) वृद्धिर्यस्याचामादिस्तद् वृद्धम्

28. 'दीर्घसन्धिः' का सूत्र है–
(अ) दीर्घ इणः किति (इ) अकः सवर्णे दीर्घः
(उ) दीर्घोकितः (ऋ) दीर्घं च

29. 'पूर्वरूपसन्धि' का सूत्र है–
(अ) एङि पररूपम् (इ) पूर्वत्रासिद्धम्
(उ) एङः पदान्तादति (ऋ) पूर्वपदात् सञ्ज्ञायामगः

30. 'पररूप' विधायक सूत्र है–
(अ) परश्च (इ) एङः पदान्तादति
(उ) परेर्मृषः (ऋ) एङि पररूपम्

31. 'यणसन्धि' का सूत्र है–
(अ) इको झल्
(इ) इको यणचि
(उ) इकोऽचि विभक्तौ
(ऋ) इकोऽसवर्णे शाकल्यस्य ह्रस्वश्च

13. (इ), 14. (इ),15.(इ) 16. (उ), 17. (इ), 18. (उ), 19. (उ), 20. (उ) 21. (ऋ), 22. (अ), 23. (इ), 24. (ऋ), 25. (उ) 26. (इ), 27. (अ), 28. (इ), 29. (उ), 30. (ऋ), 31. (इ),

32. 'प्रकृतिभाव' करने वाला सूत्र है–
(अ) सर्वत्र विभाषा गोः
(इ) प्लुतप्रगृह्या अचि नित्यम्
(उ) प्रकृत्यैकाच्
(ऋ) उपर्युक्त सभी

33. ''वान्तो यि प्रत्यये'' इस सूत्र का उदाहरण है–
(अ) गव्यम् (इ) नाव्यम्
(उ) उपर्युक्त दोनों (ऋ) इनमें से कोई नही

34. 'उपेन्द्रः' और 'गङ्गोदकम्' किस सन्धि के उदाहरण हैं–
(अ) वृद्धिसन्धि के (इ) गुण सन्धि के
(उ) अयादि सन्धि के (ऋ) यण् सन्धि के

35. पूर्व में 'अवर्ण' तथा पर में 'अश्' प्रत्याहार हो, तो पदान्त य्-व् का वैकल्पिक लोप किस सूत्र से होता है–
(अ) तस्य लोपः (इ) संयोगान्तस्य लोपः
(उ) लोपः शाकल्यस्य (ऋ) अदर्शनं लोपः

36. अष्टाध्यायी में ''त्रिपादी'' कहा जाता है–
(अ) प्रथम अध्याय का प्रथम, द्वितीय तृतीय पाद
(इ) अष्टम अध्याय का प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पाद
(उ) सात अध्याय तथा अष्टम अध्याय का प्रथम पाद
(ऋ) अष्टम अध्याय का द्वितीय तृतीय चतुर्थ पाद

37. अवर्ण से एच् परे होने पर पूर्व और पर के स्थान पर आदेश होता है–
(अ) गुण (इ) वृद्धि
(उ) दीर्घ (ऋ) यण्

38. 'आद्गुणः' सूत्र का बाधक (अपवाद) सूत्र है–
(अ) एचोऽयवायावः (इ) इको यणचि
(उ) वृद्धिरेचि (ऋ) उरण् रपरः

39. ''एत्येधत्यूठ्सु'' सूत्र के उदाहरण है–
(अ) उपैति (इ) उपैधते
(उ) प्रष्ठौहः (ऋ) उपर्युक्त सभी

40. ''अक्षादूहिन्यामुपसंख्यानम्'' इस वार्तिक से प्रयोग सिद्ध होता है–
(अ) अक्षोहिणी (इ) अक्षौहिणी
(उ) अक्षाहिणी (ऋ) अक्षैहिणी

41. ''अक्ष + ऊहिनी = अक्षौहिणी'' प्रयोग में आदेश हुआ है–
(अ) गुण (इ) दीर्घ
(उ) वृद्धि (ऋ) इनमें से कोई नहीं

42. ''सुख + ऋतः = सुखार्तः'' यहाँ किस वार्तिक से वृद्धि हुई है–
(अ) ऋते च तृतीया समासे
(इ) एत्येधत्यूठ्सु
(उ) ऋवर्णान्नस्य णत्वं वाच्यम्
(ऋ) सामान्ये नपुंसकम्

43. ''प्रादूहोढोढ्येषैष्येषु'' इस वार्तिक के उदाहरण है–
(अ) प्रौहः, प्रौढः (इ) प्रौढिः
(उ) प्रैषः, प्रैष्यः (ऋ) सभी

44. वृद्धि विधान करने वाला वार्तिक है–
(अ) प्रादूहोढोढ्येषैष्येषु
(इ) ऋते च तृतीया समासे
(उ) प्रवत्सतरकम्बलवसनार्णदशानामृणे
(ऋ) उपर्युक्त सभी

45. 'प्रार्णम्', 'वसनार्णम्'– आदि में किस वार्तिक से वृद्धि का विधान किया गया है–
(अ) प्रवत्सतर-कम्बल-वसनार्णदशानामृणे
(इ) प्रादूहोढोढ्येषैष्येषु
(उ) प्रादिभ्यो धातुजस्य वाच्ये
(ऋ) प्रादयो गताद्यर्थे प्रथमया

46. ''प्रार्च्छति' में वृद्धि आदेश किस सूत्र से हुआ है–
(अ) वृद्धिरेचि (इ) वृद्धिरादैच्
(उ) उपसर्गादृति धातौ (ऋ) एत्येधत्यूठ्सु

47. ''उपसर्गादृति धातौ'' इस सूत्र द्वारा अवर्णान्त उपसर्ग से ऋकारादि धातु के परे होने पर क्या आदेश होता है–
(अ) गुण (इ) दीर्घ
(उ) वृद्धि (ऋ) पूर्वरूप

48. पदान्त एङ् से ह्रस्व अकार के परे होने पर पूर्व और पर के स्थान पर क्या आदेश होता है–
(अ) पूर्वरूप (इ) पररूप
(उ) वृद्धि (ऋ) गुण

32. (ऋ), 33. (उ), 34. (इ), 35. (उ), 36. (ऋ), 37. (इ), 38. (उ), 39. (ऋ), 40. (इ), 41. (उ), 42. (अ) 43. (ऋ), 44. (ऋ), 45. (अ), 46. (उ), 47. (उ) 48. (अ)

49. 'वृद्धिरेचि'' सूत्र का बाधक (अपवाद) सूत्र है–
(अ) एङः पदान्तादति (इ) एङि पररूपम्
(उ) एचोऽयवायावः (ऋ) इको यणचि

50. 'मनस्' में टिसंज्ञा होगी–
(अ) नस् (इ) अस्
(उ) स् (ऋ) मन

51. ''ओमाङोश्च'' सूत्र किसका विधान करता है–
(अ) पूर्वरूप (इ) पररूप
(उ) सवर्णसंज्ञा (ऋ) अव्यय (निपात)

52. ''अकः सवर्णे दीर्घः'' यह किन सूत्रों का अपवाद (बाधक) है –
(अ) ''आद्गुणः'' का (इ) ''इको यणचि'' का
(उ) दोनों का (ऋ) इनमें से किसी का नही

53. ''गो + अग्रम्''– इस स्थिति में रूप सिद्ध हो सकता है–
(अ) गवाग्रम् (इ) गोअग्रम्
(उ) गोऽग्रम् (ऋ) उपर्युक्त सभी

54. 'अवङ्' आदेश के सन्दर्भ में पाणिनि ने किस ऋषि का नाम अपने सूत्र में उल्लेख करते हैं–
(अ) शाकटायन (इ) शाकल्य
(उ) स्फोटायन (ऋ) शार्ङ्गरव

55. 'गो' शब्द के बाद 'इन्द्र' शब्द के आने पर क्या आदेश होगा–
(अ) अवङ् (इ) अग्र
(उ) आ (ऋ) ए

56. 'प्लुत' वर्ण को समझने के लिए कौन सा चिह्न प्रयुक्त होता है–
(अ) ऽ (इ) ३
(उ) : (ऋ) ँ

57. ''दूराद्धूते च'' सूत्र से क्या आदेश होता है–
(अ) प्रकृतिभाव (इ) प्रगृह्य
(उ) प्लुत (ऋ) दीर्घ

58. ''प्लुतप्रगृह्या अचि नित्यम्'' यह सूत्र 'अच्' के परे होने पर 'प्लुत' और 'प्रगृह्य' को क्या विधान करता है–
(अ) प्रकृतिभाव (इ) पूर्वरूप
(उ) पररूप (ऋ) इनमें से कोई नहीं

59. प्रकृतिभाव के उदाहरण है–
(अ) हरी एतौ (इ) विष्णू इमौ
(उ) गङ्गे अमू (ऋ) उपर्युक्त सभी

60. ''प्रगृह्यसंज्ञा'' विधायक सूत्र है–
(अ) ओत् (इ) निपात एकाजनाङ्
(उ) अदसो मात् (ऋ) उपर्युक्त सभी

61. 'ओकारान्त' निपात की कौन-सी संज्ञा होगी–
(अ) प्रगृह्यसंज्ञा (इ) उपसर्गसंज्ञा
(उ) निपातसंज्ञा (ऋ) प्लुतसंज्ञा

62. वैकल्पिक द्वित्त्व विधायक सूत्र है–
(अ) ऋत्यकः (इ) द्वितीयायां च
(उ) द्विर्वचनेऽचि (ऋ) अचोरहाभ्यां द्वे

63. ह्रस्व ऋकार के परे होने पर पदान्त 'अक्' को किस सूत्र से ह्रस्व होता है–
(अ) ऋत्यकः (इ) उपसर्गादृति धातौ
(उ) ह्रस्वस्य गुणः (ऋ) ऋत उत्

64. ''ब्रह्मा + ऋषिः'' यहाँ सन्धियुक्त पद होगा–
(अ) ब्रह्मर्षिः (इ) ब्रह्म ऋषिः
(उ) उपर्युक्त दोनों (ऋ) केवल 'अ'

65. ''चक्री + अत्र = चक्रि अत्र'' – यहाँ पदान्त में विद्यमान 'ई' को किस सूत्र से ह्रस्व हुआ है–
(अ) इकोऽसवर्णे शाकल्यस्य ह्रस्वश्च
(इ) ह्रस्वः
(उ) ह्रस्वस्य गुणः
(ऋ) ह्रस्वं लघु

66. ''गो + इन्द्रः'' – इसका सन्धियुक्त रूप होगा–
(अ) गावेन्द्रः (इ) गो इन्द्रः
(उ) गवेन्द्रः (ऋ) गायेन्द्रः

49. (इ), 50. (इ), 51. (इ), 52. (उ) 53. (ऋ), 54. (उ), 55. (अ), 56. (इ), 57. (उ) 58. (अ), 59. (ऋ), 60. (ऋ), 61. (अ), 62. (ऋ), 63. (अ), 64. (उ), 65. (अ), 66. (उ)

67. **''आगच्छ कृष्ण 3 अत्र गौश्चरति'' यहाँ किस सूत्र से प्रकृतिभाव हुआ–**
(अ) प्लुतप्रगृह्या अचि नित्यम्
(इ) सर्वत्र विभाषा गोः
(उ) निपात एकाजनाङ्
(ऋ) दूराद्धूते च

68. **''गो + अग्रम् = गो अग्रम्'' यहाँ किस सूत्र से प्रकृतिभाव हुआ–**
(अ) प्लुतप्रगृह्या अचि नित्यम्
(इ) सर्वत्र विभाषा गोः
(उ) प्रकृत्यैकाच्
(ऋ) अवङ् स्फोटायनस्य

69. **''गो + अग्रम् = गोऽग्रम्'' किस सूत्र से सिद्ध होगा–**
(अ) सर्वत्र विभाषा गोः (इ) एङः पदान्तादति
(उ) अवङ् स्फोटायनस्य (ऋ) एङि पररूपम्

70. **''गो + अग्रम् = गवाग्रम्''– यहाँ किस सूत्र से 'अवङ्' आदेश हुआ है–**
(अ) अवङ् स्फोटायनस्य (इ) सर्वत्र विभाषा गोः
(उ) एचोऽयवायावः (ऋ) अवयवे च

71. **''हरे + अव = हरेऽव''– यहाँ क्या आदेश हुआ है–**
(अ) पररूप (इ) पूर्वरूप
(उ) गुण (ऋ) दीर्घ

72. **पूर्वरूप का उदाहरण है–**
(अ) विष्णोऽव (इ) कोऽस्ति
(उ) नमोऽस्तु (ऋ) उपर्युक्त सभी

73. **दीर्घ सन्धि के उदाहरण हैं–**
(अ) दैत्यारिः (इ) श्रीशः
(उ) विष्णूदयः (ऋ) सभी

74. **''होतृ + ऋकारः = होतॄकारः'' यहाँ सन्धि है–**
(अ) यण् सन्धि (इ) अयादि सन्धि
(उ) दीर्घ सन्धि (ऋ) पूर्वरूप सन्धि

75. **''शिवायों नमः'' यहाँ पररूप का विधान किस सूत्र से हुआ है–**
(अ) एङि पररूपम् (इ) ओमाङोश्च
(उ) शिवादिभ्योऽण् (ऋ) परश्च

76. **''शकन्ध्वादिषु पररूपं वाच्यम्''– यह वार्तिक क्या आदेश करता है–**
(अ) पूर्वरूप (इ) पररूप
(उ) दीर्घ (ऋ) गुण

77. **''शक + अन्धुः = शकन्धुः''– यहाँ पूर्वपद के किस वर्ण को पररूप हुआ–**
(अ) टिसंज्ञक 'अ' को (इ) अन्त्य वर्ण 'क' को
(उ) उक्त दोनों को (ऋ) इनमें से कोई नहीं

78. **''शकन्ध्वादिषु पररूपं वाच्यम्'' इस वार्तिक से पररूप आदेश हुआ है–**
(अ) कर्कन्धुः (इ) मनीषा
(उ) मार्तण्डः (ऋ) उपर्युक्त सभी

79. **'मनीषा' का सन्धि विच्छेद होगा–**
(अ) मन + ईषा (इ) मनस् + ईषा
(उ) मनः + इषा (ऋ) मनी + ईषा

80. **''मार्तण्डः'' का सन्धिविच्छेद होगा–**
(अ) मृत + आण्डः (इ) मार्त + ण्डः
(उ) मार्त + अण्डः (ऋ) मर्त + अण्डः

81. **क्रिया के योग में 'प्र'- आदि की 'उपसर्गसंज्ञा' किस सूत्र से होती है–**
(अ) उपसर्गाः क्रियायोगे (इ) उपसर्गादृति धातौ
(उ) प्रादयः (ऋ) उपसर्गे घोः किः

82. **''प्र + एजते'' इसका सन्धियुक्त रूप होगा–**
(अ) प्रैजते (इ) प्रेजते
(उ) प्र एजते (ऋ) प्रऽजते

83. **'उपोषति' का सन्धिविच्छेद होगा–**
(अ) उप + औषति (इ) उप + ओषति
(उ) उपो + षति (ऋ) उप + ऐषति

84. **पररूप सन्धि का उदाहरण नहीं है–**
(अ) प्रेषयति (इ) अवेजते
(उ) प्रोषति (ऋ) नैजते

85. **'प्रार्च्छति' का सन्धि विच्छेद होगा–**
(अ) प्र + ऋच्छति (इ) प्र + अर्च्छति
(उ) प्रा + र्च्छति (ऋ) प्रात् + छति

67.(अ), 68.(इ), 69.(इ), 70.(अ), 71.(इ), 72.(ऋ), 73.(ऋ), 74.(उ), 75.(इ), 76.(इ), 77.(अ), 78.(ऋ), 79. (इ), 80.(उ), 81.(अ), 82.(इ), 83.(इ), 84.(ऋ), 85.(अ)

86. 'कम्बल + ऋणम्' – सन्धियुक्त पद होगा–
(अ) कम्बलार्णम् (इ) कम्बलृणम्
(उ) कम्बलेणम् (ऋ) कम्बलर्णम्

87. 'ऋणार्णम्' का सन्धि विच्छेद होगा–
(अ) ऋण + अर्णम् (इ) ऋणार् + ऋर्णम्
(उ) ऋण + ऋणम् (ऋ) ऋण् +आर्णम्

88. 'दश + ऋणम्' = क्या होगा–
(अ) दशर्णम् (इ) दशार्णम्
(उ) दशृणम् (ऋ) दर्शाणम्

89. ''वसन + ऋणम् = वसनार्णम्'' यहाँ सन्धि है–
(अ) वृद्धि (इ) गुण
(उ) दीर्घ (ऋ) यण्

90. ''प्र + ऋणम्''= क्या होगा–
(अ) प्रर्णम् (इ) प्रैणम्
(उ) प्रोर्णम् (ऋ) प्रार्णम्

91. 'ऋणार्णम्' पद का क्या अर्थ है–
(अ) ऋण देने वाला (इ) ऋण लेने वाला
(उ) ऋण के लिए ऋण (ऋ) बहुत अच्छा ऋण

92. ''प्र + ऊहः =प्रौहः'' यहाँ सन्धि है–
(अ) गुण (इ) वृद्धि
(उ) दीर्घ (ऋ) इनमें से कोई नहीं

93. 'प्रौढः' का सन्धि विच्छेद होगा–
(अ) प्र + ओढः (इ) प्र + औढः
(उ) प्र + ऊढः (ऋ) प्र + ऊहः

94. 'प्र + ऊढिः' – इसका सन्धियुक्त रूप होगा–
(अ) प्रूढिः (इ) प्रौढिः
(उ) प्रोढिः (ऋ) प्राढिः

95. 'प्रैषः और 'प्रैष्यः'– यहाँ किस वार्तिक से वृद्धि का विधान किया गया है–
(अ) प्रवत्सतरकम्बलवसनार्णदशानामृणे
(इ) प्रादूहोढोढ्येषैष्येषु
(उ) प्रादयो गताद्यर्थे प्रथमया
(ऋ) प्रादिभ्यो धातुजस्य वाच्यो

96. ''कृष्ण + एकत्वम्''– यहाँ सन्धियुक्त पद होगा–
(अ) कृष्णेकत्वम् (इ) कृष्णोकत्वम्
(उ) कृष्णैकत्वम् (ऋ) कृष्णौकत्वम्

97. 'देवैश्वर्यम्' का सन्धिविच्छेद होगा–
(अ) देवे + ईश्वर्यम् (इ) देवै + ऐश्वर्यम्
(उ) देव + एश्र्यम् (ऋ) देव + ऐश्वर्यम्

98. ''कृष्ण + औत्कण्ठ्यम्= कृष्णौत्कण्ठ्यम्'' यहाँ 'अ + औ' इन दोनों वर्णो के स्थान पर वृद्धिसंज्ञक किस वर्ण का आदेश हुआ है–
(अ) ओ (इ) औ
(उ) ऐ (ऋ) आर्

99. ''आद्गुणः'' सूत्र का अपवाद सूत्र है–
(अ) इको यणचि (इ) एचोऽयवायावः
(उ) वृद्धिरेचि (ऋ) इनमें से कोई नही

100.''कृष्ण + ऋद्धिः = कृष्णर्द्धिः'' यहाँ कौन सन्धि है–
(अ) वृद्धि (इ) गुण
(उ) दीर्घ (ऋ) यण्

101. 'तवल्कारः' का सन्धि विच्छेद है–
(अ) तव + ऌकारः (इ) तव + लकारः
(उ) तव + अल्कारः (ऋ) तवल् + कारः

102. 'आद्गुणः' सूत्र में 'आत्' पद से क्या तात्पर्य है–
(अ) 'तपरस्तत्कालस्य' सूत्र से यहाँ तपरग्रहण है
(इ) 'अ' शब्द का पञ्चमी एकवचन है
(उ) 'आङ्' उपसर्ग का सूचक है
(ऋ) केवल दीर्घ 'आ' का बोधक है

103. ''किमु + उक्तम् = किम्वुक्तम्'' किस सूत्र से सन्धि हुई–
(अ) मय उञो वो वा
(इ) सम्बुद्धौ शाकल्यस्येतावनार्षे
(उ) इकोऽसवर्णे शाकल्यस्य ह्रस्वश्च
(ऋ) अचो रहाभ्यां द्वे

104. ''विष्णो + इति''– इसका सन्धियुक्त पद होगा–
(अ) विष्ण + इति (इ) विष्णविति
(उ) उपर्युक्त दोनों (ऋ) कोई नहीं

86. (अ), 87. (उ), 88. (इ), 89. (अ), 90. (ऋ), 91. (उ), 92.(इ), 93. (उ) 94. (इ), 95. (इ), 96. (उ), 97. (ऋ), 98. (इ), 99. (उ), 100. (इ), 101. (अ), 102. (इ), 103. (अ), 104. (उ),

105. 'चक्री + अत्र'–इसका सन्धियुक्त पद होगा–
(अ) चक्रि अत्र (इ) चक्र्यत्र
(उ) उपर्युक्त दोनों (ऋ) इनमें से कोई नहीं

106. 'ब्रह्मा + ऋषिः'– इसका सन्धि होकर रूप बनेगा–
(अ) ब्रह्मर्षिः (इ) ब्रह्म ऋषिः
(उ) दोनों (ऋ) कोई नहीं

107. ''इ इन्द्रः'' 'उ उमेशः''– यहाँ किस सूत्र से प्रगृह्यसंज्ञा होकर प्रकृतिभाव हो गया–
(अ) प्रादयः (इ) चादयोऽसत्त्वे
(उ) ओत् (ऋ) निपात एकाजनाङ्

108. हरे + इह'' – इसका सन्धियुक्त रूप होगा–
(अ) हरयिह (इ) हर इह
(उ) दोनों (ऋ) कोई नहीं

109. ''विष्णाविह''–रूप का सन्धिविच्छेद होगा–
(अ) विष्णौ +इह (इ) विष्णौ + इह
(उ) विष्णो + विह (ऋ) विष्णो + इह

110. 'गव्यम्' का सन्धिविच्छेद होगा–
(अ) गौ+ यम् (इ) गो + अम्
(उ) गौ + अम् (ऋ) गो + यम्

111. ''गो +यूतिः = गव्यूतिः'' – प्रयोग किस वार्तिक से सिद्ध होगा–
(अ) वान्तो यि प्रत्यये (इ) अध्वपरिमाणे च
(उ) एचोऽयवायावः (ऋ) गोपसयोर्यत्

112. अवर्णान्त उपसर्ग से एङादि धातु के परे रहने पर पूर्व और पर के स्थान पर क्या आदेश होता है-
(अ) वृद्धि (इ) गुण
(उ) पूर्वरूप (ऋ) पररूप

113. 'नौ +यम्' – इसका सन्धियुक्त रूप होगा–
(अ) नाव्यम् (इ) नव्यम्
(उ) नौयम् (ऋ) नावम्

114. 'वान्तो यि प्रत्यये' – यहाँ 'यि' पद में कौन सी विभक्ति है –
(अ) द्वितीया (इ) सप्तमी
(उ) चतुर्थी (ऋ) पञ्चमी

115. 'दीर्घ' एकादेश किसके स्थान में होता है –
(अ) पूर्व वर्ण के
(इ) परवर्ण के
(उ) पूर्व और पर दोनों वर्णों के
(ऋ) इनमें से कोई नहीं

नोट - सन्धि के उदाहरणों की सूची पीछे परिशिष्ट भाग पेज नं. 177 में देखें।

- अल्पप्राण वर्ण हैं – 19 (उन्नीस) (वर्गों के प्रथम, तृतीय, पञ्चम वर्ण और यण्)
- महाप्राण वर्ण हैं – 14 (चौदह) (वर्गों के द्वितीय, चतुर्थ वर्ण और शल्)
- अघोष वर्ण हैं – 13 (तेरह)
- घोष वर्ण हैं – 20 (बीस)
- स्पर्शवर्ण हैं – 25 (क से म तक)
- अन्तःस्थ वर्ण हैं – 04 **यण्** = य् व् र् ल्।
- ऊष्मवर्ण हैं– 04 **शल्** = श् ष् स् ह्।
- आभ्यन्तरप्रयत्न – 05 (i) स्पृष्ट, (ii) ईषत् स्पृष्ट, (iii) ईषत् विवृत, (iv) विवृत, (v) संवृत
- बाह्यप्रयत्न – 11
- स्वर वर्ण हैं– 09 **अच्** = अ इ उ ऋ ऌ ए ओ ऐ औ
- ह्रस्वस्वर हैं– 05 **अक्** = अ, इ, उ, ऋ, ऌ
- दीर्घ या संयुक्तस्वर हैं– 04 **एच्** = ए, ओ, ऐ, औ
- संवार, नाद और घोष वर्ण हैं– 20 (**हश्**)
- विवार, श्वास, अघोष वर्ण हैं– 13 (**खर्**)
- जिह्वामूलीय वर्ण हैं– ᳵक ᳵख
- उपध्मानीयवर्ण हैं– ᳵप ᳵफ
- उदित् हैं– कु चु टु तु पु
- अनुस्वार (ं) यथा – अं
- हलन्त (्) यथा– क्
- विसर्ग (:) यथा– अः

105. (उ), 106. (उ), 107. (ऋ), 108. (उ), 109. (ऋ), 110. (ऋ), 111. (इ), 112. (ऋ), 113. (अ), 114. (इ), 115. (उ)।

(ii) व्यञ्जनसन्धिः (हल्-सन्धिः)

1. ''हल् सन्धि'' कहलाती है–
(अ) हल् से हल् परे (इ) हल् से अच् परे
(उ) उपर्युक्त दोनों (ऋ) इनमें से कोई नहीं

2. 'श्चुत्व' विधायक सूत्र है–
(अ) स्तोः श्चुना श्चुः (इ) ष्टुना ष्टुः
(उ) स्तोकान्तिकदूरार्थकृच्छ्राणि क्तेन
(ऋ) पञ्चम्याः स्तोकादिभ्यः

3. ''स्तोः श्चुना श्चुः''– यहाँ 'स्तोः' पद में विभक्ति है–
(अ) पञ्चमी (इ) षष्ठी
(उ) सप्तमी (ऋ) द्वितीया

4. ''स्तोः श्चुना श्चुः''– इस सूत्र में कुल कितने पद हैं–
(अ) द्विपदम् (इ) एकं पदम्
(उ) त्रिपदम् (ऋ) अपदम्

5. 'सकार' और 'तवर्ग' के स्थान पर 'शकार' और 'चवर्ग' का योग होने पर क्या आदेश होगा–
(अ) 'स' और चवर्ग (इ) 'स' और तवर्ग
(उ) 'श' और चवर्ग (ऋ) 'श' और तवर्ग

6. ''रामस् + शेते = रामश्शेते''– यहाँ किस सूत्र से सन्धिकार्य हुआ है–
(अ) पञ्चम्याः स्तोकादिभ्यः
(इ) स्तोः श्चुना श्चुः
(उ) स्वादिभ्यः श्नुः
(ऋ) ष्टुना ष्टुः

7. ''रामस् + चिनोति'' का सन्धियुक्त पद होगा–
(अ) रामाचिनोति (इ) रामस्चिनोति
(उ) रामश्चिनोति (ऋ) रामं चिनोति

8. ''सच्चित्'' का सन्धिविच्छेद होगा–
(अ) सत् + चित् (इ) सच् + चित्
(उ) सम् + चित् (ऋ) सञ् + चित्

9. ''शार्ङ्गिन् +जयः = शार्ङ्गिञ्जयः'' में सन्धि है–
(अ) ष्टुत्व सन्धि (इ) जश्त्व सन्धि
(उ) चर्त्व सन्धि (ऋ) श्चुत्व सन्धि

10. श्चुत्वनिषेधक सूत्र है–
(अ) न पदान्ताट्टोरनाम् (इ) शात्
(उ) नादिचि (ऋ) नश्च

11. ''विश् + नः''- सन्धियुक्त पद होगा-
(अ) विस्नः (इ) विशनः
(उ) विश्नः (ऋ) इनमें से कोई नही

12. 'प्रश्नः' का सन्धिविच्छेद होगा–
(अ) प्रश् + नः (इ) प्रस् + नः
(उ) प्र + श्नः (ऋ) प्रशन् + ञः

13. ''विश्नः'' और ''प्रश्नः'' इत्यादि स्थानों में किस सूत्र से 'श्चुत्व' का निषेध किया जाता है–
(अ) नश्च (इ) नादिचि
(उ) स्तोः श्चुना श्चुः (ऋ) शात्

14. 'विश्नः' पद का अर्थ होगा–
(अ) सवाल (इ) गमन
(उ) शयन (ऋ) विष्णु

15. ष्टुत्व विधायक विधिसूत्र है–
(अ) तोः षि (इ) ष्टुना ष्टुः
(उ) ष्णान्ता षट् (ऋ) षः प्रत्ययस्य

16. ''रामस् + षष्ठः = रामष्षण्ठः''– यहाँ किस सूत्र से सन्धिकार्य हुआ है–
(अ) 'ष्टुना ष्टुः' से (इ) 'ष्णान्ता षट्' से
(उ) 'षष्ठी शेषे' से (ऋ) 'षः प्रत्ययस्य' से

17. 'रामष्टीकते' का अर्थ है–
(अ) राम सोता है (इ) राम देखता है
(उ) राम जाता है (ऋ) राम रुकता है

18. 'रामष्टीकते' का सन्धिविच्छेद होगा–
(अ) रामष् + टीकते (इ) रामश् + टिकते
(उ) रामो + टीकते (ऋ) रामस् + टीकते

19. ''पेष् + ता'' – यहाँ सन्धियुक्त रूप होगा–
(अ) पेष्ता (इ) पेष्टा
(उ) पेष्ठा (ऋ) पेस्टा

1. (उ), 2. (अ), 3. (इ), 4. (उ), 5. (उ), 6. (इ), 7. (उ) 8. (अ), 9. (ऋ) 10. (इ), 11. (उ), 12. (अ), 13. (ऋ), 14. (इ), 15. (इ) 16. (अ), 17. (उ), 18. (ऋ), 19. (इ),

20. ''तत् + टीका = तट्टीका''– यहाँ सन्धि है–
(अ) श्चुत्वसन्धि (इ) ष्टुत्व सन्धि
(उ) जश्त्व सन्धि (ऋ) चर्त्व सन्धि

21. ''चक्रिन् + ढौकसे = चक्रिण्ढौकसे'' यहाँ 'ढौकसे' पद का अर्थ है–
(अ) जाना (इ) डाँटना
(उ) डरना (ऋ) छुपना

22. 'षट् सन्तः' और 'षट् ते' यहाँ ष्टुत्व का निषेध किस सूत्र से किया गया–
(अ) नेटि (इ) नेर्विशः
(उ) नस्तद्धिते (ऋ) न पदान्ताट्टोरनाम्

23. ''षड् + नाम्''– इसका सन्धियुक्त पद होगा–
(अ) षट्नाम् (इ) षोणाम्
(उ) षण्णाम् (ऋ) षड्नाम्

24. ''षड् + नवतिः' – इसका सन्धियुक्त रूप होगा–
(अ) षड्णवतिः (इ) षण्णवतिः
(उ) उपर्युक्त दोनों (ऋ) इनमें से कोई नहीं

25. ''षड् + नगर्यः = षण्णगर्यः'' यहाँ ''न पदान्ताट्टोरनाम्'' इस सूत्र से प्राप्त ष्टुत्व निषेध को किस वार्तिक से रोका गया–
(अ) अनाम्नवतिनगरीणामिति वाच्यम्
(इ) नलोपश्च वा वाच्यः
(उ) न समासे (ऋ) पालकान्तान्न

26. ''सन् + षष्ठः = सन्षष्ठः'' यहाँ ''ष्टुना ष्टुः'' सूत्र से प्राप्त ष्टुत्व का निषेध किस सूत्र से किया गया–
(अ) न पदान्ताट्टोरनाम् (इ) शात्
(उ) तोः षि (ऋ) नलोपश्च वा वाच्यः

27. पद के अन्त में विद्यमान 'झल्' के स्थान पर ''झलां जशोऽन्ते'' सूत्र से क्या आदेश होगा–
(अ) झष् (इ) जश्
(उ) झर् (ऋ) झश्

28. 'वाक् + ईशः''– इसका सन्धियुक्त रूप होगा–
(अ) वाकीशः (इ) वाग्धीशः
(उ) वागीशः (ऋ) वाक्ईशः

29. 'अजन्तः'– का सन्धिविच्छेद होगा–
(अ) अच् + अन्तः (इ) अज् + अन्तः
(उ) अज + अन्तः (ऋ) अच + अन्तः

30. ''जगत् + ईशः = जगदीशः''– में सन्धि है–
(अ) छत्व सन्धि (इ) चर्त्व सन्धि
(उ) जश्त्व सन्धि (ऋ) श्चुत्व सन्धि

31. ''जश्त्व सन्धि'' नही है–
(अ) वागत्र (इ) सुबन्तः
(उ) कृदन्तः (ऋ) तल्लयः

32. यदि पर में कोई अनुनासिक वर्ण हो और पूर्व पद के अन्त में 'यर्' प्रत्यहार के वर्ण हों, तो विकल्प से क्या आदेश होगा–
(अ) अननुनासिक (इ) अनुनासिक
(उ) अन्तःस्थ (ऋ) ऊष्म

33. ''एतत्+ मुरारिः = एतन्मुरारिः'' यहाँ किस सूत्र से सन्धि हुई है–
(अ) यरोऽनुनासिकेऽनुनासिको वा
(इ) अनुनासिकात्परोऽनुस्वारः
(उ) अत्रानुनासिकः पूर्वस्य तु वा
(ऋ) मुखनासिकावचनोऽनुनासिकः

34. ''तत् + मात्रम् = तन्मात्रम्'' – यहाँ अनुनासिक नकार का आदेश कैसा है–
(अ) वैकल्पिक (इ) नित्य
(उ) दोनों
(ऋ) कभी वैकल्पिक, कभी नित्य

35. 'यर्' के स्थान पर नित्य अनुनासिक आदेश कब होता है–
(अ) अनुनासिक वर्ण आदि में हो, ऐसे प्रत्ययों के परे होने पर
(इ) 'मात्रच्' 'मयट्' आदि प्रत्यय परे होने पर
(उ) ''प्रत्यये भाषायां नित्यम्'' इस वार्तिक के आधार पर
(ऋ) उपर्युक्त सभी

20. (इ) 21. (अ), 22. (ऋ), 23. (उ), 24. (उ), 25. (अ) 26. (उ), 27. (इ), 28. (उ), 29. (अ), 30. (उ), 31. (ऋ), 32. (इ) 33. (अ), 34. (इ), 35. (ऋ),

36. ''चित् + मयम्''– इसका सन्धियुक्त रूप होगा–
(अ) चिद्मयम् (इ) चित्मयम्
(उ) चिन्मयम् (ऋ) चिदामयम्

37. 'वाङ्मयम्' का सन्धिविच्छेद होगा–
(अ) वाक् + मयम् (इ) वाङ् + मयम्
(उ) वाक + मयम् (ऋ) वाङ्म + यम्

38. ''किञ्चित् + मात्रम्'' – सन्धियुक्त रूप होगा–
(अ) किञ्चित्मात्रम् (इ) किञ्चिन्मात्रम्
(उ) किञ्चिदमात्रम् (ऋ) किञ्चिल्मात्रम्

39. ''तोर्लि'' सूत्र से लकार के परे होने पर तवर्ग के स्थान पर क्या आदेश होता है–
(अ) अनुस्वार (इ) विसर्ग
(उ) परसवर्ण (ऋ) इनमें से कोई नहीं

40. ''तत् + लयः = तल्लयः'' यहाँ किस सूत्र से सन्धि का विधान किया गया है–
(अ) खरि च (इ) आदेः परस्य
(उ) झरो झरि सवर्णे (ऋ) तोर्लि

41. ''विद्वाल्लिँखति'' – इसका सन्धि विच्छेद होगा–
(अ) विद्वान् + लिखति (इ) विद्वाल् + लिखति
(उ) विद्वाँन + लिखति (ऋ) विद्वान्न + लिखति

42. 'उत्थानम्' – का सन्धि विच्छेद होगा–
	अष्टसप्ततः	अष्टसप्तती	अष्टसप्ततम्
	अष्टसप्ततितमः	अष्टसप्ततितमी	अष्टसप्ततितमम्
79.	नवसप्ततः	नवसप्तती	नवसप्ततम्
	नवसप्ततितमः	नवसप्ततितमी	नवसप्ततितमम्
	एकोनाशीतः	एकोनाशीती	एकोनाशीतम्
	ऊनाशीतः	ऊनाशीती	ऊनाशीतम्
	ऊनाशीतितमः	ऊनाशीतितमी	ऊनाशीतितमम्
	एकान्नाशीतः	एकान्नाशीती	एकान्नाशीतम्
	एकान्नाशीतितमः	एकान्नाशीतितमी	एकान्नाशीतितमम्
80.	अशीतितमः	अशीतितमी	अशीतितमम्
81.	एकाशीतः	एकाशीती	एकाशीतम्
	एकाशीतितमः	एकाशीतितमी	एकाशीतितमम्
82.	द्व्यशीतः	द्व्यशीती	द्व्यशीतम्
	द्व्यशीतितमः	द्व्यशीतितमी	द्व्यशीतितमम्
83.	त्र्यशीतः	त्र्यशीती	त्र्यशीतम्
	त्र्यशीतितमः	त्र्यशीतितमी	त्र्यशीतितमम्
84.	चतुरशीतः	चतुरशीती	चतुरशीतम्
	चतुरशीतितमः	चतुरशीतितमी	चतुरशीतितमम्
85.	पञ्चाशीतः	पञ्चाशीती	पञ्चाशीतम्
	पञ्चाशीतितमः	पञ्चाशीतितमी	पञ्चाशीतितमम्
86.	षडशीतः	षडशीती	षडशीतम्
	षडशीतितमः	षडशीतितमी	षडशीतितमम्
87.	सप्ताशीतः	सप्ताशीती	सप्ताशीतम्
	सप्ताशीतितमः	सप्ताशीतितमी	सप्ताशीतितमम्
88.	अष्टाशीतः	अष्टाशीती	अष्टाशीतम्
	अष्टाशीतितमः	अष्टाशीतितमी	अष्टाशीतितमम्

संख्याशब्दाः	पुँल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	नपुंसकलिङ्ग
89.	नवाशीतः	नवाशीती	नवाशीतम्
	नवाशीतितमः	नवाशीतितमी	नवाशीतितमम्
	एकोननवतः	एकोननवती	एकोननवतम्
	एकोननवतितमः	एकोननवतितमी	एकोननवतितमम्
	ऊननवतः	ऊननवती	ऊननवतम्
	ऊननवतितमः	ऊननवतितमी	ऊननवतितमम्
	एकान्ननवतः	एकान्ननवती	एकान्ननवतम्
	एकान्ननवतितमः	एकान्ननवतितमी	एकान्ननवतितमम्
90.	नवतितमः	नवतितमी	नवतितमम्
91.	एकनवतः	एकनवती	एकनवतम्
	एकनवतितमः	एकनवतितमी	एकनवतितमम्
92.	द्वानवतः	द्वानवती	द्वानवतम्
	द्वानवतितमः	द्वानवतितमी	द्वानवतितमम्
	द्विनवतः	द्विनवती	द्विनवतम्
	द्विनवतितमः	द्विनवतितमी	द्विनवतितमम्
93.	त्रयोनवतः	त्रयोनवती	त्रयोनवतम्
	त्रयोनवतितमः	त्रयोनवतितमी	त्रयोनवतितमम्
	त्रिनवतः	त्रिनवती	त्रिनवतम्
	त्रिनवतितमः	त्रिनवतितमी	त्रिनवतितमम्
94.	चतुर्नवतः	चतुर्नवती	चतुर्नवतम्
	चतुर्नवतितमः	चतुर्नवतितमी	चतुर्नवतितमम्
95.	पञ्चनवतः	पञ्चनवती	पञ्चनवतम्
	पञ्चनवतितमः	पञ्चनवतितमी	पञ्चनवतितमम्
96.	षण्णवतः	षण्णवती	षण्णवतम्
	षण्णवतितमः	षण्णवतितमी	षण्णवतितमम्
97.	सप्तनवतः	सप्तनवती	सप्तनवतम्
	सप्तनवतितमः	सप्तनवतितमी	सप्तनवतितमम्
98.	अष्टानवतः	अष्टानवती	अष्टानवतम्
	अष्टानवतितमः	अष्टानवतितमी	अष्टानवतितमम्
	अष्टनवतः	अष्टनवती	अष्टनवतम्
	अष्टनवतितमः	अष्टनवतितमी	अष्टनवतितमम्
99.	नवनवतः	नवनवती	नवनवतम्
	नवनवतितमः	नवनवतितमी	नवनवतितमम्
100.	शततमः	शततमी	शततमम्
200.	द्विशततमः	द्विशततमी	द्विशततमम्
300.	त्रिशततमः	त्रिशततमी	त्रिशततमम्
400.	चतुश्शततमः	चतुश्शततमी	चतुश्शततमम्
500.	पञ्चशततमः	पञ्चशततमी	पञ्चशततमम्
1000.	सहस्रतमः	सहस्रतमी	सहस्रतमम्
10,000.	अयुततमः	अयुततमी	अयुततमम्
10,0000.	लक्षतमः	लक्षतमी	लक्षतमम्
10,00000.	प्रयुततमः	प्रयुततमी	प्रयुततमम्
10,000000	कोटितमः	कोटितमी	कोटितमम्

व्याकरणात्मक-टिप्पणी

संस्कृतम्	= सम् + कृ + क्त ('सुट्' का आगम)	**निर्दिष्टम्**	= निर् + दिश् + क्त
व्याकरणम्	= वि + आङ् + कृ + ल्युट्	**प्रकृतिभाव:**	= प्र + कृ + क्तिन् + भू + घञ्
श्लोक:	= श्लोक् + अच्	**प्रगृह्य**	= प्र + गृह् + ल्यप्
सञ्ज्ञा	= सम् + ज्ञा + अङ्+ टाप्	**अभ्यास:**	= अभि + आङ् + अस् + घञ्
सूत्र	= सूत्र् + अच्	**सन्धि:**	= सम् + धा + कि
गण:	= गण् + अच्	**अभिहित:**	= अभि + धा + क्त
अतिदेश:	= अति + दिश् + घञ्	**अभिप्राय:**	= अभि + प्र + इ + अच्
लिङ्ग	= लिङ्ग् + अच्	**अपवाद:**	= अप् + वद् + घञ्
अनुशासनम्	= अनु + शास् + ल्युट्	**अन्वित:**	= अनु + इ + क्त
आगम:	= आ + गम् + घञ्	**अन्वय:**	= अनु + इ + अच्
प्रत्यादेश:	= प्रति + आङ् + दिश् + घञ्	**अनुस्वार:**	= अनु + स्वृ + घञ्
प्रत्याहार:	= प्रति + आङ् + हृ + घञ्	**अनुवृत्ति:**	= अनु + वृत् + क्तिन्
सिद्धि:	= सिध् + क्तिन्	**अनुवाद:**	= अनु + वद् + घञ्
प्रकरणम्	= प्र + कृ + ल्युट्	**अध्याहार:**	= अधि + आङ् + हृ + घञ्
उपदेश:	= उप + दिश् + घञ्	**प्रत्यय:**	= प्रति + इ + अच्
उच्चारणम्	= उत् + चर् + णिच् + ल्युट्	**समास:**	= सम् + अस् + घञ्
दर्शनम्	= दृश् + ल्युट्	**कारक:**	= कृ + ण्वुल्
अधिकार:	= अधि + कृ + घञ्	**कर्त्ता (कर्तृ)**	= कृ + तृच्
प्रयत्न:	= प्र + यत् + नङ्	**क्रिया**	= कृ + श् + रिङ् आदेश +इयङ्
नित्यम्	= नि + त्यप्	**कर्म**	= कृ + मनिन्
निषेध:	= नि + सिध् + घञ्	**करण**	= कृ + ल्युट्
निपात:	= नि + पत् + घञ्	**सम्प्रदानम्**	= सम् + प्र+दा + ल्युट्
विकल्प:	= वि + क्लृप् + घञ्	**अपादानम्**	= अप + आङ् + दा + ल्युट्
विकार:	= वि + कृ + घञ्	**सम्बन्ध:**	= सम् + बन्ध् + क्त
विभाषा	= वि + भाष् + अङ् + टाप्	**अधिकरणम्**	= अधि + कृ + ल्युट्
विधायक:	= वि + धा + ण्वुल्	**सम्बोधन**	= सम् + बुध् + णिच् + ल्युट्
स्पर्श:	= स्पृश् + घञ्	**विभक्ति:**	= वि + भज् + क्तिन्
विवृतम्	= वि + वृ + क्त	**ईप्सित:**	= आप् + सन् + क्त
संवृतम्	= सम् + वृ + क्त	**समाहार:**	= सम् + आङ् + हृ +घञ्
संवार:	= सम् + वृ + घञ्	**उपसर्जनम्**	= उप + सृज् + ल्युट्
विवार:	= वि + वृ + घञ्	**उपसर्ग:**	= उप + सृज् + घञ्
श्वास:	= श्वस् + घञ्	**सर्ग:**	= सृज् + घञ्
नाद:	= नद् + घञ्	**उपन्यास:**	= उप + नि + अस् + घञ्
घोष:	= घुष् + घञ्	**विराम:**	= वि + रम् + घञ्
प्राण:	= प्र + अन् + घञ्	**नि:श्वास:**	= निर् + श्वस् + घञ्
उच्चै:	= उत् + चि + डैस्	**अङ्क:**	= अङ्क + अच्
ह्रस्व:	= ह्रस् + वत्	**उच्छ्वास:**	= उत् + श्वस् + घञ्
दीर्घ:	= दॄ + घञ्	**उद्योत:**	= उद् + द्युत् + घञ्
प्लुत:	= प्लु + क्त	**प्रकाश:**	= प्र + काश् + अच्
विसर्ग:	= वि + सृज् + घञ्	**रस:**	= रस् + अच्
संयोग:	= सम् + युज् + घञ्	**अलङ्कार:**	= अलम् + कृ + घञ्
सन्निकर्ष:	= सम् + नि + कृष् + घञ्	**अनुप्रास:**	= अनु + प्र + अस् + घञ्
संहिता	= सम् + धा + क्त + टाप्	**यमक:**	= यम + कन्

संस्कृत में लिङ्गज्ञान

- पाणिनीय व्याकरण **पञ्चाङ्गव्याकरण** अथवा '**पञ्चपाठी**' के नाम से जाना जाता है। पाणिनीय व्याकरण के पाँच अङ्ग निम्नवत् हैं– 1. सूत्रपाठ 2. धातुपाठ 3. गणपाठ 4. उणादिपाठ तथा 5. लिङ्गानुशासन।
- इन पाँच पाठों में सूत्रपाठ प्रमुख है, तथा शेष चार गौण हैं। इन चारों को '**खिलपाठ**' भी कहा जाता है।
- संस्कृतभाषा में लिङ्गज्ञान अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है, इसीलिए महर्षि पाणिनि अष्टाध्यायी के सूत्रपाठ की तरह ही लिङ्गानुशासन की रचना भी सूत्रात्मक शैली में की। इसमें कुल **191 सूत्र** तथा **6 प्रकरण** है। यथा– 1. स्त्रीलिङ्गप्रकरण 2. पुँल्लिङ्गप्रकरण 3. नपुंसकलिङ्गप्रकरण 4. स्त्रीपुंसप्रकरण 5. पुन्नपुंसकप्रकरण 6. अविशिष्टलिङ्गप्रकरण। आइये संक्षेप में कुछ प्रमुख सूत्रों को हम समझने का प्रयास करते हैं–

सूत्र– 1. ''**ऋकारान्ता मातृदुहितृस्वसृयातृननान्दरः**''

सूत्रार्थ– मातृ, दुहितृ, स्वसृ, यातृ तथा ननान्दृ–ये पाँच ऋकारान्त शब्द स्त्रीलिङ्ग होते हैं। यातृ के स्थान पर 'पोतृ' पाठ भी प्राप्त होता है।

उदाहरण–

मूलशब्द	प्रथमान्त-रूप		अर्थ
1. मातृ	माता	=	माँ
2. दुहितृ	दुहिता	=	बेटी
3. स्वसृ	स्वसा	=	बहन
4. यातृ	याता	=	देवरानी
5. ननान्दृ	ननान्दा	ननद	

सूत्र– 2. ''**अन्यूप्रत्ययान्तो धातुः**''

सूत्रार्थ– अनिप्रत्ययान्त तथा ऊप्रत्ययान्त धातु से निष्पन्न शब्द स्त्रीलिङ्ग होते हैं।

उदाहरण– **क. 'अनि' प्रत्ययान्त शब्द**

अवनिः = भूमि तरणिः = नौका, सूर्य
सरणिः = पद्धति रजनिः = रात
धरणिः = पृथिवी आशुशुक्षणिः = अग्नि
धमनिः = नाडी क्षिपणिः = शस्त्र
अशनिः = वज्र भरणिः = एक नक्षत्र

ख. 'ऊ' प्रत्ययान्त शब्द–

चमूः = सेना
तनूः = शरीर
खर्जूः = खाज
वधूः = नवोढास्त्री

सूत्र– 3. ''**अशनिभरण्यरणयः पुंसि च**''

सूत्रार्थ– **अशनि, भरणि** तथा **अरणि** शब्द पुँल्लिङ्ग व स्त्रीलिङ्ग दोनों होते हैं। पूर्वसूत्र के द्वारा स्त्रीत्व प्राप्त था। इस सूत्र के द्वारा पुँल्लिङ्ग विधान किया गया।

उदाहरण– अशनिः = वज्र
भरणिः = एक नक्षत्र
अरणिः = अग्नि उत्पन्न करने में प्रयुक्त एक मँथनी

सूत्र– 4. ''**मिन्यन्तः**''

सूत्रार्थ– मि प्रत्ययान्त तथा नि प्रत्ययान्त धातुज शब्द स्त्रीलिङ्ग होते हैं।

उदाहरण– नेमिः = पहिए का भाग पार्ष्णिः = एडी
ऊर्मिः = जलतरंग वेणिः = केशविन्यास
भूमिः = पृथिवी श्रेणिः =पंक्ति
रश्मिः = किरण श्रोणिः = कटिप्रदेश
योनिः = स्त्रीजननेन्द्रिय हानिः = हानि

सूत्र 5. ''**वह्निवृष्ण्यग्नयः पुंसि**''

सूत्रार्थ– धातु से निष्पन्न निप्रत्ययान्त वह्नि, वृष्णि, तथा अग्नि शब्द पुँल्लिङ्ग होते हैं। इन्हें ''मिन्यन्तः'' सूत्र से स्त्रीत्व प्राप्त था किन्तु इस सूत्र के द्वारा पुँल्लिङ्ग का विधान किया गया।

उदाहरण– वह्निः = आग
अग्निः = आग
वृष्णिः = क्षत्रिय या वैश्य

सूत्र 6. ''**श्रोणियोन्यूर्मयः पुंसि च**''

सूत्रार्थ– निप्रत्ययान्त श्रोणि, योनि तथा मिप्रत्ययान्त 'ऊर्मि' शब्द पुँल्लिङ्ग तथा स्त्रीलिङ्ग दोनों होते हैं। यह पूर्वसूत्र का अपवाद है।

उदाहरण– अयं श्रोणिः, इयं श्रोणिः/श्रोणी
अयं योनिः, इयं योनिः/योनी
अयं ऊर्मिः, इयं ऊर्मिः/ऊर्मी

सूत्र– 7. ''**क्तिन्नन्तः**''

सूत्रार्थ– 'क्तिन्' प्रत्ययान्त शब्द स्त्रीलिङ्ग होते हैं।

उदाहरण– कृतिः = रचना
बुद्धिः = बुद्धि
दृष्टिः = दृष्टि
भक्तिः = भक्ति
मतिः = मति

सृष्टिः = संसार
मुक्तिः = मुक्ति
सिद्धिः = सिद्धि
लब्धिः = प्राप्ति

सूत्र –8. ''**ईकारान्तश्च**''

सूत्रार्थ– ईप्रत्ययान्त शब्द स्त्रीलिङ्ग होते हैं।

उदाहरण– तन्त्रीः = वीणा
लक्ष्मीः = लक्ष्मी
तरीः = नौका
पपीः = सूर्य, चन्द्रमा
अवीः = रजस्वला स्त्री

सूत्र –9. ''**ऊङ्ङ्याबन्तश्च**''

सूत्रार्थ– ऊङ्प्रत्ययान्त, ङीप्रत्ययान्त (ङीप्, ङीष्, ङीन्) तथा आप्प्रत्ययान्त (टाप्, डाप्, चाप्) शब्द स्त्रीलिङ्ग में होते हैं।

उदाहरण– ऊङ्-प्रत्ययान्त शब्द

(क) कुरूः = कुरुपत्नी
कर्कन्धूः = बदरी
अलाबूः = तुम्बी
पङ्गूः = लंगड़ी स्त्री
श्वश्रूः = सास

(ख) **ङीप्-प्रत्ययान्त–**
कर्त्री = करने वाली
हर्त्री = हरण करने वाली
ब्रह्मचारिणी = ब्रह्मचारी स्त्री
योगिनी = योगी स्त्री
दण्डिनी = दण्ड धारण करने वाली स्त्री

(ग) **ङीष्-प्रत्ययान्त–**
नर्तकी = नाचने वाली
खनकी = खोदने वाली
रजकी = धोबिन
गौरी = गौर (शिव) की पत्नी

(घ) **ङीन्-प्रत्ययान्त–**
शार्ङ्गरवी = शार्ङ्गरव की पत्नी
कापटवी = कापटव की पत्नी
बैदी = बैद की पत्नी
और्वी = और्व पत्नी
ब्राह्मणी = ब्राह्मण पत्नी

(ङ) **टाप्-प्रत्ययान्त–**
अजा = बकरी
कोकिला = मादा कोयल
एडका = घोड़ी
चटका = चिड़िया

डाप्-प्रत्ययान्त–
पामा = खुजली
सीमा = सीमा
बहुराजा = अनेक राजाओं वाली
बहुतक्षा = अनेक बढई वाली

चाप्-प्रत्ययान्त–
आम्बष्ठ्या = आम्बष्ठ्य की पत्नी
सौवीर्या = सौवीर्य की स्त्री
कारीषगन्ध्या = करीषगन्ध्य की स्त्री
वाराह्या = वाराह्य की स्त्री
आवट्या = आवट्य की स्त्री
कौसल्या = कोसल जनपद की स्त्री

सूत्र– 10. ''**य्वन्तमेकाक्षरम्**''

सूत्रार्थ– एकाक्षर जो ईकारान्त अथवा ऊकारान्त शब्द, वह स्त्रीलिङ्ग होता है। ई च यू च – यू (इतरेतरयोगद्वन्द्व) यू अन्ते अस्य य्वन्तम् (बहु0)

उदाहरण– श्रीः = लक्ष्मी भूः = पृथिवी
स्त्रीः = स्त्री भ्रूः = भौंह
धीः = बुद्धि
भीः = भय

सूत्र 11. ''**विंशत्यादिरानवतेः**''

सूत्रार्थ– 'विंशति' शब्द से लेकर 'नवति' पर्यन्त संख्यावाची शब्द स्त्रीलिङ्ग में होते हैं। अर्थात् ऊनविंशतिः (19) से नवनवतिः (99) तक शब्द स्त्रीलिङ्ग होंगे।

उदाहरण– (i) इयं विंशतिः (ii) इयं त्रिंशत् (iii) इयं चत्वारिंशत् (iv) इयं पञ्चाशत् (v) इयं षष्टिः (vi) इयं सप्ततिः (vii) इयं अशीतिः (viii) इयं नवतिः (ix) इयं नवनवतिः

सूत्र –12. ''**तलन्तः**''

सूत्रार्थ– 'तल्' प्रत्ययान्त शब्द स्त्रीलिङ्ग में होते हैं, स्त्रीत्व की विवक्षा में 'अजाद्यतष्टाप्' से 'टाप्' प्रत्यय होता है।

उदाहरण– ● इयं शुक्लता ● इयं जडता ● इयं जनता ● इयं देवता ● इयं बन्धुता ● इयं ग्रामता

सूत्र –13. ''भूमिविद्युत्सरिल्लतावनिताभिधानानि''

सूत्रार्थ– भूमि, विद्युत्, सरित्, लता तथा वनिता– ये शब्द तथा इनके वाचक शब्द स्त्रीलिङ्ग होते हैं।

उदाहरण– (क) भूमि– भूः, पृथिवी, अनन्ता, विश्वम्भरा, धरा, धरित्री, धरणिः, जया, क्षितिः, सर्वसहा, वसुधा, उर्वी, वसुन्धरा, गोत्रा, कुः, क्ष्मा, मेदिनी

(ख) विद्युत्–सौदामिनी, तडित्, चपला, चञ्चला

(ग) सरित् – नदी, तरङ्गिणी, शैवालिनी, तटिनी, ह्लादिनी, धुनी, स्रोतस्विनी, द्वीपवती, निम्नगा, अपगा, स्रवन्ती आदि।

(घ) लता– वल्ली, वल्लरी, व्रततिः आदि

(ङ) वनिता– योषित्, अबला, नारी, सीमन्तिनी, वधूः, वामा, महिला, अङ्गना, कामिनी, प्रमदा, कान्ता, ललना, नितम्बिनी, सुन्दरी, रमणी, रामा, कोपना, भामिनी, मत्तकाशिनी, उत्तमा आदि।

सूत्र 14. ''भास्स्रुक्स्रग्दिगुष्णिगुपानहः''

सूत्रार्थ– भास्, स्रुक्, स्रज्, दिश्, उष्णिक्, तथा उपानह् ये शब्द स्त्रीलिङ्ग में होते हैं।

उदाहरण– भाः = दीप्ति
स्रुक् = यज्ञपात्रविशेष
स्रक् = माला
दिक् = दिशा
उष्णिक् = छन्द का नाम
उपानत् = पादत्राण, जूता

सूत्र 15. ''प्रावृड्विप्रुड्रुट्तृड्विट्त्विषः''

सूत्रार्थ– प्रावृष्, विप्रुष्, रुष्, तृष्, विष्, त्विष्– ये शब्द स्त्रीलिङ्ग होते हैं।

उदाहरण– प्रावृट् = वर्षा
विप्रुट् = बिन्दु
रुट् = क्रोध
त्विट् = प्रभा
विट् = विष्ठा
तृट् = प्यास

सूत्र 16. ''दर्विविदिवेदिखनिशान्यश्रिवेशिकृष्योषधिकट्यङ्गुलयः''

सूत्रार्थ– दर्वि, विदि, वेदि, खनि, शानि, अश्रि, वेशि कृषि, ओषधि, कटि और अङ्गुलि– ये शब्द स्त्रीलिङ्ग होते हैं।

उदाहरण– दर्विः = कड़छी
वेदिः = चबूतरा
खनिः = खान
शानिः = कसौटी
अश्रिः = किनारा
कृषिः = कृषि
औषधिः = दवाई
कटिः = कमर
अङ्गुलिः = अङ्गुलि

सूत्र 17. ''तिथि-नाडि-रुचि-वीचि-नालि-धूलि-किकि-केलिच्छविरात्र्यादयः''

सूत्रार्थ– तिथि, नाडि, रुचि, वीचि, नालि, धूलि, किकि, केलि, छवि– ये शब्द तथा रात्रि के वाचक शब्द स्त्रीलिङ्ग होते हैं। रात्रि के पर्याय शब्दों में 'नक्तम्' तथा 'दोषा' शब्दों का ग्रहण नहीं होता है।

उदाहरण– तिथिः = दिनमान
नाडिः = धमनी
रुचिः = प्रभा
वीचिः = तरंग
नालिः = नाडी
धूलिः = धूल
किकिः = नीलकण्ठ पक्षी की आवाज
केलिः = क्रीडा
धूलिः = धूल
छविः = कान्ति
रात्रिः= रात

रात्रिवाचक शब्द– रात्रिः, निशा, शर्वरी, विभावरी, निशीथिनी, त्रियामा, क्षणदा, क्षपा, रजनी, यामिनी, तमिस्रा, तामसी, तमी, तमस्विनी

सूत्र 18. ''शष्कुलिराजिकुट्यवन्तिवर्तिभ्रुकुटि-त्रुटि-वलिपङ्क्तयः''

सूत्रार्थ– शष्कुलि, राजि, कुटि, अवन्ति, वर्ति, भ्रुकुटि, त्रुटि, वलि, पङ्क्ति– ये शब्द स्त्रीलिङ्ग में होते हैं।

उदाहरण– शष्कुलिः = कर्णछिद्र या पूड़ी
राजिः = पंक्ति
कुटिः = कुटिया
अवन्तिः = उज्जयिनी
भ्रुकुटिः = भौंह
त्रुटिः = मात्रा

वलिः = प्राण्यङ्गज, झुरी
पंक्तिः = श्रेणी
वर्तिः = बाती

सूत्र 19. **''प्रतिपदापद्विपत्सम्पच्छरत्संसत्परिषदुषः संवित्क्षुत्पुन्मुत्समिधः''**

सूत्रार्थ– प्रतिपद्, आपद्, विपद्, सम्पद्, शरद्, संसद्, परिषद्, उषाः, संविद्, क्षुद्, पुद्, मुद् व समिद्– ये शब्द स्त्रीलिङ्ग में होते हैं।

उदाहरण– प्रतिपद् = एक तिथि
आपद् = संकट
विपद् = विपत्ति
सम्पद् = धन
शरद् = ऋतुविशेष
संसद् = सभा
परिषद् = सभा
उषाः = प्रातः
संविद् = बुद्धिः
क्षुद् = छींक
पुद् = नरक
मुद् = प्रीति
समिध् = हवन में प्रयुक्त ईंधन

सूत्र 20. **''आशीर्धूःपूर्गीर्द्वारः''**

सूत्रार्थ– आशिष्, धुर्, पुर्, गिर्, तथा द्वार्– ये शब्द स्त्रीलिङ्ग में होते हैं।

उदाहरण– आशीः = आशीर्वचन
धूः = गाडी का धुरा
पूः = नगरी
गीः = वाणी
द्वाः = द्वार

सूत्र 21. **''अप्सुमनस्समासिकतावर्षाणां बहुत्वं च''**

सूत्रार्थ– अप्, सुमनस्, समा, सिकता तथा वर्षा– ये शब्द स्त्रीलिङ्ग में होते हैं तथा सदा बहुवचन में प्रयुक्त होते हैं।

उदाहरण– इमाः आपः = जल
सुमनसः = फूल
समाः = संवत्सर वर्ष
सिकताः = बालू
वर्षाः = वर्षा, ऋतुविशेष
अमरकोश में भी कहा गया है–
आपः सुमनसो वर्षा अप्सरः सिकताः समाः।
एते स्त्रियां बहुत्वे स्युरेकत्वेऽप्युत्तरत्रयम्।।

सूत्र 22. **''स्रक्त्वग्ज्योग्वाग्यवागूनौस्फिजः''**

सूत्रार्थ– स्रक्, त्वक्, वाग्, यवागू, नौ, तथा स्फिच्– ये शब्द स्त्रीलिङ्ग में होते हैं।

उदाहरण– स्रक् = माला
त्वक् = त्वचा
वाक् = वाणी
यवागूः = लप्सी
नौः = नौका
स्फिक् = कटिप्रोथ

सूत्र 23. **''ताराधाराज्योत्स्नादयश्च''**

सूत्रार्थ– तारा, धारा तथा ज्योत्स्ना के वाचक (पर्यायवाची) शब्द स्त्रीलिङ्ग में होते हैं।

उदाहरण– तारा = नक्षत्र
धारा = जलप्रवाह
ज्योत्स्ना = चन्द्रिका

सूत्र 24. **''शलाका स्त्रियां नित्यम्''**

सूत्रार्थ– 'शलाका' शब्द नित्य स्त्रीलिङ्ग में होता है।

उदाहरण– इयं शलाका

पुँल्लिङ्ग-प्रकरणम्

सूत्र 25. **घञबन्तः**

सूत्रार्थ– घञ् प्रत्ययान्त तथा अप्-प्रत्ययान्त शब्द पुँल्लिङ्ग में होते हैं।

घञ्-प्रत्ययान्त शब्द

उदाहरण– रागः = राग
पाकः = पाक
त्यागः = त्याग

अप्-प्रत्ययान्त शब्द

स्तवः = स्तुति
करः = हाथ
गरः = रोग, शरबत
पवः = पवनः
निश्चयः = निश्चय

सूत्र 26. **''घाऽजन्तश्च''**

सूत्रार्थ– घप्रत्ययान्त तथा अच्प्रत्ययान्त शब्द पुँल्लिङ्ग होते हैं।

घ प्रत्ययान्त शब्द

उदाहरण– गोचरः = चारागाह
सञ्चरः = मार्ग

घटः = घडा
आकरः = खजाना
आलयः = गृह

अच् प्रत्ययान्त शब्द

जयः = जय
अयः = शुभ दैव
चयः = चयन
क्षयः = नाश

सूत्र 27. ''भयलिङ्गभगपदानि नपुंसके''

सूत्रार्थ–
- भय, लिङ्ग, भग तथा पद–ये शब्द नपुंसकलिङ्ग में प्रयुक्त होते हैं।
- भय, पद, लिङ्ग– ये तीनों अच्प्रत्ययान्त शब्द हैं।
- 'भग' शब्द घप्रत्ययान्त है।
- पूर्वसूत्र से पुँल्लिङ्ग प्राप्त था, इस सूत्र से नपुंसकत्व कहा गया है।

उदाहरण– भयम् = डर
लिङ्गम् = पुरुषजननेन्द्रिय
भगम् = स्त्रीयोनि
पदम् = पैर, स्थान

सूत्र 28. ''नङन्तः''

सूत्रार्थ– नङ् प्रत्ययान्त शब्द पुँल्लिङ्ग होते हैं।

उदाहरण– यज्ञः = यज्ञ
यत्नः = यत्न
प्रश्नः = प्रश्न

सूत्र 29. ''याच्ञा स्त्रियाम्''

सूत्रार्थ–
- नङ् प्रत्ययान्त 'याच्ञा' शब्द स्त्रीलिङ्ग में होता है।
- नङ्प्रत्ययान्त होने से यहाँ पूर्वसूत्र से पुंस्त्व प्राप्त था।

सूत्र 30. ''क्यन्तो घुः''

सूत्रार्थ– 'कि' प्रत्ययान्त घुसंज्ञक शब्द पुँल्लिङ्ग होते हैं।

उदाहरण– आधिः = मानसिक कष्ट
व्याधिः = शारीरिक रोग
निधिः = खजाना
उदधिः = समुद्र
विधिः = दैव, भाग्य, ब्रह्मा
शेवधिः = निधि
प्रधिः = नेमि
उपधिः = छल
सन्निधिः = समीपता

सूत्र 31. ''देवासुरात्मस्वर्गगिरिसमुद्रनखकेशदन्तस्तन-भुजकण्ठखड्गशरपङ्काभिधानानि''

सूत्रार्थ– देव, असुर, आत्मा, स्वर्ग, गिरि, समुद्र, नख, केश, दन्त, स्तन, भुज, कण्ठ, खड्ग, शर, पङ्क– ये शब्द तथा इनके पर्यायवाची शब्द पुँल्लिङ्ग में होते हैं।

उदाहरण–

(क) देवः– अमरः, निर्जरः, त्रिदशः, विबुधः, सुरः, सुपर्वा, दिवौकः, आदितेयः, दिविषद्, अदितिनन्दनः, आदित्यः, ऋभुः, अमर्त्यः, अमृतान्धाः, बहिर्मुखः, क्रतुभुज्, गीर्वाणः, दानवारिः, वृन्दारकः

(ख) असुरः– दैत्यः, दैतेयः, दनुजः, इन्द्रारिः, दानवः, शुक्रशिष्यः, दितिसुतः, सुरद्विष्

(ग) आत्मा– आत्मा, क्षेत्रज्ञः, पुरुषः

(घ) स्वर्गः– स्वर्गः, नाकः, त्रिदिवः, त्रिदशालयः, सुरलोकः

(ङ) गिरिः– महीध्रः, शिखरी, क्ष्माभृत्, पर्वतः, सानुमान्, भूभृत्, अद्रिः, ग्रावाः, अचलः, शैलः, शिलोच्चयः

(च) समुद्रः– अब्धिः, अकूपारः, पारावारः, सरित्पतिः, उदन्वान्, उदधिः, सिन्धुः, सरस्वान्, सागरः, अर्णवः, रत्नाकरः, जलनिधिः, अपाम्पतिः

(छ) नखः– पुनर्भवः, कररुहः, नखरः

(ज) केशाः– शिरोरुहः, चिकुरः, कुन्तलः, बालः, कचः

(झ) दन्ताः– दशनाः, रदनाः, रदाः

(ञ) स्तनः– कुचः, वक्षोरुहः

(ट) भुजः– दोः, बाहुः

(ठ) कण्ठः– गलः

(ड) खड्गः– खड्गः, करवालः, चन्द्रहासः, असिः, कौक्षेयकः, निस्त्रिंशः, मण्डलाग्रः, कृपाणः

(ढ) शरः– शरः, पृषत्कः, बाणः, विशिखः, मार्गणः, कलम्बः, खगः, आशुगः, अयं पत्री, रोपः

(ण) पङ्कः– पङ्कः, कर्दमः, शादः, जम्बालः

सूत्र 32. ''त्रिविष्टपत्रिभुवने नपुंसके''

सूत्रार्थ–
- त्रिविष्टप तथा त्रिभुवन शब्द नपुंसकलिंग होते हैं।
- इन्हे स्वर्गवाची होने से पुँल्लिङ्ग होना चाहिए था। इसलिए यह पूर्वसूत्र का अपवाद है।

उदाहरण– (i) त्रिविष्टपम् (ii) त्रिभुवनम्

सूत्र 33. **''द्यौः स्त्रियाम्''**

सूत्रार्थ– 'दिव्' शब्द स्त्रीलिङ्ग होता है। स्वर्गवाची होने से पुंस्त्व प्राप्त था।

उदाहरण– इयं द्यौः

सूत्र 34. **''बाणकाण्डौ नपुंसके च''**

सूत्रार्थ– 'बाण' तथा 'काण्ड' शब्द नपुंसकलिंग व पुँल्लिङ्ग दोनों में प्रयुक्त होते हैं।

उदाहरण– (i) अयं बाणः (ii) इदं बाणम्
(i) अयं काण्डः (ii) इदं काण्डम्

सूत्र 35. **''नन्तः''**

सूत्रार्थ– नकारान्त शब्द पुँल्लिङ्ग होता है।

उदाहरण–

प्रातिपदिक	रूप	अर्थ
राजन्	राजा	राजा
श्वन्	श्वा	कुत्ता
वृषन्	वृषा	इन्द्र
उक्षन्	उक्षा	वृषभ
मघवन्	मघवा	इन्द्र
तक्षन्	तक्षा	बढई
ऋभुक्षन्	ऋभुक्षा	इन्द्र
वृत्रहन्	वृत्रहा	इन्द्र

सूत्र 36. **''क्रतुपुरुषकपोलगुल्फमेघाभिधानानि''**

सूत्रार्थ– क्रतु, पुरुष, कपोल, गुल्फ, मेघ– ये शब्द तथा इनके पर्यायवाची शब्द पुँल्लिङ्ग होते हैं।

उदाहरण– (क) **क्रतुः (यज्ञ)–** क्रतुः, यज्ञः, यागः, सवः, मखः, सप्ततन्तुः, अध्वरः
(ख) **पुरुषः (पुरुष)–** पुरुषः, पूरुषः, नरः, मानवः, मनुजः, मर्त्यः, मानुषः, मनुष्यः
(ग) **कपोलः (कपोल)–** कपोलः, गण्डः
(घ) **गुल्फः** (टखना) गुल्फः, प्रपदः
(ङ) **मेघः (बादल)** मेघः, नीरदः, वारिवाहः, स्तनयित्नुः, बलाहकः, धाराधरः, जलधरः, तडित्वान्, वारिदः, अम्बुभृत्, घनः, जीमूतः, मुदिरः, जलमुक्, धूमयोनिः

सूत्र 37. **''अभ्रं नपुंसकम्''**

सूत्रार्थ– 'अभ्र' शब्द नपुंसकलिङ्ग में होता है। 'अभ्र' शब्द के मेघवाची होने से यहाँ पुंस्त्व प्राप्त था, इस सूत्र से नपुंसकलिङ्ग हुआ।

उदाहरण– अभ्रम् = मेघ

सूत्र 38. **''उकारान्तः''**

सूत्रार्थ– उकारान्तशब्द पुँल्लिङ्ग होता है।

उदाहरण– प्रभुः = स्वामी इक्षुः = ईख, गुरुः = गुरु

सूत्र 39. **''धेनुरज्जुकुहुसरयुतनुरेणुप्रियङ्गवः स्त्रियाम्''**

सूत्रार्थ– धेनु, रज्जु, कुहु, सरयु, तनु, रेणु, तथा प्रियङ्गु–ये शब्द स्त्रीलिङ्ग में होंगे

उदाहरण– धेनुः = नयी ब्याही गाय
रज्जुः = रस्सी
कुहुः = अमावस्या
सरयुः = नदी विशेष
तनुः = शरीर
रेणुः = धूल
प्रियङ्गुः = लताविशेष

सूत्र 40. **''श्मश्रुजानुवसुस्वाद्वश्रुजतुत्रपुतालूनि नपुंसके''**

सूत्रार्थ–
- श्मश्रु, जानु, वसु, स्वादु, अश्रु, जतु, त्रपु, तथा तालु– ये शब्द नपुंसकलिङ्ग में प्रयुक्त होते हैं।
- सभी शब्द उकारान्त हैं, अतः यहाँ पुंस्त्व प्राप्त था, इस सूत्र से नपुंसकलिङ्ग होता है।
- अमरकोश के अनुसार 'जानु' उभयलिङ्ग है। किरण, अग्नि, तथा कुबेर– इन अर्थों में 'वसु' पुँल्लिङ्ग है।

उदाहरण– श्मश्रु = मूँछ
जानु = घुटना
वसु = धन
स्वादु = मधुर
अश्रु = आँसू
जतु = लाख
त्रपु = टिन
तालु = काकुद

सूत्र 41. **''रुत्वन्तः''**

सूत्रार्थ– 'रु' तथा 'तु' हैं अन्त में जिसके ऐसा शब्द पुँल्लिङ्ग होता है।

उदाहरण– मेरुः = पर्वत का नाम
सेतुः = पुल

सूत्र 42. **''दारुकशेरुजतुवस्तुमस्तूनि नपुंसके''**

सूत्रार्थ– 'दारु' तथा 'कशेरु' शब्द रुत्वन्त हैं, जतु, वस्तु, मस्तु शब्द तुकारान्त हैं, अतः यहाँ पुंस्त्व प्राप्त था। किन्तु ये शब्द नपुंसकलिङ्ग होते हैं।

उदाहरण– दारु = लकड़ी
कशेरु = रीढ की हड्डी

जतु = लाख
वस्तु = पदार्थ
मस्तु = दही का खट्टा पानी

सूत्र 43. ''कोपधः''

सूत्रार्थ– जिसकी उपधा में 'क्' वर्ण हो, उसे कोपध शब्द कहते हैं। 'अलोऽन्त्यात् पूर्व उपधा' से अन्त्य अल् से पूर्व की उपधा संज्ञा होती है। कोपध जो अकारान्त शब्द, वह पुँल्लिङ्ग होता है।

उदाहरण– स्तबकः = पुष्पगुच्छ
कल्कः = खली, मैल, धोखा, चूर्ण
कोरकः = कली

सूत्र 44. ''चिबुक-शालूक–प्रातिपदिकांशुकोल्मुकानि नपुंसके''

सूत्रार्थ– अकारान्त कोपध चिबुक, शालूक, प्रातिपदिक, अंशुक तथा उल्मुक शब्द नपुंसकलिङ्ग होते हैं। सभी शब्द कोपध व अकारान्त हैं; अतः यहाँ पुंस्त्व प्राप्त था।

उदाहरण– चिबुकम् = ठोडी
शालूकम् = सिंघाडा
प्रातिपदिकम् = अर्थवान् शब्द, पाणिनीयव्याकरण में एक संज्ञा
अंशुकम् = वस्त्र
उल्मुकम् = अंगार

सूत्र 45. ''कण्टक - अनीक - सरक - मोदक - चषक - मस्तक - पुस्तक - तडाक - निष्क - शुष्क - वर्चस्क - पिनाक - भाण्डक - पिण्डक - कटक - शण्डक - पिटक - तालक - फलक - पुलाकानि नपुंसके च''

सूत्रार्थ– सूत्रोक्त सभी शब्द कोपध तथा अकारान्त हैं, अतः पुंस्त्व प्राप्त था, इस सूत्र से नपुंसकत्व का भी विधान कर दिया गया। अतः उपर्युक्त शब्द पुँल्लिङ्ग तथा नपुंसकलिङ्ग दोनों होंगे।

उदाहरण– कण्टकम्/कण्टकः = काँटा
अनीकम्/अनीकः = सेना, समूह
सरकम्/सरकः = मद्य, मद्यपान, पानपात्र
मोदकम्/मोदकः = लड्डू
चषकम्/चषकः = मद्यपानपात्र
मस्तकम्/मस्तकः = माथा
पुस्तकम्/पुस्तकः = किताब
तडाकम्/तडाकः = तालाब
निष्कम्/निष्कः = सोना
शुष्कम्/शुष्कः = सूखा
वर्चस्कम्/वर्चस्कः = कूडा, विष्ठा
पिनाकम्/पिनाकः = शिव का धनुष
भाण्डकम्/भाण्डकः = कटोरा
पिण्डकम्/पिण्डकः = स्फोटक, फोड़ा
कटकम्/कटकः = मेखला, सेना
शण्डकम्/शण्डकः = नपुंसक
पिटकम्/पिटकः = पेटी
तालकम्/तालकः = ताला
फलकम्/फलकः = ढाल
पुलाकम्/पुलाकः = तुच्छ धान्य

सूत्र 46. ''टोपधः''

सूत्रार्थ– 'ट्' वर्ण है उपधासंज्ञक जिसका, ऐसा अकारान्त शब्द पुँल्लिङ्ग होता है।

उदाहरण– घटः = घड़ा
पटः = वस्त्र

सूत्र– 47. ''किरीट - मुकुट - ललाट - वट - विट - शृङ्गाट - कराट - लोष्टानि नपुंसके''

सूत्रार्थ– सूत्रोक्त सभी पद नपुंसकलिङ्ग में होंगे। यह 'टोपधः' सूत्र का अपवाद है। सूत्रोक्त सभी शब्द टोपध तथा अकारान्त हैं, अतः पुंस्त्व प्राप्त था। इस सूत्र के द्वारा नपुंसकत्व का विधान किया गया है।

उदाहरण– किरीटम् = मुकुट
मुकुटम् = मुकुट
ललाटम् = माथा
वटम् = बड़ का वृक्ष
विटम् = दुष्ट
शृङ्गाटम् = चतुष्पथ
लोष्टम् = मिट्टी का ढेला

सूत्र 48. ''कुट - कूट - कपट - कवाट - तर्पट - नट - निकट - कीट - कटानि नपुंसके च''

सूत्रार्थ–
- सूत्रोक्त सभी शब्द पुँल्लिङ्ग व नपुंसकलिङ्ग होते हैं।
- सूत्रोक्त सभी शब्द टोपध तथा अकारान्त हैं; इन्हें 'टोपधः' सूत्र से पुंस्त्व प्राप्त था; इस सूत्र के द्वारा विकल्प से नपुंसकत्व भी कहा गया।

उदाहरण– कुटः/कुटम् = पर्वत
कूटः/कूटम् = शिखर

कपटः/कपटम् = छल
कवाटः/कवाटम् = कपाट
तर्पटः/तर्पटम् = वर्ष
नटः/नटम् = नर्तक
निकटः/निकटम् = पास
कीटः/कीटम् = क्षुद्रजन्तु
कटः/कटम् = चटाई

सूत्र– 49. ''**णोपधः**''
सूत्रार्थ– 'ण्' वर्ण है उपधा में जिसके ऐसा अकारान्त शब्द पुँल्लिङ्ग होता है।
उदाहरण– गुणः = गुण
गणः = समूह
पाषाणः = पत्थर
पणः = शर्त

सूत्र 50. ''**ऋण - लवण - पर्ण - तोरण - रणोष्णानि नपुंसके**''
सूत्रार्थ–
- सूत्रोक्त सभी शब्द नपुंसकलिङ्ग होते हैं।
- यह 'गोपधः' सूत्र का अपवाद है। क्योंकि सूत्रोक्त सभी शब्द णोपध तथा अकारान्त हैं अतः पुंस्त्व होना चाहिए किन्तु इस सूत्र से नपुंसकत्व का विधान किया गया।

उदाहरण– ऋणम् = कर्ज
लवणम् = नमक
तोरणम् = बन्दनवार
पर्णम् = पत्ता
रणम् = युद्ध
उष्णम् = गरम

सूत्र 51. ''**कार्षापण - स्वर्ण - सुवर्ण - व्रण - चरण - वृषण - विषाण - चूर्ण - तृणानि नपुंसके च**''
सूत्रार्थ– सूत्रोक्त शब्द पुँल्लिङ्ग व नपुंसकलिङ्ग दोनों होते हैं।
उदाहरण– कार्षापणः/कार्षापणम् = एक सिक्का
स्वर्णः/स्वर्णम् = सोना
सुवर्णः/सुवर्णम् = सोना
व्रणः/व्रणम् = घाव
चरणः/चरणम् = पैर
वृषणः/वृषणम् = अण्डकोष
विषाणः/विषाणम् = सींग
चूर्णः/चूर्णम् = चूर्ण
तृणः/तृणम् = तिनका

सूत्र 52. ''**थोपधः**''
सूत्रार्थ– 'थ्' वर्ण है उपधा संज्ञक जिसका, ऐसा अकारान्त शब्द पुँल्लिङ्ग होता है।
उदाहरण– रथः = रथ
अर्थः = धन

सूत्र 53. ''**काष्ठ - पृष्ठ - सिक्थोक्थानि नपुंसके**''
सूत्रार्थ– सूत्रोक्त शब्द नपुंसकलिङ्ग होते हैं। यह 'थोपधः' सूत्र का अपवाद है।
उदाहरण– काष्ठम् = लकड़ी
पृष्ठम् = पीठ
सिक्थम् = मोम
उक्थम् = स्तोत्र

सूत्र 54. ''**काष्ठा दिगर्था स्त्रियाम्**''
सूत्रार्थ– दिशावाची 'काष्ठा' शब्द स्त्रीलिङ्ग होता है।
उदाहरण– काष्ठा = दिशा

सूत्र 55. ''**तीर्थ - प्रोथ - यूथ - गाथानि नपुंसके च**''
सूत्रार्थ– ये शब्द पुँल्लिङ्ग व नपुंसकलिङ्ग दोनों होते हैं।
उदाहरण– तीर्थः/तीर्थम् = तीर्थ/गुरु
प्रोथः/प्रोथम् = सुअर नासिका
यूथः/यूथम् = झुण्ड
गाथः/गाथम् = गीत/भजन

सूत्र 56. ''**नोपधः**''
सूत्रार्थ– 'न' वर्ण है उपधासंज्ञक जिसका, ऐसा अकारान्त शब्द पुँल्लिङ्ग होता है।
उदाहरण– इनः = स्वामी, सूर्य
केनः = झाग

सूत्र 57. ''**जघनाऽजिन - तुहिन - कानन - वन - वृजिन - विपिन - वेतन - शासन - सोपान - मिथुन - श्मशान - रत्न - निम्न - चिह्नानि - नपुंसके**''
सूत्रार्थ– सूत्रोक्त नोपध तथा अकारान्त शब्द नपुंसकलिङ्ग होते हैं। यह सूत्र 'नोपधः' का अपवाद है।
उदाहरण– जघनम् = स्त्री की कमर का अगला भाग
अजिनम् = चर्म
तुहिनम् = बर्फ/पाला
काननम् = वन
वनम् = वन
वृजिनम् = पाप
विपिनम् = जंगल

वेतनम् = वृत्ति
शासनम् = आदेश
सोपानम् = सीढ़ी
मिथुनम् = युगल
श्मशानम् = शव का दाहस्थान
रत्नम् = मणि
निम्नम् = नीच
चिह्नम् = लक्षण

सूत्र 58. **''मान - यानाभिधान - नलिन - पुलिनोद्यान शयनासनस्थानचन्दनाऽऽलान - समान - भवन - वसन - सम्भावन - विभावन - विमानानि नपुंसके च''**

सूत्रार्थ– ये नोपध तथा अकारान्त शब्द नपुंसकलिङ्ग व पुँल्लिङ्ग दोनों होते हैं।

उदाहरण– मानः/मानम् = प्रमाण
यानः/यानम् = वाहन
अभिधानः/अभिधानम् = नाम
नलिनः/नलिनम् = कमल
पुलिनः/पुलिनम् = तट
उद्यानः/उद्यानम् = उपवन
शयनः/शयनम् = पलंग
आसनः/आसनम् = पीठ
स्थानः/स्थानम् = स्थान, घर
चन्दनः/चन्दनम् = चन्दन
आलानः/आलानम् = खूँटा
समानः/समानम् = सदृश
भवनः/भवनम् = घर
वसनः/वसनम् = वस्त्र
सम्भावनः/सम्भावनम् = सम्भावना
विभावनः/विभावनम् = कल्पना
विमानः/विमानम् = देवरथ

सूत्र 59. **''पोपधः''**

सूत्रार्थ– 'प्' वर्ण है उपधा में जिसके ऐसा अकारान्त शब्द पुँल्लिङ्ग होता है

उदाहरण– यूपः = स्तम्भः
दीपः = दीपक
सर्पः = साँप
निपः = घडा

सूत्र 60. **''पापरूपोडुप - तल्प - शिल्प - पुष्प- शष्प - समीपान्तरीपाणि नपुंसके''**

सूत्रार्थ– सूत्रोक्त सभी शब्द नपुंसकलिङ्ग होते हैं।

उदाहरण– पापम् = पाप
रूपम् = सौन्दर्य
उडुपम् = नौका
तल्पम् = शय्या
शिल्पम् = कलाकौशल
पुष्पम् = फूल
शष्पम् = ताजा घास
समीपम् = पास
अन्तरीपम् = द्वीप

सूत्र 61. **''शूर्प - कुतप - कुणप - द्वीप - विटपानि नपुंसके च''**

सूत्रार्थ– सूत्रोक्त ये सभी शब्द नपुंसकलिङ्ग व पुँल्लिङ्ग दोनों होते हैं।

उदाहरण– शूर्पः/शूर्पम् = छाज
कुतपः/कुतपम् = दिन का आठवाँ भाग
कुणपः/कुणपम् = शव
द्वीपः/द्वीपम् = टापू
विटपः/विटपम् = पेड़, शाखा

सूत्र 62. **''भोपधः''**

सूत्रार्थ– 'भ्' वर्ण है उपधासंज्ञक जिसका, ऐसा अकारान्त शब्द पुँल्लिङ्ग होता है।

उदाहरण– स्तम्भः = खम्भा
कुम्भः = घड़ा

सूत्र 63. **''मोपधः''**

सूत्रार्थ– 'म्' वर्ण है उपधासंज्ञक जिसका, ऐसा अकारान्त शब्द पुँल्लिङ्ग होता है।

उदाहरण– सोमः= सोम
स्तोमः = स्तुति
भीमः = भयंकर
होमः = हवन

सूत्र 64. **''सङ्ग्राम - दाडिम - कुसुमाश्रम - क्षेम - क्षौम - होमोद्दामानि नपुंसके च''**

सूत्रार्थ– सूत्रोक्त सभी शब्द नपुंसकलिङ्ग तथा पुँल्लिङ्ग होते हैं।

उदाहरण– सङ्ग्रामः/सङ्ग्रामम् = युद्ध
दाडिमः/दाडिमम् = अनार
कुसुमः/कुसुमम् = फूल
आश्रमः/आश्रमम् = आश्रम

क्षेमः/क्षेमम् = कुशल मंगल
क्षौमः/क्षौमम् = दुकूल (रेशमीवस्त्र)
होमः/होमम् = हवन
उद्दामः/उद्दामम् = स्वतन्त्र

सूत्र 65. ''**योपधः**''
सूत्रार्थ– 'य्' वर्ण है उपधासंज्ञक जिसका, ऐसा अकारान्त शब्द पुँल्लिङ्ग होता है।
उदाहरण– समयः = काल
हयः = घोड़ा

सूत्र 66. ''**किसलय - हृदयेन्द्रियोत्तरीयाणि नपुंसके**''
सूत्रार्थ– सूत्रोक्त सभी शब्द नपुंसकलिङ्ग में होते हैं। यह 'योपधः' सूत्र का अपवाद है।
उदाहरण– किसलयम् = नया पत्ता
हृदयम् = हृदय
इन्द्रियम् = इन्द्रिय
उत्तरीयम् = प्रावार

सूत्र 67. ''**गोमय - कषाय - मलयाऽन्वयाऽव्ययानि नपुंसके च**''
सूत्रार्थ– सूत्रोक्त सभी शब्द पुँल्लिङ्ग व नपुंसकलिङ्ग दोनों होते हैं। यह 'योपधः' सूत्र का वैकल्पिक विधान करता है।
उदाहरण– गोमयः/गोमयम् = गोबर
कषायः/कषायम् = कसैला
मलयः/मलयम् = एक पर्वत
अन्वयः/अन्वयम् = वंश
अव्ययः/अव्ययम् = नित्य, अव्यय एक पद विशेष

सूत्र 68. ''**रोपधः**''
सूत्रार्थ– रेफ है उपधासंज्ञक जिसका, ऐसा अकारान्त शब्द पुँल्लिङ्ग होता है।
उदाहरण– क्षुरः = छुरा, उस्तरा
अङ्कुरः = कोंपल

सूत्र 69. ''**द्वार - अग्र - स्फार - तक्र - वक्र - वप्र - क्षिप्र - क्षुद्र - नार - तीर - कृच्छ्र - रन्ध्र - अस्त्र - श्वभ्र - भीर - गभीर - क्रूर - विचित्र - केयूर - केदार - उदार - अजस्र - शरीर - कन्दर - मन्दार - पञ्जर - अजर - जठर - अजिर - वैर - चामर - पुष्कर - गह्वर - कुहर - कुटीर - कुलीर - चत्वर - काश्मीर - नीर - अम्बर - शिशिर - तन्त्र - यन्त्र - क्षत्र - क्षेत्र - मित्र - कलत्र - चित्र - मूत्र - सूत्र - वक्त्र - नेत्र - गोत्र - अङ्गुलित्र - भलत्र - शस्त्र - शास्त्र - वस्त्र - पत्र - पात्र - छत्राणि नपुंसके**''
सूत्रार्थ– सूत्रोक्त सभी पद नपुंसकलिङ्ग होंगे। यह 'रोपधः' सूत्र का अपवाद है।
उदाहरण– द्वारम् = द्वार   अग्रम् = अगला
स्फारम् = बाहुल्य   तक्रम् = मट्ठा
वक्रम् = टेढ़ा   वप्रम् = टीला
क्षिप्रम् = मूहूर्त का 1/15वाँ अंश, शीघ्र
क्षुद्रम् = रजकण
नारम् = लोगों का समूह, ज्ञान
तीरम् = किनारा   दूरम् = दूर
कृच्छ्रम् = कठिन   रन्ध्रम् = छिद्र
अश्रम् = आँसू   श्वभ्रम् = रन्ध्र
भीरम् = पटह   गभीरम् = दुन्दुभि
क्रूरम् = उबाला हुआ चावल
विचित्रम् = विस्मय   केयूरम् = बाजूबन्द
केदारम् = आलवाल   उदरम् = पेट
अजस्रम् = निरन्तर   शरीरम् = शरीर
कन्दरम् = गुफा   मन्दारम् = मन्दारपुष्प
पञ्जरम् = पिंजरा   अजरम् = वृद्धत्वरहित
जठरम् = तोंद   अजिरम् = झोपड़ी
चामरम् = चँवर   पुष्करम् = कमल
गह्वरम् = गुफा   कुहरम् = छिद्र
कुटीरम् = झोंपडी   कुलीरम् = केंकडा
चत्वरम् = स्थण्डिवल   काश्मीरम् = केसर
नीरम् = जल   अम्बरम् = वस्त्र
शिशिरम् = एक ऋतु   तन्त्रम् = तन्तु
यन्त्रम् = यन्त्र   क्षत्रम् = क्षत्रियजाति
क्षेत्रम् = खेत   मित्रम् = मित्र
कलत्रम् = पत्नी   चित्रम् = चित्र
मूत्रम् = मूत्र   सूत्रम् = धागा
वक्त्रम् = मुख   नेत्रम् = आँख
गोत्रम् = कुल   अंगुलित्रम् = दस्ताना
शस्त्रम् = शस्त्र   शास्त्रम् = शास्त्र
वस्त्रम् = वस्त्र   पत्रम् = पत्ता
पात्रम् = पात्र   छत्रम् = आतपत्र
वैरम् = वैर

सूत्र 70. **''षोपधः''**
सूत्रार्थ– 'ष्' वर्ण उपधासंज्ञक है जिसका, ऐसा अकारान्त शब्द पुँल्लिङ्ग होता है।
उदाहरण– वृक्षः = वृक्ष
वृषः = बैल
मेषः = मेढा

सूत्र 71. **''सोपधः''**
सूत्रार्थ– 'स्' वर्ण है उपधासंज्ञक जिसका, ऐसा अकारान्त शब्द पुँल्लिङ्ग होता है।
उदाहरण– वत्सः = बच्चा
महानसः = रसोईघर
वायसः = कौआ

सूत्र 72. **''चमस - अंस - रस - निर्यास - उपवास - कार्पास - वास - मास - कास - कंस - मांसानि नपुंसके च''**
सूत्रार्थ– ये शब्द नपुंसकलिङ्ग व पुँल्लिङ्ग दोनों होते हैं।
उदाहरण– चमसः/चमसम् = चम्मच
अंसः/अंसम् = कंधा
रसः/रसम् = रस
निर्यासः/निर्यासम् = वृक्ष से प्राप्त गोंद
उपवासः/उपवासम् = व्रत
कार्पासः/कार्पासम् = कपास
वासः/वासम् = गन्ध, निवास
मासः/मासम् = महीना
कासः/कासम् = खाँसी
कंसः/कंसम् = मद्य का प्याला
मांसः/मांसम् = मांस

सूत्र 73. **''रश्मिदिवसाभिधानानि''**
सूत्रार्थ– रश्मिवाची तथा दिवसवाची शब्द पुँल्लिङ्ग होते हैं।
उदाहरण– रश्मिः, किरणः, अस्रः, मयूखः, अंशुः, गभस्तिः, घृणिः, मरीचिः,
दिवसः, वासरः, धस्रः

सूत्र 74. **''दिनाऽहनी नपुंसके''**
सूत्रार्थ– 'दिन' तथा 'अहन्' शब्द नपुंसकलिङ्ग होते हैं।

सूत्र 75. **''दाराऽक्षतलाजाऽसूनां बहुत्वं च''**
सूत्रार्थ– दारा, अक्षत तथा लाजा - शब्द पुँल्लिङ्ग होते हैं, तथा ये शब्द सदा बहुवचन में प्रयुक्त होते हैं।
उदाहरण– दाराः = पत्नी
लाजाः = खील
अक्षताः = बिना टूटे चावल

सूत्र 76. **''ऋषि - राशि - दृति - ग्रन्थि - क्रिमि - ध्वनि - बलि - कौलि - मौलि - रवि - कवि - कपि - मुनयः''**
सूत्रार्थ– सूत्रोक्त सभी शब्द पुँल्लिङ्ग होते हैं।
उदाहरण– ऋषिः = ऋषि
राशिः = राशि
दृतिः = मसक
ग्रन्थिः = गाँठ
क्रिमिः = जन्तु
ध्वनिः = ध्वनि
बलिः = बलि
मौलिः = मस्तक
रविः = सूर्य
कविः = कवि
कपिः = बन्दर
मुनिः = मुनि

सूत्र 77. **''ध्वज - गज - मुञ्ज - पुञ्जाः''**
सूत्रार्थ– सूत्रोक्त सभी शब्द पुँल्लिङ्ग होते हैं।
उदाहरण– ध्वजः = पताका
गजः = हाथी
मुञ्जः = मूँज
पुञ्जः = समूह

सूत्र 78. **''हस्त - कुन्त - अन्त - वात - व्रात - दूत - धूर्त - सूत - चूत - मुहूर्ताः''**
सूत्रार्थ– सूत्रोक्त सभी शब्द पुँल्लिङ्ग होते हैं।
उदाहरण– हस्तः = हाथ
कुन्तः = भाला
अन्तः = अन्त
वातः = वायु
व्रातः = नीच जाति
दूतः = दूत
धूर्तः = ठग
सूतः = सारथि
चूतः = आम्रवृक्ष
मुहूर्तः = कालखण्ड

सूत्र 79. **''पल्लव - पल्वल - कफ - रेफ - कटाह - निर्व्यूह - मठ - मणि - तरङ्ग - तुरङ्ग - गन्ध - स्कन्ध - मृदङ्ग - सङ्ग - समुद्गपुङ्खाः''**
सूत्रार्थ– सूत्रोक्त शब्द पुँल्लिङ्ग होते हैं।

उदाहरण– पल्लवः = किसलय
पल्वलः = सरोवर
कफः = श्लेष्मा
रेफः = रकार
कटाहः = कडाही
निर्व्यूहः = द्वार, खूँटी
मठः = छात्रावास
मणिः = रत्न
तरङ्गः = तरंग
तुङ्गः = घोडा
गन्धः = गन्ध
स्कन्धः = कन्धा
मृदङ्गः = एक वाद्य
सङ्गः = संयोग
समुद्गः = सन्दूक
पुङ्खः = बाण का वह भाग जिसमें पंख लगे होते हैं।

सूत्र 80. **''सारथि - अतिथि - कुक्षि - बस्ति - पाणि - अञ्जलयः''**
सूत्रार्थ– ये शब्द पुँल्लिङ्ग होते हैं।
उदाहरण– सारथिः = सारथि
अतिथिः = अतिथि
कुक्षिः = उदरपार्श्व
बस्तिः = मूत्राशय
पाणिः = हाथ
अञ्जलिः = करसम्पुट

नपुंसकलिङ्ग प्रकरण

सूत्र 81. **''भावे ल्युडन्तः''**
सूत्रार्थ– भाव अर्थ में विहित जो ल्युट् प्रत्यय, तदन्त शब्द नपुंसकलिङ्ग होता है।
उदाहरण– गमनम् = जाना
हसनम् = हँसना
श्रवणम् = सुनना
भक्षणम् = खाना

सूत्र 82. **''निष्ठा च''**
सूत्रार्थ– भाव अर्थ में विहित जो निष्ठासंज्ञक 'क्त' प्रत्यय, तदन्त प्रातिपदिक नपुंसकलिङ्ग होता है।
उदाहरण– हसितम्, गीतम्, विलसितम्, गतम्।

सूत्र 83. **''त्वष्यञौ तद्धितौ''**
सूत्रार्थ– भाव अर्थ में विहित जो 'त्व' तथा 'ष्यञ्' तद्धित प्रत्यय, तदन्त शब्द नपुंसकलिङ्ग होते हैं।
उदाहरण– **'त्व' - प्रत्ययान्त शब्द**– शुक्लत्वम्, निपुणत्वम्, उचितत्वम्
'ष्यञ्' प्रत्ययान्त शब्द– चातुर्यम्, नैपुण्यम्, शौक्ल्यम्,
माधुर्यम्, सौख्यम्, सामीप्यम्

सूत्र 84. **''अव्ययीभावः''**
सूत्रार्थ– अव्ययीभावसमास नपुंसकलिङ्ग होता है।
उदाहरण– यथाशक्ति = शक्ति के अनुसार
उपकृष्णम् = कृष्ण के पास
प्रत्येकम् = प्रत्येक

सूत्र 85. **''द्वन्द्वैकत्वम्''**
सूत्रार्थ– समाहार अर्थ में जो द्वन्द्व समास, वह नपुंसकलिङ्ग होगा।
उदाहरण– पाणिपादम् = हाथ और पैरों का समाहार
काकोलूकम् = काक और उलूकों का समाहार
गवाश्वम् = गायों तथा अश्वों का समाहार
शिरोग्रीवम् = शिर तथा ग्रीवा का समाहार

सूत्र 86. **''रात्राह्नाहाः पुंसि''**
सूत्रार्थ– रात्र, अह्न तथा अह– ये शब्द हैं अन्त में जिसके, ऐसा तत्पुरुष समास पुँल्लिङ्ग होता है।
उदाहरण– अपररात्रः = रात का अगला भाग
पूर्वरात्रः = रात का पूर्व का भाग
पूर्वाह्नः = दिन का पूर्व का भाग
अपराह्नः = दिन का अगला भाग
द्व्यहः = दो दिन
त्र्यहः = तीन दिन

सूत्र 87. **''सङ्ख्यापूर्वा रात्रिः''**
सूत्रार्थ– संख्या है पूर्वपद में जिसके, ऐसा द्विगु तत्पुरुष संज्ञक रात्रि शब्द नपुंसकलिङ्ग होता है।
उदाहरण– द्विरात्रम् = दो रात
त्रिरात्रम् = तीन रात
पञ्चरात्रम् = पाँच रात
नवरात्रम् = नौ रात
विशेष– 'रात्रि' शब्द को समासान्त होकर 'रात्र' बन जाता है 'संख्या' पूर्वपद में न होगा तो पुँल्लिङ्ग ही होगा जैसे– सर्वरात्रः।

सूत्र 88. **''द्विगुः स्त्रियां च व्यवस्थया''**
सूत्रार्थ– द्विगुसंज्ञक शब्द नपुंसकलिङ्ग तथा स्त्रीलिङ्ग होता है।

उदाहरण– त्रिलोकी = तीनों लोक
पञ्चमूली = पाँच मूल
पञ्चखट्वी = पाँच खाट
त्रिभुवनम् = तीनों लोक
पञ्चपात्रम् = पाँच पात्र

सूत्र 89. ''इसुसन्तः''

सूत्रार्थ– इस्-प्रत्ययान्त तथा उस्-प्रत्ययान्त शब्द नपुंसकलिङ्ग होता है।

उदाहरण– हविः = आहुति
धनुः = धनुष

सूत्र 90. ''मुख - नयन - लोह - वन - मांस - रुधिर - कार्मुक - विवर - जल - हल - धनान्नाभिधानानि''

सूत्रार्थ– सूत्रोक्त शब्द तथा इनके पर्यायवाची शब्द नपुंसकलिङ्ग होते हैं।

उदाहरण–

(क) **'मुख' के पर्याय नाम**– मुखम्, आस्यम्, वक्त्रम्, वदनम्, तुण्डम्, आननम्, लपनम्।
(ख) **'नयन' के पर्याय नाम**– नयनम्, नेत्रम्, लोचनम्, अक्षि, चक्षुः, ईक्षणम्।
(ग) **'लोह' के पर्याय नाम**– लोहम्, कालायसम्, अयः
(घ) **'वन' के पर्याय नाम**– वनम्, विपिनम्, काननम्, अरण्यम्
(ङ) **'मांस' के पर्याय नाम**– मांसम्, आमिषम्, पिशितम्, कव्यम्, पललम्
(च) **'रुधिर' के पर्याय नाम**– रुधिरम्, रक्तम्, शोणितम्, क्षतजम्।
(छ) **'कार्मुक' के पर्याय नाम**– कार्मुकम्, चापम्, धनुः, शरासनम्।
(ज) **'विवर' के पर्याय नाम**– विवरम्, रन्ध्रम्, श्वभ्रम्, बिलम्।
(झ) **'जल' के पर्याय नाम**– जलम्, नीरम्, अम्बु, तोयम्, वारि, पयः, सलिलम्, अर्णः।
(ञ) **'हल' के पर्याय नाम**– हलम्, लाङ्गलम्, गोदारणम्
(ट) **'धन' के पर्याय नाम**– धनम्, वित्तम्, द्रविणम्, निधानम्
(ठ) **'अन्न' के पर्याय नाम**– अन्नम्, अशनम्, भक्ष्यम्।

सूत्र 91. ''अटवी स्त्रियाम्''

सूत्रार्थ– 'अटवी' शब्द स्त्रीलिङ्ग में प्रयुक्त होता है, यह शब्द वनवाची है, अतः पूर्वसूत्र से नपुंसकत्व प्राप्त था।

सूत्र 92. ''लोपधः''

सूत्रार्थ– 'ल्' वर्ण है उपधासंज्ञक जिसका, ऐसा अकारान्त शब्द नपुंसकलिङ्ग होता है।

उदाहरण– कुलम् = वंश
कूलम् = तट
स्थलम् = स्थल
मूलम् = मूल

सूत्र 93. ''तूल - उपल - ताल - कुसूल - तरल - कम्बल देवल - वृषलाः पुंसि''

सूत्रार्थ– सूत्रोक्त ये शब्द पुँल्लिङ्ग होते हैं।
सूत्रोक्त सभी शब्द लोपध तथा अकारान्त हैं; अतः इन्हें 'लोपधः' सूत्र से नपुंसकत्व प्राप्त था। यह पूर्वसूत्र का अपवाद है।

उदाहरण– तूलः = रुई
उपलः = रत्न
तालः = एक वृक्ष
कुसूलः = कोठला
तरलः = हार का मध्यमणि
कम्बलः = कम्बल
देवलः = एक महर्षि
वृषलः = नीच

सूत्र 94. ''शील - मूल - मङ्गल - साल - कमल - तल - मुसल - कुण्डल - पलल - मृणाल - बाल - निगल - पलाल - बिडाल - खिल - शूलाः पुंसि च''

सूत्रार्थ– सूत्रोक्त ये शब्द पुँल्लिङ्ग तथा नपुंसकलिङ्ग होते हैं। सूत्रोक्त सभी शब्द लोपध तथा अकारान्त हैं, अतः इन्हें 'लोपधः' से नपुंसकत्व प्राप्त था; यहाँ पुंस्त्व भी कह दिया गया।

उदाहरण– शीलः/शीलम् = स्वभाव
मूलः/मूलम् = मूल
मङ्गलः/मङ्गलम् = शुभ
सालः/सालम् = एक वृक्ष
कमलः/कमलम् = एक पुष्प
तलः/तलम् = ऊपरी भाग
मुसलः/मुसलम् = मूसल
कुण्डलः/कुण्डलम् = कर्णाभूषण
पललः/पललम् = मांस
मृणालः/मृणालम् = कमलनाल

बालः/बालम् = बाल
निगलः/निगलम् = निगड़
पलालः/पलालम् = काण्ड, नाल
बिडालः/बिडालम् = बिलाव (बिलार)
खिलः/खिलम् = परिशिष्टांश
शूलः/शूलम् = आयुध, तीव्र वेदना

सूत्र 95. ''शतादिः सङ्ख्या''
सूत्रार्थ– संख्यावाचक शत आदि शब्द नपुंसकलिङ्ग होते हैं।
उदाहरण– शतम् = सौ
सहस्रम् = हजार

सूत्र 96. ''लक्षाकोटी स्त्रियाम्''
सूत्रार्थ– संख्यावाची 'लक्ष' तथा 'कोटि' शब्द स्त्रीलिङ्ग होते हैं।
उदाहरण– लक्षा = लाख
कोटिः = करोड

सूत्र 97. ''शङ्कुः पुंसि च''
सूत्रार्थ– संख्यावाची 'शङ्कु' शब्द पुँल्लिङ्ग होता है।
उदाहरण– शङ्कुः = दस करोड़

सूत्र 98. ''नामरोमणी नपुंसके''
सूत्रार्थ– 'मन्' प्रत्ययान्त, दो अच् वाले 'नामन्' तथा 'रोमन्' शब्द नपुंसकलिङ्ग होते हैं।
उदाहरण– नाम = नाम
रोम = रोम

सूत्र 99. ''असन्तोद्व्यच्कः''
सूत्रार्थ– 'अस्' प्रत्ययान्त दो अच् वाला प्रातिपदिक, वह नपुंसकलिङ्ग होता है।
उदाहरण– पयस् - पयः = दूध
तपस् - तपः = तपस्या
यशस् - यशः = यश, कीर्ति
तेजस् - तेजः = तेज
मनस् - मनः = मन
वर्चस् - वर्चः = तेज

विशेष– 'चन्द्रमस्' शब्द 'अस्' - प्रत्ययान्त तो है परन्तु दो अच् वाला न होने से नपुंसकत्व नहीं हुआ। यथा– चन्द्रमस् - चन्द्रमाः = चन्द्रमा (पु0)

सूत्र 100. ''अप्सराः स्त्रियाम्''
सूत्रार्थ– 'असु' प्रत्ययान्त जो 'अप्सरस्' शब्द, वह स्त्रीलिङ्ग होता है।
उदाहरण– अप्सराः = देवांगना

सूत्र 101. ''त्रान्तः''
सूत्रार्थ– 'त्र' प्रत्ययान्त के अकारान्त प्रातिपदिक, वह नपुंसकलिङ्ग होता है।
उदाहरण– पत्रम् = पत्ता
छत्रम् = छाता
दात्रम् = हँसिया
नेत्रम् = आँख
शस्त्रम् = शस्त्र
योत्रम् = रस्सी
योक्त्रम् = रस्सी
तोत्रम् = आर
स्तोत्रम् = स्तुति
सेत्रम् = बेड़ी
सेक्त्रम् = डोलची
मेढ्रम् = लिङ्ग

सूत्र 102. ''यात्रा - मात्रा - भस्त्रा - दंष्ट्रा - वरत्राः स्त्रियामेव''
सूत्रार्थ– 'त्र' - प्रत्ययान्त यात्रा, मात्रा, भस्त्रा, दंष्ट्रा, तथा वरत्रा शब्द स्त्रीलिङ्ग ही होते हैं। यह 'त्रान्तः' सूत्र का अपवाद है।
उदाहरण– यात्रा = यात्रा
मात्रा = मात्रा
भस्त्रा = धौंकनी
दंष्ट्रा = दाढ
वरत्रा = चर्मपेटिका जो अश्व आदि पशुओं की छाती के नीचे बाँधी जाती है।

सूत्र 103. ''भृत्र - अमित्र - छात्र - पुत्र - मन्त्र - वृत्र - मेढ्र - उष्ट्राः पुंसि''
सूत्रार्थ– सूत्रोक्त 'त्र' प्रत्ययान्त शब्द पुँल्लिङ्ग होते हैं। इन्हें 'त्रान्तः' सूत्र से नपुंसकत्व प्राप्त था।
उदाहरण– भृत्रः = पालक
अमित्रः = शत्रु
छात्रः = छात्र
पुत्रः = पुत्र
मन्त्रः = ईश्वरवचन
वृत्रः = मेघ
मेढ्रः = पुरुष (इन्द्रिय)
उष्ट्रः = ऊँट

सूत्र 104. ''पत्र - पात्र - पवित्र - सूत्र - छत्राः पुंसि च''
सूत्रार्थ– सूत्रोक्त शब्द पुँल्लिङ्ग तथा नपुंसकलिङ्ग होते हैं।

उदाहरण– पत्रः/पत्रम् = पत्ता, पंख, वाहन
पात्रः/पात्रम् = पात्र, भाजन, अर्ह
पवित्रः/पवित्रम् = शुद्ध
सूत्रः/सूत्रम् = यज्ञोपवीत
छत्रः/छत्रम् = छाता, कुकुरमुत्ता

सूत्र 105. ''बल - कुसुम - शुल्ब - पत्तन - रण - अभिधानानि''

सूत्रार्थ– बल, कुसुम, शुल्ब, पत्तन तथा रण – ये शब्द तथा इनके वाचक शब्द नपुंसकलिङ्ग होते हैं।

उदाहरण– **(क) 'बल' के पर्याय नाम**– बलम्, द्रविणम्, तरः, सहः, शौर्यम्, शुष्मम्
(ख) 'कुसुम' के पर्याय नाम – कुसुमम्, पुष्पम्, प्रसूनम्
(ग) 'शुल्ब' के पर्याय नाम– शुल्बम्, ताम्रकम्, म्लेच्छमुखम्, उदुम्बरम्
(घ) 'पत्तन' के पर्याय नाम– पत्तनम्, नगरम्
(ङ) 'रण' के पर्याय नाम– युद्धम्, आयोधनम्, जन्यम्, प्रधनम्, मृधम्, आस्कन्दनम्, सङ्ख्यम्, समीकम्, साम्परायिकम्।

सूत्र 106. ''फलजातिः''

सूत्रार्थ– फलवाची शब्द नपुंसकलिङ्ग होता है।

उदाहरण– आमलकम् = आँवले का फल
आम्रम् = आम्र का फल

सूत्र 107. ''वियत् - जगत् - सकृत् - शकन् - पृषत् - शकृद् - यकृत् - उदश्वितः''

सूत्रार्थ– सूत्रोक्त शब्द नपुंसकलिङ्ग होते हैं।

उदाहरण– वियत् = आकाश
जगत् = संसार
सकृत् = एकबार
शकन् = गोबर
पृषत् = बिन्दु
शकृत् = विष्ठा
यकृत् = जिगर
उदश्वित् = लस्सी

सूत्र 108. ''नवनीत - अवतान - अनृत - अमृत - निमित्त - वित्त - चित्त - पित्त - व्रत - रजत - वृत्त - पलितानि''

सूत्रार्थ– सूत्रोक्त सभी शब्द नपुंसकलिङ्ग होते हैं।

उदाहरण– नवनीतम् = मक्खन
अवतानम् = फैलाव
अनृतम् = झूठ
अमृतम् = अमृत
निमित्तम् = शकुन
वित्तम् = धन
चित्तम् = चित्त
पित्तम् = पित्त
व्रतम् = व्रत
रजतम् = चाँदी
वृत्तम् = वर्तुल
पलितम् = बालों की सफेदी

सूत्र 109. ''श्राद्ध - कुलिश - दैव - पीठ - कुण्ड - भाण्ड - अङ्क - अङ्ग - दधि - सक्थि - अक्षि - आस्य - आस्पद - आकाश - कण्व - बीजानि''

सूत्रार्थ– सूत्रोक्त सभी शब्द नपुंसकलिङ्ग होते हैं।

उदाहरण– श्राद्धम् = श्राद्ध
कुलिशम् = वज्र
दैवम् = भाग्य
पीठम् = कुशासन
कुण्डम् = भिक्षापात्र
भाण्डम् = पात्र
अङ्कम् = गोद, चिह्न
अङ्गम् = अंग
दधि = दही
सक्थि = जंघा, हड्डी
अक्षि = आँख
आस्यम् = मुख
आस्पदम् = स्थान
आकाशम् = आकाश
कण्वम् = निर्मलीफल
बीजम् = बीज

सूत्र 110. ''धान्य - आज्य - सस्य - रुप्य - कुप्य - पण्य - वर्ण्य - धृष्य - हव्य - कव्य - काव्य - सत्य - अपत्य - मूल्य - शिक्य - कुड्य - मद्य - हर्म्य - तूर्य - सैन्यानि''

सूत्रार्थ– सूत्रोक्त शब्द नपुंसकलिङ्ग होते हैं।

उदाहरण– धान्यम् = अनाज
आज्यम् = घी

सस्यम् = कृषि
रुप्यम् = रजत
कुप्यम् = धातु
पण्यम् = विक्रेय
वर्ण्यम् = केसर
धृष्यम् = स्थान
हव्यम् = हवि
कव्यम् = बलि अन्न
काव्यम् = काव्य
सत्यम् = सत्य
अपत्यम् = सन्तति/सन्तान
मूल्यम् = मूल्य
शिक्यम् = छिक्का
कुड्यम् = भित्ति
मद्यम् = शराब, मदिरा
हर्म्यम् = महल
तूर्यम् = मृदंग
सैन्यम् = सेना

सूत्र 111. **''द्वन्द्व - बर्ह - दुःख - बडिश - पिच्छ - बिम्ब - कुटुम्ब - कवच - वर - शर - वृन्दारकाणि''**

सूत्रार्थ– सूत्रोक्त सभी शब्द नपुंसकलिङ्ग होते हैं।

उदाहरण– द्वन्द्वम् = कलह
बर्हम् = मयूरपुच्छ
दुःखम् = दुःख
बडिशम् = मछली काँटा
पिच्छम् = मोर का चँदा
बिम्बम् = प्रतिच्छाया
कुटुम्बम् = परिवार
कवचम् = कवच
वरम् = श्रेष्ठ
शरम् = जल
वृन्दारकम् = देवता, श्रेष्ठ

स्त्रीलिङ्ग-पुँल्लिङ्ग-प्रकरण

सूत्र 112. **''गो - मणि - यष्टि - मुष्टि - पाटलि - वस्ति - शाल्मलि - त्रुटि - मसि - मरीचयः''**

सूत्रार्थ– सूत्रोक्त ये शब्द स्त्रीलिङ्ग व पुँल्लिङ्ग दोनों होते हैं।

उदाहरण– गौः = बैल, गाय
मणिः = रत्न
यष्टिः = लाठी
मुष्टिः = मुट्ठी
पाटलिः = श्वेत रक्त पुष्प विशेष
वस्तिः = मूत्राशय
शाल्मलिः = सेमल
त्रुटिः = मात्रा, कण
मसिः/मषी = स्याही
मरीचिः = किरण

सूत्र 113. **''मृत्यु - सीधु - कर्कन्धु - किष्कु - कण्डु - रेणवः''**

सूत्रार्थ– सूत्रोक्त सभी शब्द स्त्रीलिङ्ग तथा पुँल्लिङ्ग दोनों होते हैं–

उदाहरण– मृत्युः = मृत्यु
सीधुः = मदिरा
कर्कन्धुः = बदरी
किष्कुः = प्रकोष्ठ
कण्डुः = खुजली
रेणुः = धूलि

सूत्र 114. **''गुणवचनमुकारान्तं नपुंसकं च''**

सूत्रार्थ– गुणवाची जो उकारान्त शब्द, वह तीनों लिङ्गों में होता है।

उदाहरण– 1. अयं पटुः 2. इदं पटु 3. इयं पट्वी = चतुर

सूत्र 115. **''अपत्यार्थस्तद्धिते''**

सूत्रार्थ– तद्धित प्रकरण में विहित जो अपत्यार्थक प्रत्यय, तदन्त प्रातिपदिक पुँल्लिङ्ग तथा स्त्रीलिङ्ग दोनों होते हैं।

उदाहरण– औपगवः = उपगु का पुत्र
औपगवी = उपगु की कन्या

जरत्कारवः = जरत्कारु का पुत्र
जरत्कारवी = जरत्कारु की कन्या

कापटवः = कपटु का पुत्र
कापटवी = कपटु की कन्या

पुँल्लिङ्ग नपुंसकलिङ्ग प्रकरण

सूत्र 116. **''शृङ्ग - अघ - निदाघ - उद्यम - शल्य- दृढाः''**

सूत्रार्थ– सूत्रोक्त सभी शब्द पुँल्लिङ्ग तथा नपुंसकलिङ्ग दोनों होते हैं।

उदाहरण– शृङ्गः/शृङ्गम् = सींग
अघः/अधम् = पाप, दुःख, कष्ट
निदाघः/निदाघम् = ग्रीष्म
उद्यमः/उद्यमम् = श्रम
शल्यः/शल्यम् = काँटा
दृढः/दृढम् = स्थिर

सूत्र 117. ''व्रज - कुञ्ज - कुथ - कूर्च - प्रस्थ - दर्प - अर्भ - अर्ध - दर्भ - पुच्छाः''

सूत्रार्थ– सूत्रोक्त सभी शब्द पुँल्लिङ्ग तथा नपुंसकलिङ्ग दोनों होते हैं।

उदाहरण– व्रजः/व्रजम् = गोष्ठ, समूह
कुञ्जः/कुञ्जम् = लतागृह
कुथः/कुथम् = हाथी की शोभा के लिए चित्रित वस्त्र
कूर्चः/कूर्चम् = गुच्छा, दाढी
प्रस्थः/प्रस्थम् = पर्वत शिखर
दर्पः/दर्पम् = घमण्ड
अर्भः/अर्भम् = बच्चा
अर्धर्चः/अर्धर्चम् = अर्धऋचा
दर्भः/दर्भम् = कुशा
पुच्छः/पुच्छम् = पूँछ

सूत्र 118. ''कबन्ध - औषध - आयुध - अन्ताः''

सूत्रार्थ– सूत्रोक्त शब्द पुँल्लिङ्ग तथा नपुंसकलिङ्ग दोनों होते हैं।

उदाहरण– कबन्धः/कबन्धम् = जल, सिर कटा धड़
औषधः/औषधम् = औषधि/दवा
आयुधः/आयुधम् = शस्त्र
अन्तः/अन्तम् = समाप्ति

सूत्र 119. ''दण्ड - मण्ड - खण्ड - शव - सैन्धव - पार्श्व - आकाश - कुश - काश - अङ्कुश - कुलिशाः''

सूत्रार्थ– सूत्रोक्त सभी शब्द पुँल्लिङ्ग तथा नपुंसकलिङ्ग दोनों होते हैं।

उदाहरण– दण्डः/दण्डम् = लाठी
मण्डः/मण्डम् = मॉड
खण्डः/खण्डम् = भाग
शवः/शवम् = मुर्दा
सैन्धवः/सैन्धवम् = घोड़ा/नमक
पार्श्वः/पार्श्वम् = पास
आकाशः/आकाशम् = आकाश
कुशः/कुशम् = एक घास विशेष
काशः/काशम् = एक घास विशेष
अङ्कुशः/अङ्कुशम् = अंकुश
कुलिशः/कुलिशम् = वज्र

सूत्र 120. ''गृह - मेह - देह - पट्ट - पटह - अष्टापद - अम्बुद - ककुदाश्च''

सूत्रार्थ– सूत्रोक्त शब्द पुँल्लिङ्ग व नपुंसकलिङ्ग दोनों होते हैं।

उदाहरण– गृहः/गृहम् = घर
मेहः/मेहम् = प्रमेहरोग
देहः/देहम् = शरीर
पट्टः/पट्टम् = पीठ
पटहः/पटहम् = नगाड़ा
अष्टापदः/अष्टापदम् = स्वर्ण
अम्बुदः/अम्बुदम् = बादल
ककुदः/ककुदम् = बैल का कुहीन, श्रेष्ठ, प्रधान

अविशिष्टलिङ्ग-प्रकरणम्

सूत्र 121. ''अव्ययं कतियुष्मदः''

सूत्रार्थ– अव्ययसंज्ञक 'कति' तथा 'युष्मद्' शब्द अविशिष्टलिङ्ग (सभी लिङ्गों) में होते हैं।

- 'कति' शब्द 'यति' तथा 'तति' शब्दों का उपलक्षण है।
- 'युष्मद्' शब्द 'अस्मद्' का उपलक्षण है।

उदाहरण– **(क) अव्ययशब्दाः**–श्वः, उच्चैः, शनैः, सम्प्रति, नीचैः।
(ख) (i) कति–कति पुरुषाः, कति स्त्रियः, कति फलानि
(ii) यति–यति बालकाः, यति बालिकाः, यति फलानि
(iii) तति–तति बालकाः, तति बालिकाः, तति पुष्पाणि
(ग) (i) युष्मद् – यूयं बालकाः, यूयं कन्याः
(ii) अस्मद् – वयं बालकाः, वयं कन्याः

सूत्र 122. ''ष्णान्ता सङ्ख्या''

सूत्रार्थ– षकारान्त और नकारान्त जो संख्यावाची शब्द, वह अविशिष्टलिङ्ग (सभी लिङ्ग) में होते हैं।

उदाहरण– **(क) षष्** – षकारान्त सङ्ख्या– षट् बालकाः, षट् बालिकाः, षट् पुस्तकानि।
(ख) पञ्चन्– नकारान्त सङ्ख्या – पञ्च बालकाः, पञ्च बालिकाः, पञ्च पुस्तकानि

सूत्र 123. ''गुणवचनं च''

सूत्रार्थ– गुणवाची शब्द विशेष्य के लिङ्ग और वचन का अनुसरण करते हैं।

उदाहरण– (क) शुक्लः पटः, शुक्ला पटी, शुक्लं पटम्।
(ख) चतुरः बालः, चतुरा बाला, चतुरं मित्रम्।

सूत्र 124. ''कृत्याश्च''

सूत्रार्थ– कृत्यसंज्ञक जो प्रत्यय, तदन्त शब्द अविशिष्टलिङ्ग (सभी लिङ्ग) में होते हैं।

उदाहरण– **(क) कर्तरि कृत्याः**– (i) गेयः गेया, गेयम्, (ii) पाठकः, पाठिका, पाठकम्
(ख) कर्मणि कृत्याः– (i) गन्तव्यः ग्रामः, गन्तव्या नगरी, गन्तव्यं नगरम्, (ii) पठनीयः, पठनीया, पठनीयम्

सूत्र 125. ''सर्वादीनि सर्वनामानि''

सूत्रार्थ– सर्वनामसंज्ञक 'सर्व' आदि शब्द अविशिष्टलिङ्ग में होते हैं।

उदाहरण– (i) सर्वः, सर्वा, सर्वम्, (ii) अयम्, इयम्, इदम्, (ii) सः, सा, तत्, (iv) कः, का, किम् आदि।